www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -206 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



समाज को बदलने का शिक्षा सबसे प्रभावशाली तंत्र : धनखड़ 02

■ सिसोदिया की जमानत खारिज होने का फैसला...
■ धागों से तैयार अनूठी चित्रकारी ने मोहा लोगों का मन 03

■ आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एमेच्योर रेडियो ...
■ स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचाने के... 08

मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी : मोनिका खन्ना 10

## सार संक्षेप

### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति कथित घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस वीएन भट्टी की पीठ ने श्री सिसोदिया की दलीलें खारिज करते हुए उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 17 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### आरबीआई ने गुजरात में 3 बैंकों पर जुर्माना लगाया



**मुंबई।** आरबीआई ने अपने परिचालन के संचालन में आधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए गुजरात में तीन सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। इनमें उमा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वडोदरा पर 7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह, गुजरात के बनासकांठा में शिहोरी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। खेड़ा जिले में पिज पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पिज पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

### दिवाली से पहले ही खराब हो रही आबो-हवा



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और नोएडा में प्रदूषण का स्तर दिवाली से पहले ही खतरनाक जोन में पहुंच गया है। इसके आने वाले दिनों में और ज्यादा खतरनाक होने का अनुमान है। नोएडा का वायु गुणवत्ता सूचकांक सोमवार शाम 4 बजे के बाद 302 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 334 अंक दर्ज हुआ है, जोकि बहुत खराब रेड जोन श्रेणी में आता है।

### कतर में सजा पाए भारतीयों के परिवार से मिले जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कतर में मौत की सजा पाये आठ भारतीयों के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी रिहाई के लिए हरसंभव प्रयास करना जारी रखेगी। डॉ जयशंकर ने कहा कि सरकार इस मामले को प्राथमिकता दे रही है तथा उनके परिवारों की चिंताओं और दर्द में सहभागी है।

### इजरायली सैनिकों ने गाजा में जमीनी कार्रवाई तेज की

**यरूशलम।** इजरायली सैनिकों ने गाजा पट्टी में जमीनी अभियान तेज कर दिया है। तटीय क्षेत्र में हमास के आतंकवादियों के साथ संघर्ष के दौरान, आईडीएफ सैनिकों ने दर्जनों लोगों को मार डाला, जिन्होंने सैनिकों पर हमला करने का प्रयास किया था।

---

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने दिया जवाब

# चुनावी चंदे का स्रोत जानने का जनता को अधिकार नहीं


■ किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करता चुनावी बॉन्ड ■ चुनावी बॉन्ड को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड की याचिका पर सुनवाई से पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि पब्लिक को इन फंड का स्रोत जानने का संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान नहीं किया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष 31 अक्टूबर की सुनवाई से पहले वेंकटरमणी ने कहा यह योजना किसी भी व्यक्ति के किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायिक समीक्षा बेहतर या अलग उपाय सुझाने के उद्देश्य से राज्य की नीतियों की समीक्षा के बारे में नहीं है। उन्होंने कहा कि 2003 में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले में उम्मीदवारों को अपने आपराधिक इतिहास की घोषणा करने का निर्देश दिया गया था ताकि मतदाताओं को एक सूचित विकल्प चुनने में सक्षम बनाया जा सके।

किसी उम्मीदवार के आपराधिक इतिहास को जानने का अधिकार, जो किसी उम्मीदवार की पसंद के लिए उपयोगिता और प्रासंगिक हो सकता है, न तो मौजूदा मामले से तुलना की जा सकती है और न ही कुछ भी और सब कुछ जानने का सामान्य अधिकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड पॉलिसी फंड देने वालों की प्राइवेसी का का लाभ देती है। यह किसी भी मौजूदा अधिकार का उल्लंघन नहीं करता है। योजना के प्रावधानों के मुताबिक, चुनावी बॉन्ड भारत के किसी भी नागरिक या भारत में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदे जा सकते हैं। एक व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है।





### 5 जजों की संविधान पीठ करेगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ राजनीतिक दलों को चंदे के लिए चुनावी बॉन्ड योजना की वैद्यता को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करने वाली है। चुनावी बॉन्ड योजना 2 जनवरी 2018 को अधिसूचित किया गया था। इसे चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को नकद चंदे के विकल्प के रूप में पेश किया गया था।

---

शिवसेना विधायकों की अयोग्यता का मामला

# विधानसभा अध्यक्ष 31 दिसम्बर तक करें निपटारा

■ महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश
■ एनसीपी की याचिका पर 31 जनवरी तक करें फैसला

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कहा कि वह अपने समक्ष लंबित मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर 31 दिसंबर 2023 तक अंतिम आदेश पारित करें। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को और समय देने से इनकार करते हुए कहा कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत कार्यवाही में देरी के लिए प्रक्रियात्मक उलझनों की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और आठ अन्य सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से संबंधित लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर भी निर्णय लेने के लिए 31 जनवरी 2024 की समय सीमा तय की।

#### पहले भी शीघ्र फैसला लेने को कहा था

शीर्ष अदालत ने कहा कि वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा अलग अलग दायर याचिकाओं पर अगली सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में करेगी। इसके पहले भी अदालत अध्यक्ष से शीघ्र कोई फैसला करने को कहा था। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने जून 2022 में पार्टी से बगावत की थी।

---

हाईकोर्ट में इंडिया गठबंधन पर आयोग का जवाब

# राजनीतिक गठबंधन को नियंत्रित नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि आयोग के पास 'राजनीतिक गठबंधन' को विनियमित करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग ने 26 सदस्यीय गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर जवाब दिया। आयोग ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि राजनीतिक दलों के गठबंधन को रेगुलेट करने के लिए भारत के संविधान से उसे अधिकार नहीं मिले हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि उसके पास चुनाव कराने और राजनीतिक दल के रूप में संस्थाओं को पंजीकृत करने की शक्ति है। हालांकि, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम या भारतीय संविधान के तहत 'राजनीतिक गठबंधन' को 'विनियमित संस्थाओं' के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है। अदालत के सवाल पर निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि उसका उत्तर उसकी भूमिका तक ही सीमित है। आयोग ने कहा कि उसके जवाब 'संक्षिप्त नाम इंडिया के उपयोग की वैधता पर उसकी 'अभिव्यक्ति' के रूप में नहीं माना जा सकता है। अधिवक्ता सिद्धांत के माध्यम से दायर हलफनामे में कहा गया, भारत के संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है।

गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने को दी गई है चुनौती





---

इजरायल-हमास संघर्ष में सोनिया ने मोदी सरकार के रवैए पर उठाए सवाल

# मतदान में भारत की गैर हाजिरी पर घेरा

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ एक प्रस्ताव लेकर आया था। इस प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान भारत गैर हाजिर रहा। भारत के इस रवैये की कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने निंदा की है। सोमवार को उन्होंने एक लेख में लिखा, कांग्रेस वोटिंग के दौरान भारत के गैर-हाजिर रहने का कड़ा विरोध करती है, इजरायल फिलिस्तीन के उन लोगों से उस हमले के लिए बदला ले रहा है, जिससे उनका कोई मतलब नहीं है। उसने गाजा पट्टी को डेढ़ दशक से खुली जेल बना दिया है। यह ऐसा समय है, जब मानवता की परीक्षा हो रही है। इजरायल-फिलिस्तीन पर कांग्रेस का रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि न्याय के बिना शांति नहीं हो सकती। 'कांग्रेस यूएन के उस प्रस्ताव पर मतदान के दौरान भारत की अनुपस्थिति का कड़ा विरोध करती है, जिसमें गाजा में इजरायली बलों और हमास के बीच 'तत्काल, टिकाऊ और निरंतर मानवीय संघर्ष विराम के लिए शत्रुता को समाप्त करने का आह्वान किया गया था।



■ न्याय के बिना शांति नहीं हो सकती
■ मतदान के दौरान भारत रहा था गैरहाजिर

### सभ्य दुनिया में हिंसा का कोई स्थान नहीं

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने कहा, इजरायल के लिए अभूतपूर्व, अप्रत्याशित यह हमला विनाशकारी था। कांग्रेस का दृढ़ता से मानना है कि सभ्य दुनिया में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और अगले ही दिन हमने हमास के हमलों की स्पष्ट रूप से निंदा की। सोनिया गांधी ने कहा कि यह त्रासदी गाजा में और उसके आसपास इजरायली सेना के अंधाधुंध अभियानों के कारण और बढ़ गई है, जिसके चलते बड़ी संख्या में निर्दोष बच्चों, महिलाओं और पुरुषों सहित हजारों लोगों की मौत हो गई है।'

---

# ट्रेनों की टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हुई

**विशाखापट्टनम,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में दो यात्री ट्रेनों के बीच टक्कर में मरने वालों की संख्या 14 हो गई है, जबकि 50 से ज्यादा यात्री घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विशाखापट्टनम-पलासा यात्री ट्रेन के चार डिब्बे रविवार को कोठावलासा 'मंडल' (ब्लॉक) में कंटाकपल्ली जंक्शन के पास विशाखापट्टनम-रायगड़ा यात्री ट्रेन से टकरा जाने के बाद पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह दुर्घटना ईस्ट कोस्ट रेलवे जोन के वाल्टेयर डिवीजन के विजयनगरम-कोथावलसा रेलवे सेक्शन में अलामंदा और कंटाकपल्ली के बीच शाम करीब 7 बजे हुई।

यह दुर्घटना तब हुई जब विशाखापट्टनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन सिग्नल का इंतजार करते समय सिग्नल को पार कर विशाखापट्टनम-पलासा पैसेंजर ट्रेन से पीछे से टकरा गई। पटरी से उतरे दो डिब्बे बगल की पटरी पर एक मालगाड़ी पर गिर गए। टक्कर में प्रभावित डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को विजयनगरम और विशाखापट्टनम के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य अभी भी जारी है। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। विशाखापट्टनम-रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन के सिग्नल ओवरशूटिंग के कारण टक्कर हुई। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना का संभावित कारण मानवीय भूल है। स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने बचाव और राहत अभियान चलाया। दुर्घटनास्थल पर अंधेरा था, जिससे बचाव कार्य मुश्किल हो गया था।



■ आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले में हुई थी दुर्घटना

आंध्र प्रदेश रेल हादसे पर बोले खड़गे

### सुरक्षा के दावे हवा में उड़ गए



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने आंध्रप्रदेश में हुए रेल हादसे को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने हवा कहा कि रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाने में जो उत्साह दिखाया जाता है,उसे रेलवे की सुरक्षा और रेलयात्रियों की भलाई में भी दिखाया जाना चाहिए। सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए खडगे ने कहा,आंध्रप्रदेश के विजयनगरम जिले में रेलगाडी के पटरी पर उतरने की घटना को जानकर बहुत दुख हुआ। इस हादसे में कई अनमोल जानें चली गई और कई लोग घायल हो गए। उन्होंने पीडित परिवारों की प्रति संवेदना जताई। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वासथ होने की कामना की। इसके साथ ही खडगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ से लोगो ही हर संभव मदद करने की अपील की।

---

मराठा आरक्षण समर्थक हुए उग्र

# दो विधायकों के घर कार्यालय पर भी हमला



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की सियासत गरम है। सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रांकापा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी। पुलिस ने आरोप लगाया कि इस घटना के कुछ देर बाद ही कार्यकर्ताओं बीड जिले में माजलगांव नगर परिषद भवन की पहली मंजिल को भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की।

उन्होंने बताया कि लकड़ी के डंडों से लैस मराठा आरक्षण समर्थकों ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के गंगापुर में भाजपा विधायक प्रशांत बांब के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। दोनों घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विधायक सोलंकी के आवास में आग लगाने के बाद आरक्षण कार्यकर्ताओं का एक समूह पराली रोड स्थित माजलगांव नगर परिषद भवन में गया और तोड़फोड़ शुरू कर दी। यह घटना मुंबई से चार सौ किलोमीटर से ज्यादा दूर माजलगांव में दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं का समूह लकड़ी के डंडों और पत्थरों से लैस था और खिड़कियों को क्षतिग्रस्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि तोड़फोड़ करने वाले लोग इमार की पहली मंजिल पर गए और उसमें आग लगा दी, जिससे वहां का फर्नीचर जलकर खाक हो गया।

नगरपालिका भवन को किया आग के हवाले

---

आतंकी हिंसा व घुसपैठ से थर्राने लगा कश्मीर

# उप्र के श्रमिक की गोली मार कर हत्या

**जम्मू,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछले 24 घंटों में आतंकियों के दो हमलों में उत्तर प्रदेश के एक श्रमिक की मौत हो गई है और एक पुलिस इंस्पेक्टर अभी भी वेंटिलेटर पर है। जबकि पिछले एक पखवाड़े से प्रदेश आतंकी हिंसा और घुसपैठ की कोशिशों से थर्राने लगा है। पुलिस ने बताया कि आतंकियों ने पुलवामा के नौपोरा में यूपी के उन्नाव के रहने वाले श्रमिक मुकेश कुमार को आज दोपहर को गोली मार दी। उसे घायलावस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुकेश कुमार कुछ अरसा पहले रोजी रोटी की तलाश में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद कश्मीर आया था। 24 घंटों के भीतर कश्मीर में यह दूसरा आतंकी हमला था। कल दोपहर को ही राजधानी शहर श्रीनगर में एक खेल के मैदान में क्रिकेट खेल रहे जम्मू कश्मीर पुलिस के इंस्पेक्टर मसरूर वानी को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। पुलिस के अनुसार, वे अभी भी जिन्दगी और मौत से जूझ रहे हैं और वेंटिलेटर पर हैं। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी गुट टीआरएफ ने ली थी। पुलिस का दावा है कि एलओसी पर भी घुसपैठ की घटनाएं बढ़ गई हैं और खुफिया अधिकारियों का कहना था कि कुछ आतंकी घुसपैठ करने में कामयाब हुए हैं।

■ रविवार को भी हुआ था इंस्पेक्टर पर हमला

---

# विश्व कप में अफगानिस्तान ने दर्ज की तीसरी जीत

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान ने विश्वकप 2023 में तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने सोमवार को 1996 की विश्व चैंपियन श्रीलंका को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान इस सीजन में अब तक 3 पूर्व चैंपियन टीमों को हरा चुका है। इससे पहले टीम ने पाकिस्तान और इंग्लैंड को भी मात दी थी। अब अफगानिस्तान के 6 मैचों में 6 अंक हो चुके हैं और टीम सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। दूसरी ओर, श्रीलंका की टीम इस हार के बाद टॉप-4 की रेस से लगभग बाहर हो चुकी है। उनके पास 6 मैचों में 4 ही पॉइंट्स हैं। पुणे के मैदान पर अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। श्रीलंकाई टीम 49.3 ओवर में 241 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।



श्रीलंका को सात विकेट से दी शिकस्त


---

परेशानी | एक रिपोर्ट में मिली जानकारी

# 81.5 करोड़ भारतीयों की निजी जानकारी डार्क वेब तक पहुंची

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। बड़े पैमाने पर डेटा उल्लंघन में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के लीक डाटा से 81.5 करोड़ से अधिक देशवासियों के विवरण डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से उपलब्ध हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसमें नाम, फ़ोन नंबर और पते के साथ आधार और पासपोर्ट विवरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी शामिल हैं।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए, आईसीएमआर द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से घटना की जांच करने की उम्मीद है। यूएस-आधारित साइबर सुरक्षा और खुफिया फर्म रिसिक्योरिटी द्वारा देखे गए डेटा उल्लंघन में उल्लेख किया गया है कि 9 अक्टूबर को, पीडब्ल्यूएन 0001 उपनाम से जाने जाने वाले एक असामाजिक तत्व ने ब्रीच फ़ोरम पर एक थ्रेड पोस्ट किया था जिसमें 81.5 करोड़ भारतीय नागरिकों के आधार और पासपोर्ट रिकॉर्ड तक पहुंच की दलाली की गई थी।इसके अलावा, साइबर सुरक्षा विश्लेषकों को लीक हुए नमूनों में से एक मिला जिसमें भारतीय निवासियों से संबंधित पीआईआई (व्यक्तिगत रूप से पहचान योग्य जानकारी) के एक लाख रिकॉर्ड थे। इस नमूना लीक में, विश्लेषकों ने वैध आधार कार्ड आईडी की पहचान की, जिनकी पुष्टि एक सरकारी पोर्टल के माध्यम से की गई जो सत्यापित आधार सुविधा प्रदान करता है। विश्लेषक धमकी देने वाले से संपर्क करने में भी कामयाब रहे और उन्हें पता चला कि वे पूरे आधार और भारतीय पासपोर्ट डेटासेट को 80,000 डॉलर में बेचने के इच्छुक थे। हालांकि, असामाजिक तत?व ने यह बताने से इनकार कर दिया कि उन्हें डेटा कैसे प्राप्त हुआ। पिछले महीने, साइबर सुरक्षा शोधकर्ताओं ने पाया कि झारखंड में आयुष मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट में सेंध लग गई थी, जिससे 3.2 लाख से अधिक मरीजों के रिकॉर्ड डार्क वेब पर उजागर हो गए थे।



■ डार्क वेब पर महज कुछ पैसों में आसानी से डाटा है उपलब्ध
■ आईसीएमआर द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद जांच की उम्मीद

# देश

उवाच

"अपने राजनीतिक करियर में मैंने कभी किसी विशेष धर्म से होने के कारण भेदभाव नहीं किया और न ही किसी की मदद की क्योंकि अगर हम ऐसी रणनीति अपनाते हैं तो यह विनाशकारी और कपटपूर्ण साबित हो सकता है।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 22.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# समाज को बदलने का शिक्षा सबसे प्रभावशाली तंत्र : धनखड़

**गुवाहाटी, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि शिक्षा समाज को बदलने के लिए सबसे प्रभावशाली, स्थायी व परिवर्तनकारी तंत्र है। उन्होंने कहा कि यह असमानताओं को दूर कर सकता है और असमानताओं का मुकाबला कर सकता है। यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है, तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी। वे सोमवार को यहां रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और राज्यपाल असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया उपस्थित रहे।

■ रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुझे इसमें कोई शंका नहीं है कि शिक्षा ही समाज को बदल सकती है। समाज में बदलाव तब आएगा जब हम नए-नए खोज करेंगे। रिसर्च करेंगे। विकास करेंगे। जब हम आउट ऑफ बॉक्स जाकर सोचेंगे। तभी समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने 21 सितंबर के दिन को भी याद किया जब संसद ने महिला आरक्षण बिल को पास किया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आधी आबादी को न्याय मिला। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को सुबह यहां एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी पहुंचे। असम के राज्यपास और मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचने पर उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधा भी लगाया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, शिक्षा मंत्री रनोज पेगु और कॉटन विश्वविद्यालय के कुलपति रमेश चंद्र डेका भी उपस्थित थे।



यदि हमारे पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा है तो अन्य चीजें भी अपने स्थान पर आ जाएंगी : जगदीप धनखड़

## दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर : उपराष्ट्रपति

जगदीप धनखड़ ने कहा कि जब देश की प्रगति अप्रत्याशित हो जाती है। सपनों से परे होती है। जमीनी हकीकत है। तो चुनौतियां भी हैं। दुनिया में भारत की आवाज बुलंदी पर है। यह बहुत से लोगों के हाजमें के लिए ठीक नहीं है। ऐसा इलाज कीजिए उन लोगों का, जो भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। उनको बेचैनी हो जाती है। वो किसी भी हद तक जा सकते हैं। भारत की पवित्र संस्थाओं को कलंकित करने के लिए। मैं हर एक से अपील करना चाहता हूं कि यह हमारी राष्ट्रीय कर्तव्य है कि भारतीयता पर विश्वास करें। भारत के नागरिक होने पर गर्व करें। भारत विरोधियों के खिलाफ उठें। आप में ताकत है, आपमें बुद्धि है, आपमें सोच हैं। आप विवेचन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तो कुछ भी कह जाते हैं। हमारा पड़ोसी मुल्क हमसे अच्छा है। उस देश के लोग यह बात सुनकर बेहोश हो जाते हैं। कहां आ गए हैं हम। जब राष्ट्र पूरी तरह से अग्रसर है। सही रास्ते पर है। दुनिया सराहना कर रही है। हमने जो भी पाया है, हमारी अचीवमेंट्स प्रेक्टिकल टर्म्स में हैं। हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। मुझे विश्वास है, आप उसे कर गुजरेंगे।

## मराठा-आरक्षण कार्यकर्ताओं ने मोदी-शिंदे की तस्वीरों पर पोती कालिख

**कोल्हापुर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग के समर्थन में सकल मराठा समाज (एसएमएस) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राज्य परिवहन की बसों में विज्ञापन बोर्ड पर लगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तस्वीरों पर कालिख पोत दी। कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी शहर के कोल्हापुर नाका में मराठा आरक्षण पर मनोज जारांगे-पाटिल की चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करने के लिए एसएमएस कार्यकर्ता आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश कर रही पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारियों ने दोनों नेताओं की तस्वीरों पर कालिख पोत दी।

इस बीच दिन में जिले के सभी छह कांग्रेस विधायकों ने मराठा आरक्षण मुद्दे पर चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन देने की घोषणा की और जिले में निर्धारित अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रमों को निलंबित कर दिया। इसकी घोषणा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतेज पाटिल ने विधायक पीएन पाटिल, राजू आवले और जयश्री जाधव की मौजूदगी में एक संवाददाता सम्मेलन में की।

बता दें कि मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान पिछले 48 घंटों में एमएसआरटीसी की कम से कम 13 बसें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसमें सोमवार की चार बसें भी शामिल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इसके चलते राज्य संचालित परिवहन निगम ने अपने 250 डिटो में से 30 में परिचालन बंद करने का फैसला लिया है। गत रविवार को नौ बसें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिन तीस डिपो पर परिचालन बंद कर दिया गया है, वे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के छत्रपति संभाजीनगर डिवीजन में हैं।

# हालात को हल्के से न लें चुनौतियां अभी बरकरार : दिलबाग सिंह

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। पांच सालों के अरसे के बाद जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह रिटायर होने जा रहे हैं। पिछले एक माह से वे अपने कार्यकाल के दौरान आतंकवाद को जीरो पर पहुंचाने का दावा कर रहे हैं। पर अब उन्होंने रिटायरमेंट के एक दिन पहले यह कह कर सभी को चौंका दिया है कि हालात को हल्के से न लें क्योंकि चुनौतियां जस की तस हैं। आप्रेशन कैपेसिटी बिल्डिंग (आप कैप) के तहत 43 पुलिस स्टेशनों के लिए 160 अत्याधुनिक वाहनों को लांच करने के बाद डीजीपी सिंह ने जेवान में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि पुलिस किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले सकती। उन्होंने कहा कि हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि खतरा बना हुआ है। यह पूछे जाने पर कि वह किस संदेश के साथ पुलिस बल छोड़ रहे हैं, निवर्तमान डीजीपी ने कहा कि मैं बल नहीं छोड़ रहा हूं। एक पुलिसकर्मी हमेशा एक पुलिसकर्मी होता है। मैं 30 वर्षों से बल के साथ हूं और मैं बल के साथ ही बना रहूंगा। जानकारी के लिए डीजीपी सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और विशेष डीजी सीआईडी आरआर स्वैन उनकी जगह जम्मू कश्मीर के डीजीपी होंगे।

■ सेवानिवृत्त से पहले आतंकवाद को जीरो तक पहुंचाने का किया दावा

वह रविवार को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक पुलिस अधिकारी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहते थे कि हमारा एक अधिकारी कल क्रिकेट के मैदान में अन्य अधिकारियों के साथ खेल रहा था और उस पर हमला किया गया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि आपने हमारे द्वारा लांच किए गए वाहनों के काफिले को देखा। कुछ दिन पहले जीरो टेरर प्लान के तहत वाहनों को लांच किया गया था।

## सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने को हमेशा तैयार

डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार हैं। हाल की घुसपैठ की कोशिशों पर डीजीपी ने कहा कि सीमा ग्रिड मजबूत है लेकिन पड़ोसी देश आतंकवादियों को घुसपैठ कराना जारी रखता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में, मच्छेल सेक्टर में पांच आतंकवादी मारे गए, जबकि कुपवाड़ा जिले में आज की मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जहां आप्रेशन जारी है।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक आतंकवादी मारा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने कुपवाड़ा में केरन सेक्टर के जुमुगुंड इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि सेना और पुलिस ने रविवार से जारी संयुक्त अभियान में केरन सेक्टर के जुमागुंड इलाके में घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

### कर्नाटक में दलित नेता की हत्या, पुलिस ने जांच शुरू की

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर जिले में सोमवार को बदमाशों के एक गिरोह ने एक दलित नेता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 40 वर्षीय प्रसाद के रूप में हुई है। हत्या रायचूर जिले के मानवी तालुक के पास मुदलापुर में हुई थी। हत्यारों ने पीड़ित को उस वक्त रोका जब वह बाइक पर जा रहा था। उस पर धारदार हथियारों से हमला किया। पीड़ित की हथेली कटी हुई थी और उसके पूरे शरीर पर कट के निशान थे। घटना के बाद रायचूर एसपी निखिल ने घटनास्थल का दौरा किया था। सीओ मानवी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### तेलंगाना में बीआरएस उम्मीदवार घायल

**सिद्दीपेट/तेलंगाना।** तेलंगाना में मेडक से सांसद और दुब्बाका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार कोटा प्रभाकर रेड्डी पर दौलताबाद मंडल के सुरमपल्ली गांव में सोमवार को चुनाव प्रचार के दौरान अज्ञात हमलावर ने चाकू से हमला किया। घायल सांसद को तत्काल चिकित्सा के लिए गजवेल अस्पताल ले जाया गया। पार्टी कार्यकर्ता अज्ञात हमलावर को पकड़ने में कामयाब रहे और उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। तेलंगाना के राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन ने रेड्डी पर हुए हमले पर गहन चिंता व्यक्त की है।

### ज्वालागिरी वन क्षेत्र में हाथी की गोली मारकर हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु के होसुर में कावेरी उत्तरी वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले ज्वालागिरी वन क्षेत्र में एक वन्यजीव हाथी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हाथी के शव की उम्र करीब 15-16 साल बताई जा रही है। हाथी का शव रविवार शाम को वन विभाग की गश्ती टीम को मिला। पोस्टमार्टम से पता चला कि इसकी हत्या करीब दो-तीन दिन पहले गोली मारकर की गई थी। वन विभाग के सूत्रों ने हालांकि, सोमवार को बताया कि हाथी के दांत बरकरार पाए गए। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# मध्य प्रदेश के एक करोड़ नौजवान बेरोजगार : कांग्रेस

**इंदौर,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। नामांकन जमा करने के अंतिम दिन इंदौर जिले की 9 विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रैली के साथ नामांकन जमा करने पहुंचे। रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी शामिल हुए। उन्होंने मोती तबेला चौराहे पर एक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भटकते हुए युवा को ठेका या कमीशन नहीं, बल्कि रोजगार और हाथों को काम चाहिए। शिवराज सिंह एक लाख नौजवानों को रोजगार देने की बात करते है लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश का एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है। शिवराज की घोषणा की मशीन पांच महीने से डबल स्पीड से चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के अपने मायने है। 40 साल मैने चुनाव लड़े और जीते है। इस बार का विधानसभा चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। मध्य प्रदेश की तस्वीर सभी को पता है। शिवराज प्रदेश को ठग रहे है। उन्होंने कहा था कि 33 लाख करोड़ का निवेश आएगा, लेकिन कार्पोरेट घरानों को मध्य प्रदेश पर विश्वास नहीं है।



युवाओं को ठेका या कमीशन नहीं रोजगार चाहिए

उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तो मध्य प्रदेश की छवि बदलने की कोशिश की। हमने तय किया था कि प्रदेश की पहचान माफिया या भ्रष्टाचार से नहीं होगी, लेकिन हमारी सरकार चली गई। कमलनाथ ने कहा कि अब मध्य प्रदेश का हर व्यक्ति भ्रष्टाचार का शिकार है।

## गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में बोले राजनाथ

# हिन्द महासागर में चुनौतियों के समाधान को सहयोग ढांचा जरूरी

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जलवायु परिवर्तन, समुद्री डकैती, आतंकवाद, मादक पदार्थ तस्करी, अत्यधिक मछली पकड़ने और खुले समुद्र में वाणिज्य की स्वतंत्रता जैसी आम समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए हिन्द महासागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग ढांचे की स्थापना का आह्वान किया है।

रक्षा मंत्री ने सोमवार को गोवा समुद्री सम्मेलन के चौथे संस्करण में इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र को असुरक्षित बनाने वाले स्वार्थी हितों से बचते हुए सामान्य समुद्री प्राथमिकताओं को पूरा करने की आवश्यकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, खुली और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता है। ऐसी समुद्री व्यवस्था में शायद सही है का कोई स्थान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों और समझौतों का पालन हमारा आदर्श होना चाहिए। हमारे संकीर्ण तात्कालिक हित हमें अच्छी तरह से स्थापित अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन या अवहेलना करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने से हमारे सभ्य समुद्री संबंध टूट जाएंगे।



स्वतंत्र, खुली व नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था हम सभी के लिए प्राथमिकता : राजनाथ सिंह

हम सभी के सहयोग के वैध समुद्री नियमों का सहयोगपूर्वक पालन करने की प्रतिबद्धता के बिना हमारी साझा सुरक्षा और समृद्धि को संरक्षित नहीं किया जा सकता है। सहयोग को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए निष्पक्ष नियम महत्वपूर्ण हैं कि कोई भी एक देश दूसरों पर आधिपत्य जमाने के तरीके से हावी न हो जाए। जलवायु परिवर्तन के बारे में रक्षा मंत्री ने कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित ढांचे में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और टिकाऊ तरीकों में बदलाव के लिए देशों को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सभी देश हरित अर्थव्यवस्था में निवेश करके उत्सर्जन में कटौती करने की जिम्मेदारी स्वीकार करें और जरूरतमंद देशों के साथ प्रौद्योगिकी और पूंजी साझा करे तो दुनिया इस समस्या से उबर सकती है। सहयोग पर आधारित ढाँचों को स्थापित करने के बारे में रक्षा मंत्री ने देशों के बीच सहयोग और संसाधनों तथा विशेषज्ञता को साझा करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अच्छे परिणाम के लिए राष्ट्रों के बीच सहयोग और विश्वास जरूरी होता है लेकिन शत्रुतापूर्ण दुनिया में फायदा उठाने या अकेले कार्य करने के डर से इष्टतम निर्णय नहीं हो सकते हैं।

## अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को बताया खतरा

रक्षामंत्री ने अवैध और अनियमित तरीके से मछली पकड़ने को चुनौती करार देते हुए कहा कि यह संसाधनों का अत्यधिक दोहन है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक मछली पकड़ने से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और टिकाऊ मत्स्य पालन को खतरा होता है। यह हमारी आर्थिक सुरक्षा और क्षेत्रीय एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा है। निगरानी डेटा के संकलन और उसे साझा करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय सहयोगात्मक प्रयास समय की मांग है। इससे अनियमित या धमकी भरे व्यवहार वाले लोगों की पहचान करने में मदद मिलेगी, जिसका दृढ़ता से मुकाबला करना होगा।

# आंध्र प्रदेश रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा : लालू

**पटना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रविवार की देर शाम आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में हावड़ा-चेन्नई रूट पर दो हुए रेल हादसे में मरने वाले लोगों को आंकड़ा बढ़ गया है। इस हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। घटनास्थल पर युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। उधर, लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने रेल हादसे को लेकर चिंता जताई है और लगातार हो रहे रेल हादसों को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की है। लालू ने एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में दो ट्रेनों की हुई भीषण टक्कर हृदय विदारक है। दुर्घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। देश में लगातार हो रहे रेल हादसों की जिम्मेवारी कौन लेगा। हेडलाइन मैनेजमेंट से कितने दिन जान-माल के नुकसान को छुपाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे भारी घाटे में है। निजीकरण से इन्होंने सब तबाह कर दिया। दरअसल, रविवार की देर शाम विजयनगरम कंटाकपल्ली में पलासा पैसेंजर ट्रेन ने रायगड़ा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी थी।



■ बढ़ते रेल हादसों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

## लालू ने रेलवे को बेचा : सम्राट चौधरी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने एक बार फिर लालू यादव और नीतीश कुमार पर जमकर भड़ास निकली है। सम्राट चौधरी ने लालू प्रसाद यादव पर रेलवे को बेच डालने का आरोप लगाया तो वहीं जदयू के स्थापना दिवस पर कहा कि यह पार्टी नहीं गैंग है। जेडीयू के आरोपों का जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह सरकारी तंत्रों का इस्तेमाल किया। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ है। नीतीश कुमार सता का दुरुपयोग नहीं करें तो जमानत जब्त हो जाएगी। यदि नीतीश कुमार को हिम्मत है तो राष्ट्रपति शासन लागू कर कर चुनाव करा कर देख लें औकात पता चल जाएगा, जो भाषण दे रहे हैं वही सबसे ज्यादा अधिकारियों को इस्तेमाल करते हैं।

## ईडी के समक्ष पेश हुए चट्टोपाध्याय

**कोलकाता,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में निगमों और नगर पालिकाओं में लोगों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं और घोटाले के आरोप में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी ज्योतिषमान चट्टोपाध्याय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए। साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स की पांचवी मंजिल में स्थित आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने पुष्टि की कि समूह सी, डी श्रेणियों के कथित नियुक्ति घोटाले के धन के लेन-देन की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी के समन के बाद चट्टोपाध्याय को ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया था। आईएएस अधिकारी चट्टोपाध्याय 2017-2019 के बीच नगरपालिका और शहरी विकास विभाग के निदेशक-सचिव थे। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने 17 अक्टूबर को साल्ट लेक स्थित उनके आवासीय फ्लैट की करीब 17 घंटे तक तलाशी ली थी।

# हार के डर से चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में भाजपाई : जदयू

■ मजबूत होती विपक्षी एकता से हिले भाजपा के दिग्गज

**पटना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा के कई नेता चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में हैं। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने सोमवार को यहां भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि लगातार मजबूत होती विपक्षी एकता और केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़ते जनाक्रोश से भाजपा के दिग्गज अंदर से हिल गए हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा के कई नेता चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं इसीलिए वह अभी से ही अपना चुनावी क्षेत्र बदलने की फिराक में लग गए हैं। जनता के गुस्से को भांपते हुए उन्हें डर है कि पुरानी सीट पर लड़ने से कहीं उनकी जमानत तक जब्त न हो जाए। रंजन ने कहा कि भाजपा के नेताओं को जनाक्रोश के अलावा अपनी खुद की पार्टी के नेताओं से भी खतरा महसूस हो रहा है। दरअसल खुद को मठाधीश मानने वाले कुछ नेताओं के कारण भाजपा दल से दलदल में तब्दील हो चुकी है। पूरी पार्टी अनेक खेमों में बंटी हुई है।



संगठन के भीतर हर बड़े नेता ने अपना एक अलग संगठन बनाया हुआ है, जो दूसरे नेता का पत्ता काटने में लगा रहता है। भाजपा नेताओं को डर है कि उनकी पार्टी के प्रतिद्वंद्वी भी उनकी हार का एक बड़ा कारण बन सकते हैं। जदयू महासचिव ने कहा कि पार्टी भले ही इन नेताओं के आंतरिक मतभेदों को छुपाने में पसीना बहा रही है लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जाएंगे इनका मनभेद बढ़ता जाएगा।

निर्देश | कावेरी नदी पानी को लेकर सीडब्ल्यूआरसी का कर्नाटक को निर्देश

# तमिलनाडु को 26 सौ क्यूसेक पानी छोड़ना करें सुनिश्चित

**नई दिल्ली, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कावेरी नदी के पानी को लेकर तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच खींचातानी का खेल जारी है। कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) की बैठक में पानी को लेकर एक फैसला किया गया है। सीडब्ल्यूआरसी ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा किकर्नाटक को एक नवंबर से 15 नवंबर तक।**

2600 क्यूसेक पानी छोड़ना सुनिश्चित करना होगा। सीडब्ल्यूआरसी ने अपनी 89वीं बैठक के दौरान कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच चल रहे कावेरी नदी जल विवाद में जल आबंटन और कमी के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। तमाम चर्चाओं के बाद कावेरी जल विनियमन समिति एक निर्णय पर पहुंची। जिसमें कर्नाटक से कहा गया कि बिलिगुंडलू में प्रवाह 2600 क्यूसेक बना रहे। कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। कावेरी जल विवाद के निपटारे के लिए ही दो जून 1990 कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी। कावेरी जल बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु सरकारों के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है। नदी को किसी भी राज्य में लोगों के लिए जीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में देखा जाता है।



■ एक नवंबर से 15 नवंबर तक छोड़ना होगा पानी
■ विवाद के निपटारे के लिए सीडब्ल्यूडीटी का किया गया है गठन
■ पुराना है दोनों राज्यों के बीच पानी का विवाद

कावेरी एक अंतरराज्यीय बेसिन है, जिसका उद्गम स्थल कर्नाटक है। यह नदी बंगाल की खाड़ी में गिरने से पहले तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी से होकर गुजरती है। इस नदी के पानी के बंटवारे को लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु में पुराना विवाद है। विवाद के निपटारे के लिए ही दो कावेरी जल विवाद अधिकरण की स्थापना की गई थी।

केंद्र ने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और पुडुचेरी के बीच उनकी व्यक्तिगत जल साझाकरण क्षमताओं के संबंध में विवादों का निपटारा करने के लिए 1990 को कावेरी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

पिलखवा में परसोल के पास शीशपाल और गोपाल द्वारा विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अमन रवि और बिट्टू द्वारा छजरसी में परतापुर रोड पर 5000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को भी तोड़ दिया गया।

डॉ. नितिन गौड़, एचपीडीए उपाध्यक्ष

## चार अवैध कॉलोनियों में चला एचपीडीए का पीला पंजा



■ चार अवैध कालोनियां खुर्दबुर्द
■ अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : नितिन गौड़

**हापुड़,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। हापुड़ पिलखवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) का बुलडोजर सोमवार को कई इलाकों में चला और वहां पर बिल्डरों द्वारा 22000 वर्ग मीटर में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनी को तहस नहस कर दिया। एचपीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने बताया कि आज प्रवर्तन दल पाबला रोड पर पहुंचा और वहां पर वासिफ और नदीम द्वारा 10000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को बुलडोजर के माध्यम से खुर्दबुर्द कर दिया गया। इसी तरह दिनेश नगर के पास सुनील व अन्य लोगों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कारण 3500 वर्ग मीटर भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी खुर्दबुर्द कर दिया गया। गौड़ ने बताया कि पिलखवा में परसोल के पास शीशपाल और गोपाल द्वारा विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अमन रवि और बिट्टू द्वारा छजरसी में परतापुर रोड पर 5000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग को भी तोड़ दिया गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह प्राधिकरण क्षेत्र में भूमि खरीद संपत्ति खरीदने से पहले उसकी यह जांच करने की क्या वह संपत्ति प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अभय निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान में प्रवर्तन प्रभारी तुषार कांत जैन अवर अभियंता देशपाल व वीरेश राणा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक पहुंचे गाजियाबाद

## संयुक्त अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमत्री बृजेश पाठक सोमवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों और उनके तीमारदारों से भी बातचीत की। पाठक ने ने आदेश दिए कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को रैफर न किया जाए। उन्होंने मेरठ मंडल के अधिकारियों के साथ बातचीत की। उपमुख्यमंत्री सोमवार को संयुक्त अस्पताल पहुंचकर ओपीडी का जायजा लिया। इस दौरान अस्पताल की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ओपीडी से चिकित्सक राहुल वर्मा के अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जतायी। इस बीच मीडिया ने सवाल किया कि अस्पताल परिसर में ट्रामा सेंटर बनाया गया है,लेकिन एक लंबे समय बाद भी इसमें विशेषज्ञों की तैनाती नहीं की गई है, परिणाम स्वरूप हादसे के दौरान घायलों को रैफर कर दिया जाता है।



■ मरीजों को बाहर रैफर न करने की दी हिदायत

डिप्टी सीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित किया कि साक्षात्कार के माध्यम से विशेषज्ञ तैनात किए जाए। ये भी मुद्दा उठा कि ग्रामीण अंचलों में संक्रामक रोग फैल रहे है, डिप्टी सीएम ने कहा कि जल्द बीमारी पर नियंत्रण कर लिया जाएगा। कानून व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि कानून के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। इसका उदाहरण छात्रा के साथ लूटपाट करने वाले अपराधी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। इस दौरान स्वास्थ विभाग के तमाम अधिकारी मौजूद थे।

## नगर आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**गाजियाबाद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आज कवि नगर जोन अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य रूप से राजापुर, महरौली, मोरटा व दुहाई की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त ने मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों की सफाई व्यवस्था पर भी भ्रमण किया। मौके कवि नगर पर एस एफ आई अशोक, ज़ैड एस ओ ओमपाल तथा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थिति रहे।

सफाई व्यवस्था की स्थिति को देखते समय सर्विस लाइन पर नगर आयुक्त ने भ्रमण किया तथा गंदगी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को कड़े शब्दों में निर्देश दिए तथा मौके पर सफाई कराई गई, एस एफ आई अशोक को सर्विस लाइनों पर विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए, मुख्य मार्गों के साथ-साथ क्षेत्र की आंतरिक गलियों में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को कहा गया।

विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था पर बेहतर कार्रवाई कर रहा है नगर आयुक्त के भ्रमण के असर से कार्य की गुणवत्ता में काफी सुधार देखने को मिल रहा है नगर आयुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था को करने के लिए टीम को अवगत कराया तथा समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया जाए निर्देश दिए, नगर आयुक्त लगातार गाजियाबाद नगर निगम अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी भ्रमण कर सफाई व्यवस्था सुदृढ करने का कार्य कर रहे हैं।



निगम सीमा अंतर्गत आने वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग चलाएं वृहद अभियान : नगर आयुक्त

सर्विस रोड पर गंदगी मिलने पर लगाई स्वास्थ्य विभाग को लताड़

## सार संक्षेप

### ईयर फोन लगाकर सुन रहा था गाना पैर फिसला, मौत

**नोएडा।** सेक्टर-20 थाना क्षेत्र में एक युवक की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। बीती रात एक 17 वर्षीय युवक घर तीसरी मंजिल से फिसला और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, नोएडा के सेक्टर-20 थाना क्षेत्र के सेक्टर-29 में रहने वाले 17 वर्षीय सौमित्र विश्वास रात में ईयर फोन लगाकर गाना सुनते हुए डांस कर रहा था। उसी दौरान सौमित्र का पैर फिसल गया और वह तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को नजदीकी अस्पताल ले गई, लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सलाम नमस्ते में यूथ थिंकर्स कॉन्क्लेव



**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में यूथ थिंकर्स कॉनक्लेव का आयोजन हुआ। सोमवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्तम स्कूल ऑफ गर्ल्स की शिक्षिका एवं छात्राओं ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं कार्यक्रम के दौरान वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ समसामयिक घटनाओं पर सामाजिक जागरूकता एवं रचनात्मक बदलाव पर चर्चा की गई। सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने कहा कि यूथ थिंकर्स कॉन्क्लेव स्थानीय युवाओं को समसामयिक विषयों पर अपनी सोच को साझा करने का मौका देगा। यह कार्यक्रम सामुदायिक रेडियो द्वारा प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह में अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों के साथ विश्व पटल पर बदलते भारत के उज्जवल भविष्य जैसे विषयों पर आधारित होगा।

### दिवाली पर मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**नोएडा।** पर्वों के दौरान उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए विद्युत निगम ने मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। फीडर स्तर पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। विद्युत निगम के उच्चाधिकारियों ने पर्वों के दौरान निर्बाध आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। शहर में 90 से अधिक बिजली उपकेंद्र है। इन बिजली उपकेंद्रों पर करीब आठ सौ फीडर है। इन फीडरों से ही सेक्टर, सोसाइटी, गांव और औद्योगिक इकाइयों में सप्लाई दी जाती है। विद्युत निगम ने फीडर स्तर पर ही लाइनमैन की जिम्मेदारी तय कर दी है। लाइनमैन अपने-अपने क्षेत्र के फीडर लाइनों की नियमित निगरानी रखने के साथ ही जरुरत के मुताबिक मरम्मत कार्य भी कराएंगे। इसके अलावा हर क्षेत्र के जेई और एसडीओ लाइनमैन के कार्य की समीक्षा भी करेंगे। आपातकालीन स्थिति में लोकल फॉल्ट समेत अन्य स्थिति से निपटाने के लिए क्षेत्र में क्यूआरटी भी कार्य करेंगी। उपभोक्ताओं के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम से हर घंटे बिजली सप्लाई की जानकारी ली जाएगी। उपभोक्ता को बत्ती गुल होने की कंट्रोल रूम के नंबर 0120-2970431 शिकायत भी कर सकते हैं।

## प्याज की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी

**बुलंदशहर,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सब्जियों में जायका का तड़का लगाने वाली प्याज अब लोगों की आंखों में आंसू निकलने जा रहा है। एक सप्ताह में प्याज की कीमत है 2 गुना हो गई हैं। नतीजन होटल की थाली में प्याज गायब हो रही है तो ग्रहणियां भी खपत में आदि प्याज ही खरीद रही हैं। नवरात्रि के समाप्त होते ही प्याज के दामों में भी अचानक बढ़ोतरी हो गई है। बाजार में इस समय प्याज के दाम 70 से 80 रुपए और 100 प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। जिससे मध्यम वर्गीय परिवार हैरान हो गया है। एक सप्ताह के भीतर प्याज की बड़ी कीमतों में सबको चौंका दिया है। कुछ समय पूर्व प्याज के दाम 30 किलो थे लेकिन अब यह है 80 तक पहुंच गए हैं। मंडी में प्याज के थोक के दाम 70 किलो हैं जबकि फुटकर में यह है 80 से 100 तक बिक रहा है। थोक व्यापारियों का कहना है कि आगामी दिनों में प्याज के दामों में और बढ़ोतरी हो सकती है और इसके बाद 100 से अधिक तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुरानी प्याज का स्टॉक



महंगाई के कारण सलाद की थाली से गायब हो रही प्याज

खत्म हो रहा है। जबकि नई प्याज अभी तक मंडी में नहीं पहुंच रहा है इसके कारण दाम बढे है। सब्जी विक्रेता सचिन ने बताया कि हर साल प्याज के दामों में उतार-चढ़ाव आता रहता है क्योंकि पुराना स्टॉक खत्म हो जाता है और नया माल नहीं आता नई प्याज के आने में अभी 15 20 दिन लग सकते हैं। व्यापारी दीपावली तक प्याज पर महंगाई बरकरार रहने की आशंका जता रहे हैं।

## एमपी-2 और सेक्टर-18 का प्राधिकरण सीईओ ने किया निरीक्षण

**नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने एमपी-2 और सेक्टर-18 का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, महाप्रबंधक (जल), उप महाप्रबंधक सिविल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर सीईओ ने एमपी-2 रोड पर विश्वभारती पब्लिक स्कूल के समीप बने हुए एफओबी के साथ सेक्टर-18, अट्टा जंक्शन आदि स्थानों पर नालियों की सफाई की सफाई न होने पर ग्रेप का अनुपालन नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की साथ स्वास्थ्य निरीक्षक जगपाल सिंह का अग्रिम आदेशों का तक वेतन रोकने का निर्देश दिए। एमपी-2 रोड पर विश्वभारती पब्लिक स्कूल के समीप एफओबी की रंगाई पुताई व लाइटिंग, फुटपाथ ड्रेन और ओएससीर चैंबर्स को कवर कराने के लिए फुटपाथ पर बुजुर्गों को चढ़ने के लिए रैंप बनाने के निर्देश दिए। सेक्टर-18 अंडरपास की मरम्मत कराते हुए पेंटिंग व कॉलम और बॉटम पर रेफ्लेक्टिव टेप लगाने के निर्देश दिए। डीएलएफ मॉल के साथ कार्नर पर जो ट्रांसफार्मर है उसके चारों तरफ की घासफूस की सफाई यहां ड्रेन को कवर्ड कराने के निर्देश दिए। डीएलएफ के साथ प्राधिकरण की खाली जमीन पर रॉक गार्डन मय लाइटिंग कराने के निर्देश दिए।



साफ सफाई स्वास्थ्य निरीक्षक का रोका गया वेतन

अट्टा पीर जंक्शन का सौंदर्यीकरण के उच्चीकरण के निर्देश दिए गए। सेक्टर-17 और 18 में बीच बने फुटपाथ में सुगमता से चढ़ने के लिए सीढ़ी बनाने के निर्देश दए।

## नन्हे परिंदे टीम ने बच्चों को सिखाएं सेल्फ डिफेंस के तरीके

**नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। नन्हे परिंदे टीम ने बच्चों को ओबीई (ओपन बेसिक एजुकेशन) प्रमाणपत्र वितरित किए और बच्चों के लिए सेल्फ डिफेंस की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें युवा क्रांति सेना के सदस्य और कराटे कोच प्रीतम राठौर ने बच्चों को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर नोएडा पुलिस के एसीपी रजनीश वर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने बच्चों को सम्मानित किया और पुलिस आयुक्तालय के साथ इस मुहिम में तीन साल के सहयोग के लिए चेतना (प्रशिक्षण और कार्रवाई के माध्यम से बचपन में वृद्धि) व एचसीएल फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और उनके सामूहिक प्रयासों के लिए सराहना की। उन्होंने बच्चों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया और सभी बच्चे की पढ़ाई में हर संभव सहयोग के लिए आश्वासन दिया। युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कहा कि आज हमारी पुलिस न सिर्फ अपनी ड्यूटी निभा रही है बल्कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के शिक्षित भारत के सपनो को भी पूर्ण करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर चेतना के निर्देशक संजय गुप्ता, बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेश अंबावता, अधिवक्ता रणपाल अवाना, सतीश गुप्ता, श्रृष्टि सिंह, श्रृष्टि राठौर, सुरेंद्र कुमार, कराटे खिलाड़ी रजत, जितेंद्र कुमार, हर्षित पांडे आदि मौजूद थे।

## अधेड़ उम्र के व्यक्ति की हत्या गले पर मिले चोट के निशान

**नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-40 स्थित एक मकान में व्यक्ति की लाश मिली है। सेक्टर-82 निवासी धर्मेंद्र पुत्र वीरेंद्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके चाचा शशि शर्मा सेक्टर-40 के जनता फ्लैट में मृत मिले हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बॉडी को कब्जे में लिया। शुरुआती जांच में पाया कि बॉडी के गले पर चोट के निशान हैं। देखने से लग रहा है कि उसकी हत्या की गई है। मामले की जांच के लिए सेक्टर-39 थाना पुलिस ने दो टीमों का गठन किया है। पुलिस ने बताया कि 57 वर्षीय शशि शर्मा सेक्टर-40 के जनता फ्लैट में अकेले रहते थे। सोमवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि शशि शर्मा की लाश उनके कमरे में पड़ी हुई है। मृतक के गले पर चोट के निशान हैं। गर्दन पर किसी धारदार हथियार से चोट पहुंचाने के निशान मिलने से आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। आसपास के लोगों ने बताया कि उनसे रविवार को शशि शर्मा से तीन लोग मिलने आए थे। संभवत: घटना किसी जानने वाले ने अंजाम दी है। मृतक मूल रूप से बुलंदशहर का रहने वाला था। यहां पर वह अकेले रहता था। किसी ठेकेदार के साथ सुपरवाइजर का काम करके गुजारा करता था।

## छात्रा को लूटने वाला लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर, दरोगा भी घायल

**गाजियाबाद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मसूरी थाना क्षेत्र में छात्रा कीर्ति से लूटपाट करने वाले लुटेरे को गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान मारा गया है इस दौरान लुटेरे का एक अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर कार होने में कामयाब हो गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश की ओर से चलाई गई गोली से एक पुलिस उप निरीक्षक भानु प्रकाश भी घायल हो गए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक यादव ने बताया कि यह बदमाश मिशलगढ़ी निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू है। 27 अक्टूबर को थाना मसूरी क्षेत्र मे एक छात्रा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें उसका दूसरा साथी सम्मिलित था। लूट के दौरान छात्रा गम्भीर रुप से घायल हो गई थी जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गई। इस अभियोग मे यह फरार चल रहा था तथा इस पर 25,000 रु0 का ईनाम घोषित किया गया था।



■ बदमाशों से मुकाबला करते हुए थी छात्रा की मौत
■ 25 हजार का था इनामी

यादव ने बताया कि रविवार/सोमवार की रात्रि में थाना मसूरी पुलिस टीम गंगनहर पटरी के किनारे चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को सामने से 2 मोटर साइकिल पर सवार 2 संदिग्ध लोग आते हुए दिखे। जब पुलिस टीम ने इन्हे रोकने का प्रयास किया गया तो यह पुलिस टीम को चकमा देकर भागने लगे और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग मे एक दरोगा घायल हुआ। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में फायरिंग की। तो इसमे एक बदमाश घायल हो गया तथा दूसरा बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया जहां पर उसे उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। मृत युवक की की पहचान जितेन्द्र उर्फ जीतू निवासी मिशलगढी थाना मसूरी के रुप मे हुई है। जिसके विरुद्ध पूर्व 12 आपराधिक मामले पंजीकृत है जिसमें आधा दर्जन से अधिक लूट के मामले हैं। वर्ष 2020 में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग भी पंजीकृत है।

### बैठक | उद्यमियों की समस्या को लेकर सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक

## उद्यमियों ने डीएम को गिनाई समस्या

नोएडा, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। उद्यमियों की समस्या को लेकर सोमवार को उद्योग बंधु की बैठक का अयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम मनीष कुमार वर्मा ने की। बैठक में एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन ने समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि उद्यमियों को औद्योगिक भवन निर्माण के लिए बेसमैंट खुदाई की अनुमति नहीं मिल पा रही हैं। इस कारण भवन निर्माण में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। जबकि प्राधिकरण द्वारा उद्योगों को कार्यशील करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। इसकी अनुमति दिलाई जाए।

■ अनुमति न मिलने से भवन निर्माण में देरी
■ उद्यमी को जीरो पीरियड का लाभ दिया गया

उन्होंने बताया कि रेसिस्टोफ्लैक्स डायनामिक प्रालि को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2002 में ग्रेटर नोएडा में आवंटित किया गया था। जिसका उद्यमी द्वारा लीज डीड कराने के पश्चात ग्रेटर नोएडा से भूखंड का प्रीमियम एवं एक मुश्त लीज रैंट चालान देयतानुसार एकमुश्त धनराशि वर्ष 2005 में जमा कराने के उपरांत अदेयता प्रमाण पत्र भी ले लिया था।

अब प्राधिकरण द्वारा उद्यमी से लीजरेन्ट के सापेक्ष 1 करोड़ 73 लाख 14 हजार 922 जमा करने के लिए नोटिस भेजा गया है। अत: उद्यमी को कंपलीशन एंव कार्यशील प्रमाण-पत्र जारी किया जाए। वहीं सिंगारी पेपर कन्वर्टर को वर्ष 2014 में सी-17, सेक्टर-80, नोएडा में भूखंड आवंटित किया गया था।



बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की

प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा प्राप्त न कर पाने के कारण उद्यमी को जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। लीज डीड कराने के लिए उद्यमी को शासन द्वारा छूट दी गई थी।

उद्यमी द्वारा समय से पूर्व इकाई कार्यशील कर दी गई उसके बावजूद निबंधन विभाग ने उद्यमी को प्रदान किये गए जीरो पीरियड को न मानते हुए उद्यमी की बैंक गारंटी जब्त कर ली। ऐसे में उद्यमी की जब्त की गई बैंक गारंटी नियमानुसार वापिस की जाए।



## दिवाली मेले में विद्यार्थियों ने दिखाई भारतीय संस्कृति

**नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। रामाज्ञा स्कूल ने अपने परिसर में एक शानदार दिवाली मेले का आयोजन किया। इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस भव्य दिवाली मेले में मेक इन इंडिया को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। साथ ही वहां उपस्थित लोगों को रॉक और सूफी बैंड के शानदार प्रदर्शन के साथ मंत्रमुग्ध कर देने वाले संगीत का लुत्फ उठाने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस 'दीपोत्सव' प्रदर्शनी में भारत की सांस्कृतिक समृद्धि की झलक को दर्शाती समृद्ध कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, उत्कर्ष गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर, रामाज्ञा ग्रुप ने कहा कि हमें खुशी है कि इस दिवाली मेले में लोगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इस भव्य एक्सपो के साथ हम मेक इन इंडिया की भावना को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखने के लिए तत्पर हैं। इस कार्यक्रम में 'ट्राई योर लक! लकी ड्रा' का भी आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत उपस्थित लोगों को शानदार पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त हुआ। इस लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार के रूप में एक स्पोर्ट्स साइकिल, दूसरे पुरस्कार के रूप में एक एयर फायर और तीसरे पुरस्कार के रूप में एक स्मार्ट वॉच शामिल थी।

इसके अतिरिक्त, इस कार्यक्रम में द किड्स ज़ोन का प्रदर्शन किया गया, जो समुदाय की युवा प्रतिभाओं का एक दिल छू लेने वाला प्रदर्शन था, जिसने अपनी रचनात्मकता और उत्साह से दर्शकों का मन मोह लिया।

उवाच

दनकौर पुलिस टीम सलारपुर अंडरपास के नजदीक दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका तो वह दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर तेज कदमों से गौर सिटी की ओर जाने लगे। पुलिस ने विशाल व मोबिन खान को पकड़ लिया और पकड़े गए व्यक्तियों की निशादेही पर उनके तीसरे साथी उपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया।
**अशोक कुमार, एडीसीपी**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेटर नोएडा में जलापूर्ति बाधित होने से हजारों लोग हलकान

- **जलापूर्ति से परेशान शहर के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर किया प्रदर्शन**
- **सीईओ ने कहा कि जलापूर्ति करने वाले ठेकेदार के खिलाफ होगी कार्रवाई, काली सूची में डाला जाएगा**



**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहर में जलापूर्ति बाधित होने से हजारों लोग हलकान हैं। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। शिकायत के बावजूद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। निवासी बाजार से पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं। परेशान निवासियों ने सोमवार को फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए के नेतृत्व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया। निवासियों ने प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी की। अफसरों ने कार्रवाई का भरोसा दिया। शहर के सेक्टर डेल्टा 1, डेल्टा 2, डेल्टा 3, पी3 गमा-1, गमा 2, अल्फा-2, बीटा 1, बीटा 2, गुलमोहर इस्टेट, केसिया इस्टेट, सीनियर सिटीजन सोसाइटी और ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर 3 आदि सहित के निवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। निवासियों का कहना है कि आए दिन जल आपूर्ति बाधित रहती है या फिर पानी का प्रेशर कम आता है। ऐसे में रोजमर्रा के कार्य करने में दिक्कत होती है। साथ ही गंदे पानी की भी आपूर्ति की जाती है। जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। प्राधिकरण द्वारा टैंकर भेज कर सोसाइटी और सेक्टर में जल की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन लोगों की संख्या अधिक है। ऐसे में एक-दो टैंकर से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। लोगों का कहना है टैंकर भेजकर प्राधिकरण केवल खानापूर्ति कर रहा है। कैसिया स्टेट निवासी अनिल यादव ने बताया कि रविवार को पूरे दिन सेक्टर में पानी नहीं आया। सोमवार को सुबह जलापूर्ति की गई, लेकिन पानी का प्रेशर कम आया। ऐसे में घरों की टंकियां तक नहीं भर पाई। पी3 निवासी आदित्य भाटी ने बताया कि प्रेशर इतना काम होता है कि घर की पहली मंजिल तक नहीं पहुंच पाता। लोगों को बाल्टी में भरकर ऊपर पानी ले जाना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक (जल) चेतराम ने बताया कि सभी खराब मोटरों को ठीक किया जा रहा है। ठेकेदारों पर भी पेनल्टी लगाई गई है। सोमवार को ज्यादातर सेक्टर में जलापूर्ति शुरू कर दी गई है।

> पानी आपूर्ति को लेकर लगे ट्यूबेल काफी पुराने हो चुके है, इस पर ध्यान नहीं दिया गया। एक साथ ज्यादातर ट्यूबवेल के मोटर खराब होना आश्चर्यजनक है, ठेकेदार की लारवाही सामने आ रही है, इसकी जांच कराई जा रही है, अधिकारियों को निर्देश दिया गया है, सोमवार तक जलापूर्ति हर हाल में बहाल किया जाए और ठेकेदार का ठेका निरस्त कर उसे काली सूची में डाला जाएगा:
> **रवि कुमार एनजी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
> **ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**



## यीडा ने शिविर लगाकर गुनपुरा के 73 किसानों को बांटा मुआवजा

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गुनपुरा गांव में शिविर लगाकर किसानों को अतिरिक्त मुआवजा बांटा। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में लगाए गए शिविर में गुनपुरा के 73 किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिया गया। प्राधिकरण ने किसानों को करीब 18.87 करोड़ रुपए का भुगतान किया। ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जो किसान अभी रह गए हैं, वह प्राधिकरण में अपने कागजात जमा कर दें ताकि उन्हें भुगतान किया जा सके। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर रेणुका दीक्षित, तहसीलदार मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण के दबंग सहायक प्रबंधक पर गिर सकती है गाज

- **सहायक प्रबंधक के खिलाफ सीईओ से लेकर मुख्यमंत्री तक की गई थी शिकायत**
- **शिकायत पर सीईओ ने दिए जांच के आदेश**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के एक सहायक प्रबंधक के खिलाफ सीईओ से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है। आरोप है कि सहायक प्रबंधक अपने रिश्तेदारों को ऊंची पहुंचवाला बताकर वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव बनाता है। उस पर भ्रष्टाचार का भी आरोप है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को भेजे शिकायती पत्र में कहा गया है कि सहायक प्रबंधक चार साल से एक ही डिवीजन में तैनात है। वह अपने रिश्तेदारों को ऊंची पहुंच वाला बता कर वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव बनाता है। इसके चलते वह इसी डिवीजन में बना हुआ है। आरोप है कि दफ्तर आने के बजाय वह यमुना के डूब क्षेत्र में घुड़सवारी करता है। जबकि साइट पर सुपरवाइजर व अन्य तैनात रहते हैं। शिकायत में सहायक प्रबंधक की संपत्ति की जांच की भी मांग की गई है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के अलावा औद्योगिक विकास मंत्री, प्राधिकरण के चेयरमैन से भी शिकायत की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी ने बताया कि सहायक प्रबंधक के खिलाफ शिकायत मिली है। इसकी जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### सार संक्षेप

#### स्कूल के बच्चे फार्म में जाकर देखा कैसे होती है खेती-बाड़ी



**ग्रेटर नोएडा।** जी डी गोयनका स्कूल में प्री प्राइमरी के बच्चों को भ्रमण के लिए ग्रेटर नोएडा स्थित फार्म पर ले जाया गया। वहां पर छात्रों को यह जानकारी दी गई की खेती-बाड़ी कैसे की जाती है। छात्रों को ट्रैक्टर ट्यूबवैल दिखाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणू सहगल से मिलकर छात्रों ने भ्रमण से प्राप्त ज्ञान को साझा किया तथा प्रधानाचार्या के ने छात्रों को यह जानकारी दी जिसमें नई पीढ़ी को किसान हमारे देश के अन्नदाता है। साथ ही प्रधानाचार्या ने छात्रों का उत्साह वर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

#### दयानतपुर खेड़ा में दो नवम्बर से होगी सप्ताहिक भागवत कथा की अमृतवर्षा

**जेवर।** आर एंड आर कॉलोनी के पाकेट-5 स्थित दयानतपुर खेड़ा गांव में दो नवम्बर से साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक हंसराज सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक राकेश सिंह, लौकेश सिंह व सुरेश सिंह एवं ग्रामवासियों के नेतृत्व में कथा व्यास आचार्य अतुल कृष्ण जी द्वारा दो से आठ नवम्बर तक दोपहर दो बजे से सांय पांच बजे तक रोजाना श्रीमद भागवत कथा की अमृतवर्षा की जाएगी। दो नवम्बर को कलश यात्रा तथा नौ नवम्बर को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## योग गुरु बाबा रामदेव ने बच्चों को सच्चे नागरिक बनने व राष्ट्र निर्माण का दिया मंत्र

- **ग्रेनो वेस्ट के स्पर्श ग्लोबल स्कूल व जेपी इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को किया प्रोत्साहित**
- **बीमारी से बचने के लिए प्रतिदिन योग करने व फास्टफूड से बचने के लिए किया प्रेरित**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। योग गुरु बाबा रामदेव ग्रेनो वेस्ट स्थित स्पर्श ग्लोबल स्कूल ग्रेनो वेस्ट व ग्रेनो में जेपी इंटरनेशनल स्कूल में पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को राष्ट्र के सच्चे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों योग, खानपान व दिनचर्या से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया,





उन्होंने कहा कि बच्चों को फास्ट फूड से बचना चाहिए। नियमित योग करके बीमारी से बच सकते हैं। उन्होंने बच्चों को मंत्र देते हुए कहा कि बड़ी सोच, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा होना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सनातन संस्कृति से रूबरू कराते हुए मातृ, पितृ व गुरु को देव के समतुल्य बताया और कहा कि माता-पिता और गुरु के साथ धरती मां का वंदन जरुर करें। उन्होंने कहा शरीर में जबतक खून का एक कतरा है, धरती मां की सेवा करनी चाहिए। बच्चों के आग्रह पर उन्होंने योग प्राणायाम किया और कहा कि सभी प्रतिदिन सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम जरुर करना चाहिए। इस दौरान बच्चों के कौतुहलपूर्ण प्रश्नों का उत्तर दिया और राष्ट्र के प्रति समर्पण का मंत्र भी दिया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन के साथ प्रधानाचार्य, शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## असली नोट के नीचे नकली नोट का कारोबार करने वाला गिरोह गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर पुलिस ने असली नोट की तरह दिखने वाली कागज के नोट को असली दिखाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इनके पास से पुलिस को 469 असली 500 रूपए के नोट व असली नोटों के साइज का कटे कागज की गड्डियां बरामद हुई है। पुलिस ने गैंग के तीन बदमाशों को गिरफ्तार भी किया है। थाना दनकौर पुलिस की टीम को गश्त के दौरान आरोपी विशाल चौहान, मोबिनखान और उपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 2,34,500 नगद, आठ करोड़ तीस लाख के असली की तरह दिखने वाले कागज की छपाई नोट नुमा बन्डल व एक लैपटाप, एक नोट गिनने की मशीन, एक नोट के बन्डल बनाने की मशीन बरामद की है। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि दनकौर पुलिस टीम सलारपुर अंडरपास के नजदीक दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका तो वह दोनों व्यक्ति पीछे मुड़कर तेज कदमों से गौर सिटी की ओर जाने लगे। पुलिस ने विशाल व मोबिन खान को पकड़ लिया और पकड़े गए व्यक्तियों की निशादेही पर उनके तीसरे साथी उपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया।

**एनजीओ में दस प्रतिशत कमीशन का लालच देकर बनाते थे निशाना**



सख्ती से पूछने पर बताया कि हमारा एक संगठित गिरोह है। जिसको प्रवेश कुमार सिंह उर्फ डीके निवासी लखनऊ चलाता है। गैग का लीडर प्रवेश कुमार सिंह उर्फ डीके है। प्रवेश उर्फ डीके द्वारा छोटी 2 कम्पनियां व एनजीओ को अपने झांसे में फंसाया जाता है एवं कंपनियों से एनजीओं में पैसा फंडिंग कराने का आश्वासन देता है।

## सपा नेता चमन भाटी की हत्या के आरोप में चार को आजीवन कारावास की सजा

- **सबूत के अभाव में तीन को कोर्ट ने किया बरी, 2013 में घटी थी घटना**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता चमन भाटी की 2013 में हुई हत्या कर दी गई थी, जिला अदालत ने सुनवाई करते हुए मामले में सोमवार को चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि तीन अन्य को बरी कर दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र ने बताया कि 2013 के अप्रैल महीने में समाजवादी पार्टी के नेता चमन भाटी की डाबरा गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मामले में कुख्यात गैंगस्टर रणदीप भाटी, योगेश डाबरा, उमेश पंडित, कुलबीर भाटी, जुगला, जितेंद्र और हरेंद्र के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह और गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद अपर जिला न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को रणदीप भाटी, कुलबीर भाटी, उमेश पंडित और योगेश डाबरा को दोषी पाया। वहीं हत्या आरोपी और हरेंद्र को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस दौरान कोर्ट ने रणदीप भाटी, कुलबीर भाटी, उमेश पंडित और योगेश डाबरा को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उन पर आर्थिक दंड भी लगाया गया है।

सपा नेता चमन भाटी की 2013 के अप्रैल माह में उस समय हत्या कर दी गई थी जब वह डाबरा गांव के पास से गुजर रहे थे। चमन भाटी सपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर रामगोपाल यादव के करीब बताए जाते थे।

## शाश्वत ने सीबीएसई स्केटिंग चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जेपी पब्लिक स्कूल, ने सीबीएसई उत्तर क्षेत्र-1 स्केटिंग चैम्पियनशिप में स्कूल के छात्र शाश्वत उपाध्याय ने सीबीएसई उत्तर क्षेत्र-1 स्केटिंग चैम्पियनशिप में बहुत ही प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। यह चैम्पियनशिप, एसएसएस गुरुकुल स्कूल, सेक्टर-154, नोएडा में हुई, शाश्वत ने क्वाड स्केट इवेंट में अंडर-12 बच्चों की श्रेणी में दो स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने 500 मीटर और 1000 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक जीतकर सबका ध्यान खींच लिया। इस सफलता के बाद, शाश्वत अब नेशनल चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई हो चुके हैं, जो एक बड़े उपलब्धि का प्रतीक है। विद्यालय की प्राचार्य, मीता भंडुला ने छात्र की इस सफलता को सराहा और विद्यालय के खेलों के प्रमुख, मिसेस नीरज सिंह, और स्केटिंग कोच, मिस्टर धर्मेंद्र की प्रशंसा की। उन्होंने शाश्वत उपाध्याय के लिए स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप की घोषणा की।

## केनरा बैंक आरसेटी ने चलाया भ्रष्टाचार मुक्त व स्वच्छ भारत कार्यक्रम



**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। केनरा बैंक आरसेटी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह व स्वच्छता माह मनाया गया। जिसका विषय था 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत- विकसित भारत, स्वच्छ भारत'। इस सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आरसेटी ट्रेनिंग कक्ष में फैकल्टी अजीत सिंह व अंकिता नागर ने सभी स्टाफ एवं ट्रेनी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ इस शपथ ग्रहण समारोह की रिकॉर्डिंग भी करवायी। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अभियान हो रहा है और प्रत्येक नागरिक के जीवन में इसका काफी महत्व है। विकसित भारत के लिए विश्वास और विश्वसनीयता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोगों का भरोसा लोगों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है। इसी के साथ संस्थान में स्वच्छता माह के अंतर्गत समस्त स्टाफ व ट्रेनी ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आरसेटी में साफ सफाई की।


### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मौहम्मदपुर गूजर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त पत्र 252/एस0टी0-एस0डी0एम0-सदर/2014-15 दिनांक 26.04.2015 परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|
| मौहम्मदपुर गूजर | 159 व 248 | श्री हरि सिंह पुत्र न्यादर, नि0 ग्राम मौहम्मदपुर गूजर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री सरजीत | पुत्र |
| | | | श्री जसराम | पुत्र |
| | | | श्रीमती जस्सन | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती भागन | पुत्री विवाहित |


उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


## किन्नर हिना चौधरी ने लगाई न्याय की गुहार

- **झूठे मुकदमें में मुझे भेजा गया जेल**

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दादरी क्षेत्र में किन्नरों के दो गुटों में विवाद को लेकर एक गुट सोमवार को ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता कर अपनी बात रखी। प्रेस वार्ता में हिना चौधरी किन्नर ने बताया कि क्षेत्र के बंटवारे को लेकर पुष्पा किन्नर से मेरा विवाद चल रहा था, जिसकी शिकायत मैंने थाना दादरी पर दी थी और मैं डीसीपी पुलिस कमिश्नर से भी मिली थी। 28 सितम्बर को मुझे धोखे से शाह जी डेयरी पर बुलाया गया और मौके पर पीटा गया। मेरा किडनैप करके मुझे रास्ते में भी पीटा गया और थाने में लाकर मुझे बंधक बनाया गया। पुलिस के सामने मेरी पिटाई भी हुई और थाने में मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई, उल्टा मेरे ऊपर झूठा मुकदमा लिखकर के मुझे जेल भेज दिया गया। और उसके बाद मेरे ऊपर ओर चार झूठे मुकदमे लिखे गए। जिसकी शिकायत मैं अधिकारियों को को लगातार दे रही हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अब मैं आपसे मदद चाहती हूं और यदि 7 दिन के अंदर मेरी कार्रवाई नहीं होती है तो मैं 7 दिन बाद जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आत्मदाह करूंगी।



उन्होंने कहा कि जिन्होंने मेरे ऊपर झूठे मुकदमें लिखवाए हैं उन सारे मुकदमों की जांच हो और उनके खिलाफकार्रवाई हो। जो किन्नर नहीं है और किन्नर का भेष बना कर के मांग रहे हैं उनकी मेडिकल जांच हो।


### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट न0-01, सेक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Prateek Sahkari Awas Samiti Ltd, GH-06, Sector-Phi-03, Greater Noida के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-112, क्षेत्रफल-181.98 वर्ग मीटर, Mr. Lawan Kumar Jain S/o Shri Pawan Kumar Jain के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Lawan Kumar Kumar की मृत्यु दिनांक 19.05.2021 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनके पुत्र Mr. Pranav Jain S/o Late Shri Lawan Kumar Jain ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mr. Lawan Kumar Kumar के स्थान पर उनके पुत्र Mr. Pranav Jain S/o Late Shri Lawan Kumar Jain के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


## दिव्यांगता अधिकार के तहत डीआरसी प्रतीक चिन्ह हुआ लांच

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिव्यांग लोगों के लिए समानता प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए, गलगोटियास विश्वविद्यालय में दिव्यांगता अधिकार क्लिनिक ने अधिक प्रतिनिधित्व प्राप्त करने का प्रयास किया है। इसलिए, दिव्यांगता के लिए समानता के मिशन के प्रति गलगोटियास विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए एक लोगो (प्रतीक चिन्ह) डिजाइन किया गया है। इस अभियान के हिस्से के रूप में लोगो (प्रतीक चिन्ह) लॉचिंग समारोह गलगोटियास विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। गलगोटियास विश्वविद्यालय के दिव्यांगता अधिकार



क्लिनिक की निदेशक आराधना गलगोटिया ने कहा कि हमें अपने दिव्यांग भाई बहनों से सदैव बहुत ही सहानुभूति रखनी होगी और उनके हर प्रकार के सुख दुख को समझना होगा। हमें सदैव उनको अपने बराबर का दर्जा देना होगा। मुख्य अतिथि के रूप में केरल उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश, न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास सी.पी. ने लोगों (प्रतीक चिन्ह) का अनावरण किया। न्यायमूर्ति नियास का तर्क है कि हमें और पूरे समाज को एक सामाजिक पहल में उनकी उपलब्धियों को तुच्छ समझने के बजाय दिव्यांग लोगों के अधिकारों की सुविधा और पुष्टि की गारंटी देनी चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. जगदीश चंदर को एक चुनौतीपूर्ण माहौल में उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, जहां दिव्यांग लोगों के लिए उचित आवास मौजूद नहीं है, यह सम्मान बेहद मार्मिक क्षण है। डॉ. मल्लिकार्जुन बाबू, गलगोटियास विश्वविद्यालय के कुलपति एक अभिनंदन भाषण दिया और चर्चा की कि कैसे गलगोटियास विश्वविद्यालय समग्रता की पेशकश करके यह सुनिश्चित करता है कि किसी भी छात्र को किसी भी कक्षा या अध्ययन सामग्री तक पहुंच से वंचित नहीं किया जाए।


### द्वारा- प्रधानध्यापक प्रा0वि0 डाढा, दनकौर, गौतमबुद्धनगर

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक/बेसिक शिक्षा/जर्जर/12764-70/2020-21 दिनांक 28 जनवरी 2021 के अनुपालन में उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक विद्यालय डाढा, दनकौर के जर्जर भवन की पुनः नीलामी समिति द्वारा निम्नविवरणानुसार की जानी है-

| क0 स0 | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन के विद्यालय का नाम तथा नीलामी स्थल | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | निलामी हेतु पथम तिथी | प्रथम तिथि को निलामी न होने की दशा में नीलामी हेतु द्वितीय तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0 वि0 डाढा | प्रा0 वि0 डाढा, दनकौर | 124000.00 | 12400:00 | 01-11-20230 | 4-11-2023 | 10 बजे |

**नीलामी हेतु नियम व शर्तें –**
1. नीलामी में कोई भी व्यक्ति/ फर्म नीलामी के दिनांक को कॉलम नंबर 5 में अंकित धनराशि नगद जमा कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकता है
2. अधिकतम बोली दाता को उसी समय अथवा अगले कार्य दिवस में बोली की समस्त धनराशि विद्यालय के प्रबंध समिति खाते में जमा करनी होगी धनराशि जमा करने की पुष्टि के बाद ध्वस्तीकरण का आदेश दिया जाएगा।
3. निर्धारित समय में बोली की धनराशि जमा न करने पर धरोहर धनराशि जप्त कर ली जाएगी तथा पुनः नीलामी की जाएगी।
4. नीलामी से पूर्व बोली दाता जर्जर विद्यालय भवन को किसी भी कार्य दिवस में भौतिक रूप से देख भी सकता है।
5. ध्वस्तीकरण आदेश जारी होने के साथ दिवस के अंदर जर्जर भवन को ध्वस्त कर अवशेष मलबे को हटाना होगा तथा जर्जर भवन के स्थान वाली भूमि को समतल करके देना होगा।
6. असफल बोली दाता की धरोहर राशि नीलामी उपरांत वापस कर दी जाएगी।
7. प्रथम तिथि में नीलामी न होने की स्थिति में द्वितीय तिथि में नीलामी की जायेगी ।
8. किसी विवाद की स्थिति में समिति का अंतिम निर्णय ही मान्य होगा।
9. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद गौतम बुद्ध नगर होगा ।

प्रधानध्यापक
प्रा0वि0 डाढा, दनकौर, गौतमबुद्धनगर



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 31 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## केरल विस्फोटों पर सियासत दुर्भाग्यपूर्ण

केरल के एर्नाकुलम जिले के कलामासेरी में रविवार की सुबह ईसाइयों की एक प्रार्थना सभा में 5 मिनटों के भीतर एक के बाद एक हुए तीन बम विस्फोटों से दो महिलाओं की मौत हो गई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत बहुत गम्भीर बतलाई गई है। इन्हें आईसीयू में रखा गया है। तीन दिवसीय प्रार्थना कार्यक्रम के समापन अवसर पर चर्च के कन्वेंशन सेंटर में करीब दो हजार श्रद्धालु उपस्थित थे जब ये विस्फोट हुए। जिस जगह पर धमाके हुए वह येहोवा विटनेस ईसाई समूह का है। जिसने बम विस्फोटों की जिम्मेदारी लेते हुए त्रिशूर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है, वह खुद को इसी समुदाय से सम्बद्ध बतलाता है। हालांकि समुदाय ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया है। उस व्यक्ति के अनुसार यह धार्मिक समुदाय लोगों में विद्वेष फैलाता है तथा केरल के लिये हानिकारक है। इससे व्यथित होकर उसने विस्फोट किये।

शनिवार को मल्लपुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में निकाली गई एक रैली के दूसरे दिन ये विस्फोट हुए, जिसे हमास के एक नेता खालिद मशेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सम्बोधित किया था। इसलिये बम विस्फोटों को लेकर अब सियासी रंग देने की कोशिशें प्रारम्भ हो गई हैं। कांग्रेसी नेता शशि थरूर ने लोगों से शांति की अपील की है वहीं इस विस्फोट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को ही घेर लिया है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बहुत खतरनाक राजनीति कर रही है।' उन्होंने तंज कसते हुए यह भी कहा कि 'यही मोहब्बत की दूकान का असर है।' त्रिवेदी का कहना था कियह देश की सुरक्षा, संवेदनशीलता व सामाजिक सौहार्द्र तीनों के लिए खतरनाक है। भाजपा की सरकार आने से पहले भारत का कोई भी ऐसा कोना नहीं था जहां धमाके नहीं हो रहे थे। आज सारी चीजें नियंत्रित हुई हैं लेकिन ये (कांग्रेस व विपक्षी दल) इस कीमत पर भी राजनीति करने को तैयार हैं। उनके अनुसार, 'मोहब्बत की दुकान की असली तस्वीर यही है।' साथ ही केरल के भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोंस केजे का कहना है कि 'स्थिति बेहद गंभीर है। मैं लंबे समय से चेतावनी दे रहा हूं कि केरल में दोनों लेफ्ट और राइट आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं। केरल में यह बहुत लंबे समय से हो रहा है। आज केरल आतंकवाद की चपेट में है। इसे रोकना होगा।'

हालांकि त्रिवेदी यह नहीं बतला सके हैं कि इसका कांग्रेस से क्या सम्बन्ध है। खुद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा है कि घटना के संबंध में विवरण एकत्र किये जा रहे हैं। विस्फोटों के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी विजयन से बात की और राज्य की स्थिति की जानकारी ली। असली बात यह है कि एनआईए और एनएसजी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर ही रही है तथा उसके बाद भी किसी बात के पुख्ता प्रमाण अभी नहीं है। ऐसे में इसके लिये किसी को दोषी ठहराना अपने आप में गैर जिम्मेदाराना है। इस घटना को लेकर देश के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। जाहिर है कि यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। इसे लेकर किसी भी तरह के हल्के या गैर जिम्मेदाराना बयान घातक हो सकते हैं। सभी दलों को चाहिये कि वे न केवल जिम्मेदारी के साथ इस पर बोलें वरन राज्य में शांति और अमन कायम करने की दिशा में भी मिलकर काम करें।

सवाल यह है कि भाजपा नेता क्यों कर इस घटना को लेकर इस तरह का बयान दे रहे हैं? इसका जवाब मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखने पर मिल सकता है। यह विस्फोट ऐसे वक्त पर हुआ है जब देश के 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं और उन सभी में भाजपा की हालत पतली है। कम से कम तीन राज्यों- राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में उसका मुकाबला कांग्रेस से है तो वहीं तेलंगाना में उसे पीछे हटाकर सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति से मुख्य मुकाबले में कांग्रस ही आ गई है। रहा मिजोरम, तो वहां भी भाजपा की स्थिति सबसे फिसड्डी है। कांग्रेस अपने चुनावी अभियानों में जमीनी मुद्दों को लेकर सामने आई है। उसका फोकस न्याय योजनाओं तथा सशक्तिकरण पर है तो वहीं भाजपा के पास विकास सम्बन्धी कोई मुद्दे नहीं हैं जिसे लेकर वह जनता के सामने जाये। अब भी वह कांग्रेस तथा प्रतिपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार के नाम पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के छापे डलवाकर चुनाव जीतना चाहती है। इसके अलावा वह सामाजिक ध्रुवीकरण के ही सहारे टिकी हुई है। चुनावी राज्यों में उसका एजेंडा साम्प्रदायिकता फैलाकर बहुसंख्यक वोटों को अपनी झोली में डालना है। हालांकि जिस प्रकार से इन सभी राज्यों में कांग्रेस की आंधी चल रही है, उससे भाजपा के मुद्दों को जनता की ओर से कोई तवज्जो नहीं मिल रही है।

केरल हमेशा से ही भाजपा की आंखों की किरकिरी बना हुआ है क्योंकि वहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा की सरकार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में किसी भी भाजपायी उम्मीदवार को सफलता नहीं मिली थी। इस बार लोकसभा चुनावों के लिये जो संयुक्त विपक्ष बना है उसमें भी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व कांग्रेस सहयोगी हैं जिसके कारण भाजपा की इस सर्वाधिक शिक्षित राज्य में पांव जमाने की कोई कोशिश सफल नहीं हो रही है। इसलिये इस बम विस्फोट को सियासी तौर पर भुनाने का कोई मौका भाजपा छोड़ना नहीं चाहती- चाहे ऐसा करना देश के लिये कितना भी खतरनाक क्यों न हो।

# पश्चिम एशिया संकट : दमित फिलिस्तीनी और मुसीबत में

गत 7 अक्टूबर 2023 को हमास द्वारा इजराइल के कुछ ठिकानों पर हमले और करीब 200 यहूदियों को बंधक बना लिए जाने के बाद से इजराइल फिलिस्तीन पर हमले कर रहा है। दोनों ही हमलों की निष्ठुरता को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। ऐसे हमलों में सबसे ज्यादा नुकसान हिंसा का शिकार होने वालों का होता है – चाहे वे सैनिक हों या नागरिक। अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस समेत कई प्रमुख पश्चिमी देशों ने इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है। यहां तक कि हमास के हमले के कुछ ही घंटों बाद, भारत ने उसका समर्थन कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मणिपुर के बारे में मुंह खोलने में कई महीने लग गए और जब वे बोले भी तब भी घुमाफिरा कर। मगर इजराइल के साथ हमदर्दी जताने में उन्होंने ज़रा भी देरी नहीं की। इस मामले में कई स्तंभकार केवल हमास को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं और युद्ध की स्थितियां निर्मित करने के लिए उसे ज़िम्मेदार ठहरा रहे हैं। लेकिन साथ ही यह स्वागतयोग्य है कि इंग्लैंड और अमेरिका में इजराइल के खिलाफ कई बड़े प्रदर्शन हुए हैं (हालांकि मीडिया ने उनकी बहुत कम चर्चा की) और कई यहूदियों ने पश्चिम एशिया में इजराइल की नीतियों की आलोचना की है।

जहां तक भारत का सवाल है, पूर्व में इजराइल के मामले में उसकी नीतियां इस मुद्दे पर महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित रहीं हैं. गांधीजी ने 1938 में लिखा था, 'फिलिस्तीन उसी तरह से अरब लोगों का है, जिस तरह इंग्लैंड, अंग्रेजों का और फ्रांस, फ्रांसीसियों का है।' उन्होंने यह भी लिखा कि ईसाईयों के हाथों यहूदियों ने प्रताड़ना भोगी है। मगर इसका यह मतलब नहीं है उन्हें मुआवज़ा देने के लिए फिलिस्तीनियों से उनकी ज़मीन छीन ली जाए। यहूदी यूरोप में व्याप्त यहूदी-विरोधवाद के शिकार रहे हैं। यहूदियों के प्रति ईसाईयों के बैरभाव के कई कारणों में से एक यह है कि ऐसा माना जाता है कि ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाये जाने के लिए यहूदी ज़िम्मेदार थे। आगे चलकर व्यापारिक होड़ के कारण यह बैर और बढ़ा। यहूदी-विरोधवाद का सबसे क्रूर और सबसे हिंसक पैरोकार था एडोल्फ हिटलर जिसने लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। अकेले गैस चैम्बरों में 60 लाख यहूदी मारे गए। हिटलर द्वारा यहूदियों को हर तरह से प्रताड़ित किया गया।

यूरोप में यहूदियों को कई तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता था। इसी के नतीजे में ज़ोयनिज्म या यहूदीवाद का जन्म हुआ। थियोडोर हर्ट्सज़ल ने 'द ज्यूइश स्टेट' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी और इस मुद्दे पर स्विट्ज़रलैंड के बाल शहर में कुछ यहूदियों की बैठक हुई। ओल्ड टेस्टामेंट के हवाले से उन्होंने घोषणा की कि फिलिस्तीन की भूमि यहूदियों की है। उनका नारा था, 'भूमिविहीन मानवों (यहूदियों) के लिए मानव-विहीन भूमि (फिलिस्तीन)।' जाहिर है कि यह नारा उस भूमि पर 1,000 साल से रह रहे फिलिस्तीनियों के साथ बेरहमी करने का आह्वान था। और ये फिलिस्तीनी केवल मुसलमान नहीं थे। उनमें से 86 फ़ीसदी मुसलमान, 10 फीसदी ईसाई और 4



राम पुनियानी

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए।

फीसदी यहूदी थे। बहरहाल एक 'ज्यूइश नेशनल फण्ड' स्थापित किया गया और दुनिया भर से यहूदी फिलिस्तीन आकर वहां ज़मीन खरीदने लगे।

शुरुआत में अधिकांश यहूदी भी यहूदीवाद के खिलाफ थे। जो यहूदी फिलिस्तीन में बसे, उनसे कहा गया कि वे अपनी ज़मीन न तो किसी अरब को किराये पर दें और न किसी अरब को बेचें। उनका इरादा साफ़ था, धीरे-धीरे फिलिस्तीन पर कब्ज़ा जमाते जाओ। यहूदियों की संख्या बढ़ती गई। फिर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते के अंतर्गत फिलिस्तीन का शासन इंग्लैंड के हाथ में आ गया और वहां की आतंरिक समस्याएं बढ़ने लगीं। सन् 1917 में इंग्लैंड ने बेलफोर घोषणापत्र जारी कर 'फिलिस्तीन में यहूदी लोगों के लिए गृहराष्ट्र की स्थापना' का समर्थन किया। इस तरह फिलिस्तीन की समस्या की जड़ में ब्रिटिश उपनिवेशवाद है। महान यहूदी लेखक आर्थर केस्लेर ने बेलफोर घोषणापत्र के बारे में लिखा, 'इससे विचित्र दस्तावेज दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा था।' अमेरिकी-इजराइली इतिहासवेत्ता मार्टिन क्रेमर के अनुसार, 'यह दस्तावेज संकीर्ण और तरह-तरह के प्रतिबंधों और रोकों पर आधारित राजनैतिक यहूदीवाद की ओर पहला कदम था।' अरब लोगों ने 1936 के बाद से इस घुसपैठ का प्रतिरोध करना शुरू किया परन्तु उसे ब्रिटेन ने कुचल दिया।'

हिटलर द्वारा यहूदियों की प्रताड़ना के चलते द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद, यहूदी और बड़ी संख्या में यहां बसने लगे। यह दिलचस्प है कि यूरोप के देशों और अमेरिका ने यहूदियों को उनके देश में बसने के लिए कभी प्रोत्साहित नहीं किया। कुछ वक्त बाद, फिलिस्तीन को दो हिस्सों में बांट दिया गया- फिलिस्तीन और इजराइल और यह तय हुआ कि येरुशलम और बेथलेहम को अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण में रखा जाएगा। ज़मीन का बंटवारा अरब लोगों के हितों के खिलाफ था। लगभग 30 प्रतिशत यहूदियों जो सात प्रतिशत ज़मीन पर रह रहे थे को 55 प्रतिशत ज़मीन दे दी ग। फिलिस्तीनियों को केवल 45 प्रतिशत ज़मीन दी गई और उन्होंने इस निर्णय को अल-नकबा (तबाही) की संज्ञा दी।

इजराइल को अमेरिका और ब्रिटेन का पूरा समर्थन मिला। युद्धों के ज़रिये वह धीरे-धीरे अपने कब्ज़े की ज़मीन का विस्तार करता गया और आज स्थिति यह है कि वह मूल फिलिस्तीन की 80 प्रतिशत से भी ज्यादा ज़मीन पर काबिज़ है। फिलिस्तीनी अपनी ही ज़मीन पर शरणार्थी बन गए हैं और आज 15 लाख फिलिस्तीनी सुविधा-विहीन कैम्पों में रहने पर मजबूर हैं। शुरूआती विस्थापनों में से एक में 14 लाख फिलिस्तीनियों को अपने घरबार छोड़ने पड़े थे। इन्हीं विस्थापितों में से प्रतिरोध की एक नायिका लैला ख़ालिद उभरी थीं। वे 'पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ़ पेलेस्टाइन' के सदस्य थीं। प्रतिरोध के एक अन्य बड़े नायक थे यासेर अराफात, जिन्होंने बीच का रास्ता चुना और फिलिस्तीन को वैश्विक मुद्दा बनाया। समाधान के कई प्रयास असफल हो गए जिनमें ओस्लो समझौता शामिल है। जमीन को बांट कर वहां दो देशों- फिलिस्तीन और इजराइल- की स्थापना का प्रस्ताव इजराइल को मंज़ूर नहीं है। बल्कि इजराइल तो एक तरह से फिलिस्तीन को मान्यता ही नहीं देता। इजराइल की एक प्रधानमंत्री गोल्डा मेयर ने कहा था-'फिलिस्तीन जैसी कोई चीज़ नहीं है।' इजराइल की मूल नीति यही है।

इजराइल लगातार फिलिस्तीन की भूमि पर कब्ज़ा बढ़ाता जा रहा है और इस बारे में संयुक्त राष्ट्रसंघ के कई प्रस्तावों को इजराइल नज़रअंदाज़ करता आ रहा है। अमेरिका इजराइल की यहूदीवादी नीतियों का खुलकर समर्थन करता आ रहा है। और इसके बदले इजराइल पश्चिम एशिया में कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्ज़ा ज़माने में अमेरिका की मदद करता रहा है।

दुनिया में शायद ही कोई समुदाय इतना प्रताड़ित हो जितना कि फिलिस्तीनी हैं। वे उनकी ही भूमि पर कुचले जा रहे हैं, उन्हें उनकी ही ज़मीन से बेदखल किया जा रहा है। फिलिस्तीनी ब्रिटिश उपनिवेशवाद और अमेरिका साम्राज्यवाद के शिकार हैं। पिछले कुछ दशकों में संयुक्त राष्ट्रसंघ को बहुत कमज़ोर बना दिया गया है। ऐसे में इन प्रताड़ित लोगों को कौन न्याय देगा? यह दुखद है कि हिटलर ने यहूदियों के साथ जो किया था, वही यहूदी फिलिस्तीनियों के साथ कर रहे हैं।

यह अन्याय यदि और गंभीर होता जा रहा है तो इसका कारण है पश्चिमी देशों का इजराइल को अंध-समर्थन। पश्चिम समस्या के मूल में नहीं जाना चाहता। वह नहीं स्वीकार करना चाहता कि समस्या के मूल में है यहूदी विस्तारवाद और फिलिस्तीनियों का दमन। आवश्यकता इस बात की है कि पश्चिम एशिया के संकट के सुलझाव के लिए शांति और न्याय पर आधारित आन्दोलन चलाया जाए। वर्तमान स्थिति में एक मात्र अच्छी बात यह है कि इजराइल की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शनों में बड़ी संख्या में यहूदी भी हिस्सा ले रहे हैं।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

# स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत का फल

कथा

■ हरिहर स्वरूप

वह आदमी नहीं हैं'? कहा जाता है कि सोनिया गांधी ने पिछले हफ्ते की शुरुआत में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में नाराजगी जताई थी। कमरे में मौत जैसा सन्नाटा था। क्या उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप नहीं हैं?

खबरों के मुताबिक, सोनिया गांधी शांति धारीवाल का जिक्र कर रही थीं, जिनका नाम आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव के टिकट के लिए विचार के लिए आया था। राहुल गांधी ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि उन्होंने भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोटा में धारीवाल के खिलाफ कई शिकायतें सुनी थीं।

जो बात अनकही रह गई वह यह थी कि धारीवाल का नाम कैसे चर्चा में आया। महेश और धर्मेंद्र राठौड़ के साथ, धारीवाल को कांग्रेस के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आदमी के रूप में देखा जाता है। सितंबर 2002 के संकट में, जब कभी गांधी परिवार के कट्टर वफादार माने जाने वाले गहलोत ने उनकी जगह सचिन पायलट को लाने की पार्टी आलाकमान की योजना को विफल कर दिया, तो तीनों सीएम के साथ खड़े हो गये थे। यह तथ्य कि सीईसी धारीवाल के मामले में बहस कर रही थी, राजस्थान में गहलोत के बढ़ते दबदबे को दर्शाता है। इस बात पर जोर देकर कि उन्हें हटा दिया जाये, आलाकमान उनके कुछ टूटे हुए अधिकार को बहाल करने की कोशिश कर रहा था।

2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

हालांकि धारीवाल, राठौड़ और जोशी अंतिम सूची में शामिल नहीं हो सकते हैं, लेकिन तथ्य यह है कि विधायकों की बेंचिंग के खिलाफ गहलोत की हठधर्मिता का मतलब है कि कांग्रेस अब तक 200 में से केवल 33 नामों के साथ सामने आई है, जो इस खींचतान को दर्शाता है। सभी हिसाब से बड़ा हिस्सा—और यह महत्वपूर्ण हिस्सा है—अभी भी मुख्यमंत्री द्वारा तय किया जायेगा। गांधी परिवार 2022 में भी या अभी भी कुछ नहीं कर सका।

पिछले सप्ताह की शुरुआत में जब कोई राजस्थान भर में यात्रा कर रहा था, तो यह बार-बार सामने आया। अनेक लोगों ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे गहलोत यह कहकर 'बच गये' कि इससे परिवार की 'लाचारी' उजागर हो गई, जैसा कि और कुछ नहीं हो सकता था।

कई लोगों के लिए, यह गहलोत की बढ़ती 'ताकत' का संकेत है- जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खड़े होने की पेशकश को ठुकराना और 2020 में उनकी सरकार को गिराने की भाजपा की योजना को विफल करना भी शामिल है। 'देखो दिल्ली को आंख दिखा दी,' उन लोगों ने कहा।

कई अन्य लोगों ने कहा कि गहलोत ने दिखा दिया है कि वह 'राजनीति के जादूगर' हैं, जो अपने विरोधियों पर बाजी पलटना जानते हैं। जादूगर एक शब्द है जो अक्सर गहलोत के लिए प्रयोग किया जाता है। ध्यान रहे कि उनके पिता सच में जादूगरी करते थे।

एक 'मजबूत नेता' की यह छवि गहलोत को अच्छी स्थिति में रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दबंग, दमदार नेता (निडर, शक्तिशाली नेता) का खाका तैयार कर दिया है। इसलिए, आज राजस्थान में कांग्रेस राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और यहां तक कि सचिन पायलट के बारे में नहीं है, बावजूद इसके कि युवाओं के बीच उनकी पकड़ है और कई जिलों में उनका प्रभाव है। राजस्थान में कांग्रेस का मतलब अब गहलोत ही रह गया है। कई लोगों का मानना है कि वह सत्ता विरोधी लहर का सामना कर सकते हैं। यहां तक कि भाजपा के समर्थक भी कहते हैं, 'इन्होंने पार्टी को टक्कर की स्थिति में तो ला ही दिया है'।

सीकर जिले के नहरों की ढाणी गांव के एक जाट किसान कहते हैं: 'आम तौर पर, जब तक चुनाव घोषित होते हैं, हमें पता चल जाता है कि हवा किस तरफ चल रही है। इस बार लड़ाई होने वाली है।'

सीकर शहर में एक भाजपा समर्थक का कहना है, 'कांग्रेस के 70-80 सीटें जीतने की संभावना है।' जयपुर में एक राजनीतिक पर्यवेक्षक कहते हैं, 'इस बात की केवल 10 फीसदी ही संभावना है कि कांग्रेस आसानी से सत्ता से बाहर हो सकती है।'

एक 32 वर्षीय होटल कर्मचारी कहता है कि वह भाजपा को वोट देगा, परन्तु वह भी गहलोत के 'स्वास्थ्य और शिक्षा में अच्छे काम' को स्वीकार करता है। 'लेकिन दूसरी तरफ राष्ट्रवाद है।' मैं राष्ट्रवाद चुनूंगा।

एक रेहड़ी-पटरी वाला जो ठेले पर बेक किया हुआ सामान बेचता है, बड़े खुदरा विक्रेताओं के उदय के लिए मोदी को दोषी ठहराता है। 'हमारे पेट पर लात पड़ी है।' इस बार मैं मोदी को वोट नहीं दूंगा।

पिछले साल की तुलना में यह धारणा बदल गई है कि गहलोत ने कांग्रेस को टिकाया है, जब पार्टी की हार को तय माना जा रहा था। तब कांग्रेसियों ने भी आंतरिक सर्वेक्षणों में पार्टी को 20-25 सीटें मिलने की बात कही थी।

2018 में कांग्रेस ने बढ़त हासिल की थी और भाजपा को 73सीटें ही मिल पाई थीं। पार्टियों के बीच वोट शेयर का अंतर सिर्फ 1 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर था। कुछ ही महीनों के भीतर, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मजबूर कर दिया, और राज्य की 25 में से 24 सीटें जीत लीं और एनडीए में उसकी सहयोगी आरएलपी को 1 सीट मिली।

जयंति

## महानायकों का स्मरण दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एक ही दिवस पड़ती वह है -31अक्टूबर। यह दिन देश के दो महानायकों के स्मरण का दिन है। आज़ाद भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का राष्ट्रीय आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद भी योगदान अविस्मरणीय है। पटेल जी के योगदान और दृढ़ व्यक्तित्व को देखते हुए इन्हें 'भारत का लौह पुरुष' तथा 'भारत के बिस्मार्क' के रूप में भी जाना जाता है। सन् 2018 में, गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति 'स्टेच्यू ऑफ़ यूनिटी' पटेल जी को समर्पित की गई है जो कि देश की एकता में उनके योगदान को इंगित करती है। वहीं इंदिरा गांधी ने बचपन में पिता जवाहरलाल और मां कमला नेहरू के धरना आंदोलन से प्रभावित होकर वानर सेना बनाई जो अंग्रेज अफसरों और सैनिकों को परेशान करती थी और आज़ाद भारत के नारे लगाती थी। आज़ादी के बाद उन्होंने पिता के साथ राजनीति का ज्ञान हासिल किया। विदेश नीति को समझा। उनका यह ज्ञान जब वे भारत की प्रधानमंत्री बनीं तब काम आया। उनका सबसे बड़ा अवदान उनकी विदेश नीति थी। उससे तब दुनिया देखकर चौंकी जब देश की पूर्वी सीमा से पाकिस्तान की नाओं को खदेड़ कर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश बनाया। एक कुशल योद्धा की तरह वे अपने इरादे में विजयी रहीं और हमारी पूर्वी सीमा सुरक्षित हुई। इंदिरा जी की समझाइश के बाद ही कश्मीर एक पूर्ण राज्य बना। पहले शेख अब्दुल्ला प्रधानमंत्री कहलाते थे उन्होंने वहां मुख्यमंत्री बनाने का सिलसिला शुरू किया। तिरंगा फहराया।

गृहमंत्री पटेल ने जहां आज़ाद भारत में फैली 362से ज्यादा रियासतों को भारत का हिस्सा बनाया वहीं इंदिरा गांधी ने सिक्किम जैसे स्वतंत्र राष्ट्र को बिना लड़े समझौता करके भारत के एक राज्य में परिणत किया जिससे हमारी उत्तर की सीमा भी सुरक्षित हुई। तभी से उन्हें लौह महिला (आयरन लेडी) जैसे नाम से देश और विदेश के पत्रकार लेखकों ने नवाज़ा था। जबकि सरदार पटेल को सरदार नाम, बारडोली सत्याग्रह के बाद मिला, जब बारडोली कस्बे में सशक्त सत्याग्रह करने के लिए उन्हें पहले बारडोली का सरदार कहा गया। बाद में सरदार उनके नाम के साथ ही जुड़ गया। खेड़ा और बारडोली में सत्याग्रह की बदौलत अंग्रेजों से मिली जीत से उन्हें पहले महिलाओं ने लौह पुरुष कहा बाद में महात्मा गांधी ने भी उस नाम से उन्हें सम्बोधित किया।

आजकल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस मनाया जाता है। भारत की राजनीति में यह दिन दो मायनों में बेहद अहम है। पहला 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पड़ती है तो दूसरा इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी जिसे बलिदान दिवस के रूप में भारत सरकार मनाती रही अब सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विदित हो श्रीमती इंदिरा गांधी ने पंजाब को खालिस्तान ना बनने देने के लिए स्वर्ण मंदिर में फ़ौज भेजकर खालिस्तान बनाने वालों को परास्त किया था। बाद में स्वर्ण मंदिर में सेना भेजकर अपवित्र करने की सजा उनके ही सिख अंगरक्षकों ने उन्हें गोलियों से छलनी कर दिया था। बाद में राजीव गांधी ने इस गलती की क्षमा मांगी और तब से पंजाब शांत है। उनके बलिदान से पंजाब हमारा है और सदा रहेगा।

-सुसंस्कृति परिहार

आपके पत्र

## राजस्थान में जातिगत जटिलताओं के बीच विधानसभा चुनाव में कामयाबी पाने की कोशिश

राजस्थान की राजनीति में जाति की अहम भूमिका है। जाट, माली, ब्राह्मण व अन्य समुदाय को साधने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने कोई कसर नही छोड़ी है। राजस्थान इस बार विधानसभा में भाजपा ने राजपूत समाज को टिकट ज्यादा दिया है। कांग्रेस ने भाजपा से कम राजपूत समुदाय को टिकट आवंटित किया है। राजस्थान में इस बार किसी भी समुदाय को नाराज करने का कोई पार्टी जोखिम उठाने के लिए तैयार नहीं है। राजस्थान में गुर्जरों का हिस्सा सात प्रतिशत है। राजस्थान में दो सौ में से वे आधा दर्जन विधानसभा सीटों पर वे फैसला पलटने की ताकत रखते हैं। राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को दूसरी सूची में टिकट मिला। राजस्थान में विकास की नींव रखने वाली राजे को टिकट में लेटलतीफी के चलते सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना था। राजस्थान में कस्बाई और ग्रामीण मतदाताओं पर ध्यान ज्यादा है। दो सौ विधानसभा सीटों पर भाजपा के विस्तारकों की सीधी मुलाकात और मतदाताओं की समस्याओं को जानने दरवाजे पर दस्तक दी गई थी। भाजपा की परिवर्तन यात्रा से आम आदमी से जुड़ने का मौका मिला था। सत्ता विरोधी लहर की आशंका में कांग्रेस अनेक योजनाओं की घोषणा कर मतदाताओं को रिझाने की कोशिश की गई है। पिछले दिनों राजस्थान में जाट सम्मेलन में जाट सीएम की मांग उठी। राजस्थान में जाट समुदाय के मुख्यमंत्री बनने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा था। राजपूत समाज से कोई मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो जाट समाज को कोई आपत्ति नहीं है। ओबोसी आरक्षण 21 से 27 फीसदी बढ़ाने की मांग की गई और आगामी दिनों 20 नबम्बर को दिल्ली में जाट महाअधिवेशन बुलाने का फैसला किया था। राजस्थान में दोनों पार्टियों ने बड़े समुदाय को टिकट देकर साधने की कोशिश की है। कांग्रेस न जा राजपुत ब्राह्मण दलित और एसटी को टिकट दिया है। अब इस बार की सूची घोषित करनी बाकी है। कांग्रेस ने 20 फीसदी टिकट जाट समाज को तो भाजपा ने 17 फीसदी जाट समुदाय के उम्मीदवारों को मैदान के उतारा है। वैश्य और ब्राह्मण पर भाजपा का बड़ा दाव खेला है। आगामी दिनों में विधानसभा चुनाव होना है। दो लिस्ट में भाजपा 10 प्रतिशत राजपूत तो कांग्रेस ने पांच प्रतिशत टिकट दिए हैं। पार्टी के फोकस के आधार पर शासन के सर्वश्रेष्ठ हित में समुदाय विशेष का आवंटन ही प्रत्याशी को जीत की और अग्रसर करती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## सीरिया, इराकी सीमा पर ट्रकों पर हमला

**दमिश्क।** अमेरिकी हवाई हमलों ने सीरियाई-इराकी सीमा पर सोमवार तड़के निर्माण सामग्री से भरे ट्रकों को निशाना बनाया, जिसके बाद सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-ज़ौर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी कार्रवाई की गई। लेबनानी अल-मायादीन टीवी द्वारा जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार, निर्माण सामग्री ले जा रहे सात ट्रकों को इराक की सीमा के पास पूर्वी सीरिया में अमेरिकी बमबारी का निशाना बनाया गया।



# अमेरिका ने इजरायल पर गाजा में संचार बहाल करने के लिए दबाव बनाया

■ संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हुई

**वाशिंगटन,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने गाजा पट्टी में संचार बहाल करने के लिए इजरायल की सरकार पर दबाव बनाया है। वाशिंगटन पोस्ट ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि फिलिस्तीनी एक्सक्लेव में शुक्रवार रात से संचार ब्लैकआउट की सूचना मिली है जब इजरायल रक्षा बलों ने गाजा में जमीनी अभियानों के विस्तार की घोषणा की। संचार में खराबी के कारण आपातकालीन सेवाएं बाधित हो गईं और गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने वाले संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों से संपर्क टूट गया। रविवार को, गाजा पट्टी की नागरिक सुरक्षा ने क्षेत्र में संचार की आंशिक बहाली की पुष्टि की। उन्होंने कहा, हमने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें वापस



चालू करना होगा। उन्होंने कहा कि इजरायल ने अमेरिका को यह नहीं बताया कि उन्होंने गाजा पट्टी में संचार क्यों काट दिया। बाद में, अमेरिकी सरकार ने गाजा में संचार बहाल करने के लिए इजरायली पक्ष के साथ काम किया है। व्हाइट हाउस ने एक्स पर कहा, गाजा में संचार की बहाली महत्वपूर्ण थी, क्योंकि सहायता कर्मियों, नागरिकों और पत्रकारों को एक-दूसरे तथा अन्य दुनिया से संवाद करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। हमारे प्रशासन ने इसकी परवाह की। इस पर काम किया और इसे बहाल होते देखकर खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। बाद में, मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### संघर्ष के बीच गाजा के अस्पतालों से मरीजों को निकालना असंभव : डब्ल्यूएचओ

**गाजा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यालय ने सोमवार को कहा कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में यहां चल रहे संघर्ष के बीच तत्काल आवश्यकता के बावजूद गाजा के अस्पतालों से मरीजों को सुरक्षित निकालना असंभव है। गाजा के उत्तरी क्षेत्र में अस्पतालों से निकासी के आदेश मिलते रहते हैं। डब्ल्यूएचओ ने सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म 'एक्स 'पर दोहराया कि मरीजों के जीवन को खतरे में डाले बिना अस्पतालों को खाली कराना असंभव है,। साथ ही संगठन ने कहा कि अस्पतालों में चिकित्सा आपूर्ति खत्म हो रही है। डब्ल्यूएचओ कार्यालय ने कहा, ईंधन की कमी पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं और एम्बुलेंस की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इज़राइल पर बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किये थे और इज़रायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण किया था। इसके बाद इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और बीस लाख से अधिक आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया साथ ही पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी थी। बाद में मानवीय सहायता वाले ट्रकों को गाजा पट्टी में प्रवेश की अनुमति देने के लिए नाकाबंदी में ढील दी गई। संघर्ष के बढ़ने से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### 'इजराइल ने सीरियाई सेना के सैन्य ठिकानों पर किया हमला'

**दोहा।** इजरायली सेना ने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में सेना के दो ठिकानों पर हमले किए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीरिया के सरकारी टीवी प्रसारक ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा, आज, लगभग 01:35 पर, इजरायली दुश्मन ने कब्जे वाले सीरियाई गोलान से हवाई हमला किया, जिसमें दारा शहर के आसपास हमारे सशस्त्र बलों की दो चौकियों पर हमला किया गया, जिससे भौतिक क्षति हुई। हमले में संभावित हताहतों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 31 अक्टूबर, 2023 कार्तिक कृष्ण पक्ष 2

### राशिफल

मेष -आज आप खर्च में संयम बनाए रखें। अनावश्यक कारणों पर भी धन खर्च हो सकता है। धन संबंधी एवं लेन-देन संबंधी सभी कामों में सावधानी रखने की जरूरत है। किसी के साथ विवाद न हो, इसका ध्यान रखें।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। मानसिक रूप से आज आप वैचारिक स्थिरता का अनुभव करेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप लगन के साथ काम कर पाएंगे।

मिथुन -आज आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता के साथ चिंता में भी रहेगा। शारीरिक कष्ट, विशेषकर आंखों में पीड़ा होने की आशंका रहेगी। परिजनों और स्नेहियों के साथ किसी घटना की संभावना है।

कर्क -आज का दिन आपके लिए बहुत लाभकारी है। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी अन्य तरीके से भी आर्थिक लाभ होगा। मित्रों के साथ मुलाकात हो सकती है। व्यापार में लाभ होगा। संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

सिंह -आपके दृढ़ मनोबल और भरपूर आत्मविश्वास से हर काम सफलतापूर्वक संपन्न होंगे। व्यापार के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। पदोन्नति की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

कन्या -आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला -आप की वाणी पर संयम रखें। नियम विरुद्ध काम ना करें। नए संबंधों से नुकसान हो सकता है। आर्थिक परेशानी में दिन गुजरेगा। ईश्वर की आराधना एवं आध्यात्मिकता आपके मन को शांति प्रदान कर सकती है।

वृश्चिक -आज आप दैनिक कामों से दूर आनंद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

धनु -आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि तथा यश मिलेगा।

मकर -आज आप मानसिक रूप से काफी अशांत और असमंजस में रहेंगे। आप कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले पाएंगे, जिससे तनाव में रहेंगे। भाग्य आज आपके साथ नहीं रहेगा, इससे आपको काफी निराशा का अनुभव होगा।

कुंभ -अत्यधिक संवेदनशील होने के कारण आज आप मानसिक बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। इस कारण जिद्दीपन आएगा। सार्वजनिक रूप से मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए शुभ है। विचारों में दृढ़ता रहेगी, काम अच्छी तरह से पूरे होंगे। सृजनात्मक और कलात्मक शक्ति में वृद्धि होगी। दोस्तों या परिजनों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## यूक्रेनी सेना ने डोनेट्स्क दिशा में 285 सैनिकों को खोया

**मॉस्को,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। डोनेट्स्क दिशा में पिछले 24 घंटों में यूक्रेनी सेना के 285 सैनिक मारे गए और कई घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इस दिशा में दुश्मन देश के कुल 285 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। इसके अलावा दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, तीन कारें थीं। जवाबी-बैटरी संघर्ष के दौरान रूस ने दो अमेरिकी निर्मित एम777 हॉवित्जर तोपें, साथ ही एक स्व-चालित तोपखाना ग्वोज्डिका क्षतिग्रस्त हो गया है। मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन के जापोरीजिया दिशा में 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, हमलों में दुश्मन देश 220 सैनिक मारे गए और घायल हुए, दो टैंक, जिनमें एक जर्मन निर्मित लीओपोर्ड टैंक, दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन और तीन पिकअप वाहन शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि रूस ने कुप्यांस्क दिशा में यूक्रेन के नौ हमलों को विफल कर दिया और कीव ने अपने 90 सैनिकों को भी खोया है।

## उत्तर रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय रेल, व्यापक जनहित में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने में सदैव अग्रणी रही है । भ्रष्टाचार की बुराई के प्रति जनजागरूकता फैलाने और भारत को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाने में सहयोग देने के लिए उत्तर रेलवे, दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन कर रही है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के उद्घाटन अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली में अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई । इस सत्यनिष्ठा शपथ में उत्तर रेलवे के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार से लड़ने की शपथ ली ।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अयोजन किया जाता है । इस वर्ष यह दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' थीम पर आयोजित किया जा रहा है । आगामी सप्ताह के दौरान, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़-नाटक और स्टेशनों का दौरा कर जागरूकता फैलाने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई

## मेक्सिको में ओटिस तूफान का कहर
## मृतकों की संख्या बढ़कर 48 हुई

**मेक्सिको सिटी,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेक्सिको के गुएरेरो प्रांत में शक्तिशाली तूफान ओटिस की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है और 36 लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय गवर्नर एवलिन सालगाडो ने सोमवार को यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि ओटिस तूफान बुधवार को गुएरेरो के प्रशांत तट से टकराया था, जिससे मैक्सिको के मुख्य पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को के समुद्र तटीय रिसॉर्ट को गंभीर नुकसान पहुंचा। मेक्सिको की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने अपने बयान में बताया कि रिसॉर्ट शहर अकापुल्को में 43 और पास के कोयुका डी बेनिटेज़ में पांच लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि प्रांत के स्वामित्व वाले संघीय विद्युत आयोग ने अकापुल्को बंदरगाह में तूफान की चपेट में आने से गिरे 10 हजार बिजली के खंभों में से 3,211 बिजली के खंभों को बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए सही कर दिए गए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शक्तिशाली तूफान के कारण अकापुल्को में ठप बिजली आपूर्ति आज रात तक पूरी तरह से बहाल कर दी जाएगी। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक इस बार का तूफान वर्ष 2015 में आए तूफान पेट्रीसिया से ज्यादा शक्तिशाली था।

## आर्मेनिया तीसरे देशों के नागरिकों के लिए तुर्किए के साथ सीमा खोलने को तैयार

**येरेवान,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आर्मेनिया तीसरे राज्यों के नागरिकों के पारगमन के लिए तुर्किए के साथ अपनी सीमा खोलने के लिए तैयार है और इस संबंध में अंकारा के साथ हुए समझौतों के साकार होने की उम्मीद है। अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वियना में जुलाई में, संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया पर अपने विशेष प्रतिनिधियों की एक बैठक के बाद, दोनों देश तीसरे देशों के नागरिकों की आवाजाही के लिए भूमि सीमा खोलने पर सहमत हुए और इस मामले पर आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया। श्री पशिनयान ने एक संसदीय बैठक में कहा, मुझे तुर्कीये के साथ समझौतों के साकार होने की उम्मीद है। वे तीसरे राज्यों के नागरिकों और राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए भूमि सीमा खोलने से संबंधित हैं। अर्मेनिया ने मार्गारा चेकपॉइंट के नवीनीकरण के लिए काम किया है और पहले से ही इन प्रक्रियाओं को शुरू करने के लिए तैयार है। तुर्की और आर्मेनिया के बीच वर्तमान में आधिकारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि 1993 से तुर्किए की पहल पर दोनों देशों के बीच की सीमा बंद कर दी गई है।

## आज का इतिहास

1517 – मार्टिन लूथर ने विटेनबर्ग चर्च के दरवाजे पर अपनी 95 थीसिस पोस्ट की। इसके साथ ही जर्मनी में प्रोटेस्टेंट सुधार की शुरुआत हुई।
1759 – फिलीस्तीन के साफेद में भूकंप से 100 लोग मारे गये।
1863 – ग्रेट ब्रिटेन ने वाइकाटो, न्यूजीलैंड पर हमला किया
1864 – नेवादा अमेरिका का 36वां प्रांत बना।
1875 – स्वतन्त्रता सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ पटेल का जन्म हुआ।
1876– भारत में विनाशकारी चक्रवात में 2,00,000 से अधिक लोग मारे गए
1905 – अमेरिका के सेंट पीटर्सबर्ग में क्रांतिकारी प्रदर्शन।
1908 – चौथे ओलंपिक खेलों का लंदन में समापन।
1914 – ब्रिटेन तथा फ्रांस ने तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1917 – प्रथम विश्व युद्ध – बेर्शेबा की लड़ाई
1920 – मध्य यूरोपीय देश रोमानिया ने पूर्वी यूरोप के बेसाराबिया पर कब्जा किया।
1920 – भारत का सबसे पुराना ट्रेड यूनियन, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस का गठन
1953 – बेल्जियम में टेलीविजन का प्रसारण शुरू हुआ।
1956 – स्वेज नहर को फिर से खोलने के लिए ब्रिटेन तथा फ्रांस ने मिस्र पर बमबारी शुरू की।
1959 – सोवियत संघ तथा मिस्र ने नील नदी पर अस्वान बांध बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1960 – बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से लगभग दस हजार लोगों की मौत।
1966 – भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।
1978 – ईरान में तेल कर्मचारियों की हड़ताल शुरू।
1978 – यमन ने अपना संविधान अंगीकार किया।

**कूटनीति** अमेरिका के निमंत्रण पर चीनी विदेश मंत्री वांग ने किया दौरा

## चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय भेंटवार्ता ने मिले सकारात्मक संकेत

**बीजिंग,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के निमंत्रण पर 26 से 28 अक्टूबर तक चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने अमेरिका का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात की। वांग यी ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ दो दौर की वार्ता की और राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सुरक्षा सहायक सुलिवन से भी मुलाकात की। इस साल जून में कई उच्च-स्तरीय अमेरिकी अधिकारियों के चीन दौरे के बाद यह किसी उच्च-स्तरीय चीनी अधिकारी की अमेरिका की पहली यात्रा है।

दोनों पक्ष सैन फ्रांसिस्को में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बैठक कराने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। इस खबर ने लोगों का व्यापक ध्यान आकर्षित किया है। विश्लेषकों का मानना है कि यह निस्संदेह एक स्पष्ट संकेत है, जो लोगों को भविष्य में चीन-अमेरिका संबंधों के विकास के प्रति सावधानीपूर्वक आशावादी बने रहने का कारण देता है। इस यात्रा के दौरान चीन का रुख स्पष्ट रहा और चीन ने चीन-अमेरिका संबंधों के विकास के लिए पांच जरूरी बातों को बहुत स्पष्ट रूप से सामने रखा। यानी दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच बनी सहमति का पालन किया जाना चाहिए, चीन-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर किया जाना चाहिए, संचार माध्यम को खुला रखा जाना चाहिए, मतभेदों, संघर्षों और मनमुटावों का प्रबंधन किया जाना



■ विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ दो दौर की वार्ता की

चाहिए, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही, चीन ने चीन-अमेरिका संबंधों को प्रभावी ढंग से स्वस्थ रास्ते पर वापस लौटने के लिए स्पष्ट समझ और योजना भी बनायी।ज्अमेरिका ने भी इस संबंध में अपेक्षाकृत सकारात्मक बयान दिया, जिसमें जोर दिया गया कि अमेरिका को उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच संबंध स्थिर और टिकाऊ होंगे। साल 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दबाव का सामना करते हुए, वर्तमान अमेरिकी सरकार को एक अच्छे चीन-अमेरिका संबंध का निर्माण करने की जरूरत है। चीन और अमेरिका दोनों के स्वस्थ विकास को लाभ पहुंचाना राजनयिक क्षेत्र में राष्ट्रपति बाइडेन का सबसे संभावित प्लस पॉइंट बन गया है। इस बार की चीन-अमेरिका उच्च स्तरीय भेंटवार्ता में अमेरिका ने सकारात्मक और व्यावहारिक मोड़ दिखाया है, जो अपेक्षित भी है। वर्तमान में, चीन-अमेरिका आर्थिक कार्य समूह और वित्तीय कार्य समूह के क्रमिक संचालन से लेकर स्थानीय आदान-प्रदान, जलवायु परिवर्तन और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की बहाली तक, चीन और अमेरिका के बीच सभी स्तरों पर आदान-प्रदान अधिकाधिक होता जा रहा है।

## सुडोकू 6362


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6362



**बायें से दायें:-**
१. जिसका कोई दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना, निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने वाला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. ढेर, खजाना (उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

**ऊपर से नीचे:-**
१. आवश्यक, जरूरी
२. पूरी तरह भीगा हुआ (उर्दू)
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने योग करने संबंधी, सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयक़शी
११. पारिश्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डॉ. राधाकृष्णन को कहा जाता है-
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजा, उपासना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6361



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री पहले स्थान पर रही

**बीजिंग,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल ही में तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के वाणिज्य विभाग से मिली खबर के अनुसार, इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में तिब्बत की उपभोक्ता वस्तुओं की कुल खुदरा बिक्री 63 अरब 21 करोड़ युआन रही, जो कि गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18.8 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि दर देश भर में पहले स्थान पर रही। साथ ही, यह वृद्धि दर साल 2021 और साल 2019 की तुलना में क्रमश: 13.1 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत ज्यादा रही। इस विभाग के संबंधित अधिकारी के मुताबिक, इस वर्ष वाणिज्य विभाग ने उपभोग को बहाल करने और विस्तार करने के लिए 24 उपायों और रात्रि अर्थव्यवस्था और अवकाश अर्थव्यवस्था के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने के लिए 8 उपायों को लागू किया। स्वायत्त प्रदेश और शहर दोनों स्तरीय वाणिज्य विभागों ने उपभोग संवर्धन के लिए 26 करोड़ युआन से अधिक की विशेष राशि लगाई। साथ ही, उपभोग को बढ़ावा देने के लिए खुशहाल तिब्बत और आनंददायक उपभोग शीर्षक विशेष अभियान लागू किया।

# प्रादेशिकी

**भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल जरूरी**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए टेक्नोलॉजी का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से भ्रष्टाचार पर तो अंकुश लगेगा ही साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि ई-रिकार्ड की दिशा में हमें तेजी से आगे बढ़ना है। ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' का संदेश हम जन-जन तक पंहुचाने में सफल रहे तो भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए यह काफी कारगर सिद्ध होगा। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए राज्य में काफी कार्य हुए हैं।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एमेच्योर रेडियो को बढ़ावा दे रही प्रदेश सरकार

**शिमला,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से हर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है। प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन स्थिति से प्रभावशाली तरीके से निपटने के लिए प्रदेश सरकार संचार के बेहतर वैकल्पिक साधन विकसित करने पर बल दे रही है। आपदा की स्थिति में जब फोन और इंटरनेट जैसी संचार सेवाएं ठप्प हो जाती हैं तो इससे निपटने के लिए राज्य सरकार ने आपात स्थिति के दौरान वैकल्पिक संचार के लिए एक प्रभावी उपकरण के रूप में एमेच्योर रेडियो (हैम) को बढ़ावा देने को स्वीकृति प्रदान की है।

इस पहल के तहत राज्य के प्रत्येक उप-मण्डल में कम से कम एक हैम रेडियो स्वयंसेवक बनाने की परिकल्पना की गई है। ये स्वयंसेवक किसी भी आपदा या आपातकाल की स्थिति में राज्य स्तर पर स्थापित आपातकालीन संचालन केंद्र और सभी जिला आपातकालीन संचालन केंद्रों से जुड़कर वैकल्पिक संचार चैनल स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसका प्रभावशाली कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, स्वयंसेवकों को पंजीकृत किया जाएगा और स्थापित मानदंडों के अनुसार एमेच्योर रेडियो के




संचालन के लिए लाइसेंस भी दिए जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार स्वयंसेवकों को आवश्यक उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

**आवश्यक उपकरणों पर 80 फीसदी तक व्यय वहन करेगी सरकार**

आवश्यक उपकरणों की 80 प्रतिशत लागत का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा तथा शेष 20 प्रतिशत लागत स्वयंसेवकों को वहन करनी होगी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार शैक्षणिक संस्थानों में नए हैम रेडियो क्लब स्थापित करने, मौजूदा हैम रेडियो क्लबों को मजबूत करने और स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण प्रदान करने में भी मदद करेगी। प्रशिक्षित एमेच्योर रेडियो ऑपरेटरों के कौशल का उपयोग आवश्यकता और आपात स्थिति के समय सार्वजनिक सेवा के लिए किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि आपातकालीन संचार में एमेच्योर रेडियो का अत्यधिक महत्व है, क्योंकि जब टैलीफोन, मोबाईल फोन सहित अन्य पारम्परिक संचार सेवाएं बाधित हो जाती हैं तो यह रेडियो स्टेशन सूचना सम्प्रेषण में उपयोगी हो सकते हैं। लम्बी दूरी तय कर सकने की इनकी क्षमता के कारण यह आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। संचार प्रणाली ठप्प होने की स्थिति में इसके माध्यम से आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जा सकती हैं जिससे आपदा के कारण होने वाली क्षति को भी कम किया जा सकता है। आपदा के दौरान स्रोत व्यक्ति, आपातकालीन प्रबंधन से जुड़े लोगों और आपदा प्रभावितों के बीच आपसी सम्पर्क बेहद अहम् होता है।

मुख्यमंत्री का कहना है कि बारिश और सर्दियों के मौसम के दौरान लाहौल-स्पीति, चंबा और किन्नौर जैसे जनजातीय जिलों सहित कई क्षेत्रों में संचार प्रणाली अक्सर ठप्प हो जाती है। ऐसी परिस्थितियों में, संचार के वैकल्पिक साधन के रूप में हैम रेडियो की भूमिका और भी बढ़ जाती है। इसलिए, राज्य सरकार ने भविष्य की चुनौतियों के दृष्टिगत आपातकालीन संचार के एक प्रमुख उपकरण के रूप में हैम रेडियो को बढ़ावा देने का निर्णायक कदम उठाया है।

## सतर्कता विभाग में 103 नए पद सृजित किए जाएंगे: धामी

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर 2023 तक चलने वाले सतर्कता सप्ताह के अन्तर्गत ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सतर्कता विभाग में 103 नये पद सृजित किये जायेंगे। सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को प्रभावी रूप से और बेहतर बनाने के लिए सर्विलांस व तकनीकि विशेषज्ञों की टीम का गठन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सतर्कता विभाग के इंस्पेक्टर तुषार बोहरा, इंस्पेक्टर भानु प्रकाश आर्य, एएसआई दिवाकर शर्मा और कांस्टेबल नवीन कुमार को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई। भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए की गई कार्रवाई के लिए विजिलेंस विभाग मुख्यमंत्री को महीने में दो बार रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के दौरान भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाया जाए।

- मुख्यमंत्री ने किया सतर्कता सप्ताह का शुभारंभ

## स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए सरकार है कटिबद्ध : सुरेश भट्ट

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। अस्पतालों को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है ताकि मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके। समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ रखना व सभी तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। ये बातें राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट, द्वारा एन.एच.एम. के अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा जन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक महत्वपूर्ण कड़ी है। समीक्षा बैठक में प्रदेश में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वय हेतु सभी अधिकारियों व कार्मिकों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गये। सुरेश भट्ट द्वारा उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के पश्चात आयोजित प्रथम बैठक में प्रदेश में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य सेवाएं आमजनमानस की भावनाओं से जुडा विषय है, जिसका संपादन केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अति आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड से जुड़कर मैं एक



- अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ
- नवनियुक्त उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने ली एन.एच.एम. के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

सहयोगी के नाते काम करूंगा व मेरे द्वारा एन.एच.एम. को संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक में प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी कार्यक्रमों को विस्तारपूर्ण जाना और संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों को विभिन्न जनकल्याणकारियों नीतियों को धरातल में अमल करने पर उचित दिशा-निर्देश दिए।

सुरेश भट्ट द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम जिनमें टी.बी उन्मूलन, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, गैर संचारी रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर और अधिक कार्य करने की जरुरत है, जिससे प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ मिल सके। बैठक के दौरान देशभर में संचालित 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' के अंतर्गत मा. उपाध्यक्ष द्वारा एन.एच.एम. अधिकारियों व कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई।

बैठक में श्रीमति स्वाति एस भदौरिया मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, श्रीमति अमनदीप कौर, अपर मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय कुमार नगरकर, डॉ अमित शुक्ला, डॉ फरीदुजफर, डॉ पंकज सिंह, डॉ राजन अरोड़ा, डॉ मुकेश राय, डॉ अर्चना ओझा, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक महेंद्र मौर्य, राज्य लेखा प्रबंधक राम कृष्ण भट्ट आदि अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे।

### सार संक्षेप

#### चीनी मिल में प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाया गया, 10 नवंबर को होगा परीक्षण

**नवांशहर।** पंजाब में नवांशहर जिले के उपायुक्त नवजोत पाल सिंह रंधावा ने सोमवार को कहा कि शुगर मिल नवांशहर में प्रदूषण को रोकने के लिए उपकरण लगाया गया है और इसकी कार्य प्रणाली की जांच 10 नवंबर को की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि लंबे समय से शहरवासियों की शिकायत रही है कि चीनी मिल में लगे पावर प्लांट से भारी मात्रा में प्रदूषण होता है और इससे निकलने वाली राख से स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें होती हैं। उन्होंने कहा कि चीनी मिल और पावर प्लांट प्रबंधकों के साथ कई बैठकें की गईं और इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रदूषण रोकथाम उपचार डिवाइस स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि इस डिवाइस का इंस्टालेशन पूरा हो चुका है और 10 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे इसकी कार्यप्रणाली जांचने के लिए चीनी मिल का दौरा किया जाएगा, जिसमें कोई भी शहरवासी भाग ले सकता है।

#### जालंधर में धान की खरीद का लक्ष्य 51 प्रतिशत पूरा, किसानों को 1118 करोड़ रुपए का भुगतान

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर की अनाज मंडियों में चालू खरीफ विपणन सीजन के दौरान 10.58 लाख टन धान की खरीद होने की उम्मीद है। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने सोमवार को बताया कि 29 अक्टूबर तक जिले की अनाज मंडियों में 563834-एमटी धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 544218-एमटी धान की खरीद हो चुकी है, जो धान के अनुमानित लक्ष्य से आधे से अधिक है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने अनाज के उठान और परिवहन की प्रक्रिया में और तेजी ला दी है, क्योंकि 29 अक्टूबर तक खरीदे गये 92 प्रतिशत से अधिक धान को अनाज मंडियों से पहले ही उठाया जा चुका है।

#### सुशासन और गरीब कल्याण पर सरकार का विशेष फोकस

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में विशेष फोकस है। यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्येक पात्र को पूरा लाभ मिले, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्ट आचरण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कार्य व्यवहार में शालीनता के साथ ही जनहित में कार्य करने की भावना को लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए जारी किये गये नम्बर 1064 का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाय।

## जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में उद्योग मित्र समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्योग मित्र की समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करें तथा औद्योगिक क्षेत्र में मूलभूत सुविधा सड़क, नाली स्ट्रीट लाईट आदि व्यवस्थाएं सुचारू रहें इसके लिए महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र सम्बन्धित विभाग से समन्वय करते हुए आंगणन तैयार करवायें। जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थान में मार्गों पर अतिक्रमण की समस्या पर नगर निगम एवं नगर निकायों को अभियान चलाते हुए अतिक्रमण से मुक्त करने के निर्देश दिए। लालपुल औद्योगिक आस्थान मार्ग पर अतिक्रमण हटाने तथा सफाई व्यवस्था ठीक किए जाने की मांग पर नगर निगम देहरादून को कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही यातायात पुलिस पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। औद्यागिक आस्थान सेलाकुई में शौचालय निर्माण की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि शौचालय निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा फिनिसिंग कार्य प्रगति पर है जल्द ही शौचालय संचालित हो जाएंगे। आद्यौगिक आस्थानों में निर्माण कार्यों के दौरान विद्युत शटडाउन का समय का सुबह 07 से 12 बजे तक रखने की उद्योग बन्धुओं की मांग पर जिलाधिकारी ने यूपीसीएल के अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए। औद्योगिक आस्थान पर सड़क ठीक करवाने के अनुरोध पर महाप्रबन्धक जिला उद्योग को आंगणन तैयार करवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थान मौहब्बेवाला के प्रवेश द्वार से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश उप नगर आयुक्त नगर निगम का दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अध्यक्ष उद्योग एसोसिएशन पंकज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, अनिल मारवा, उप नगर आयुक्त नगर निगम गोपालराम बिनवाल, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र अंजली रावत, यातायात निरीक्षक रविंकात, आरओ उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड डॉ आर के चुर्वेवेदी, यूपीसीएल, पिटकुल, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चुनाव नजदीक आते ही भाजपा और कांग्रेस में राजनीतिक युद्ध तेज

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच वाक युद्ध भी तेज होता जा रहा है। कांग्रेस के नेता प्रीतम सिंह ने हारी हुई विधानसभा सीटों वाले क्षेत्र की जिम्मेदारी भाजपा सांसदों को सौंपे जाने के बाद अब भाजपा सांसदों के दौरे शुरू होने और गांव-गांव तक जाने पर कहां कि यह सांसद 5 सालों से कहां है? प्रीतम सिंह ने सवाल उठाया कि अच्छी बात है कि अब भाजपा सांसद आ रहे हैं। जनता को उनसे पूछना चाहिए कि वह 5 सालों से कहां थे कितनी बार उनके पास आए और उनके क्षेत्र में उन्होंने कितने विकास कार्य कराए? प्रीतम सिंह के बयान पर पलट वार करते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि भाजपा कांग्रेस की तरह एयर कंडीशनर कमरों में बैठकर विज्ञप्तिया जारी नहीं करती है। भाजपा के प्रधानमंत्री से लेकर प्रधान तक सभी हमेशा जनता के बीच रहकर ही काम करते हैं। कांग्रेस को अपनी चिंता करनी चाहिए भाजपा को अच्छे से पता है कि उसे अपना काम कैसे करना है।

**भाजपा ने सभी 19 जिलों में प्रवक्ता किए नियुक्त**

## कुल्लू दशहरे महोत्सव की दिव्यता व भव्यता और पवित्रता पर स्वालिया निशान लगाना सरकार की विफलता: बिंदल

**शिमला,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब ऐतिहासिक कुल्लू दशहरा में इतना कुप्रबंधन देखने को मिला है, यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर बिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि कुल्लू दशहरा हिमाचल प्रदेश का एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव है और इस उत्सव का प्रभाव पूरे प्रदेश और देश पर पड़ता है। यहां कुप्रबंधन होना साफ रूप से दिखता है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल नाम का व्यवस्था परिवर्तन कर रही है और धरातल पर व्यवस्था तो उलटी दिशा में चल रही है। दशहरे महोत्सव की दिव्यता व भव्यता और पवित्रता पर स्वालिया निशान लगाना सरकार की विफलता है और निंदनीय है।

हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है और देवताओं के रीति रिवाजो का मान सम्मान प्रदेश की जनता कई दशकों से करती आ रही है, पर इस बार कुल्लू दशहरे में कुछ विपरीत ही देखने को मिला जब देवताओं का आगमन कुल्लू में हुआ तो उनको सरकार द्वारा उचित स्थान न देकर उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई गई और उसके बाद जिस प्रकार से देवताओं के स्थान पर आग लगी यह कोई शुभ संकेत नहीं है। बिंदल ने कहा कि कुल्लू दशहरे की व्यवस्थाओं पर लगातार प्रश्न चिन्ह उठते चले जा रहे हैं अगर आप देवताओं के लिए दिए टेंट के बारे में बात कर ले तो उनके मानको पर भी सवाल उठे हैं, किस प्रकार से उन टेंट में आग लग जाती है, क्या सरकार को आग को लेकर उचित प्रबंध नहीं करना चाहिए था?

क्या यह प्रबंधन सरकार की विफलता नहीं है? बदलती व्यवस्था परिवर्तन तो इस तरफ इशारा करता है की स्थानीय राजनीति का बहुत बड़ा प्रभाव अब स्थानीय मेलो, कार्यक्रमों और उत्सवों पर पढ़ना शुरू हो गया है।

- देवताओं के स्थान पर आग लगी यह कोई शुभ संकेत नहीं
- वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल नाम का व्यवस्था परिवर्तन कर रही है
- स्थानीय राजनीति का बहुत बड़ा प्रभाव अब स्थानीय मेलो, कार्यक्रमों और उत्सवों पर पढ़ना शुरू

## बिजरानी रेंज में बाघिन का शव मिलने से हड़कंप

**नैनीताल,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के बिजरानी क्षेत्र में गस्त कर रही वनकर्मियों की टीम को बीती देर शाम एक बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना गश्तीदल द्वारा अपने उच्चाधिकारियों को दी गयी। सूचना पर मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारियों व पार्क के डॉक्टरों की टीम ने जांच की शुरू कर दी है। कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज के अर्न्तगत बिजरानी दक्षिणी बीट मलानी के ब्लॉक क.सं. 18 बिजरानी चीड क्षेत्र में हाथी गश्ती दलों को एक बाघिन का शव पड़ा मिला, जिसके बाद वनकर्मियों द्वारा घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। सूचना पाकर बिजरानी रेंज के वन रेंज अधिकारी मौके पर पहुंचे,और घटना स्थल का मौका मुआयना किया गया साथ ही डॉक्टरों की टीम भी मौके पर पहुंची। जिसमे पार्क के वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ दुष्यन्त शर्मा के साथ ही 3 डॉक्टरों द्वारा बाघिन के शव का पोस्टमार्टम किया गया। वही जानकारी देते हुए कॉर्बेट पार्क के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि बाघिन की उम्र लगभग 15 वर्ष है।

## बीमारी के चलते बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी का निधन

- दल्ली के फोर्टिज अस्पताल में ली अंतिम सांस
- हरिद्वार जनपद की मंगलोर विधानसभा सीट से दो बार रह चुके विधायक
- कुछ समय पहले दिल की हुई थी बाइपास सर्जरी

**हरिद्वार,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलौर से बहुजन समाज पार्टी के विधायक सरवत करीम अंसारी का निधन हो गया है। वे लंबे समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे। कुछ महीने पहले ही मुंबई में भी उनका इलाज हुआ था। सोमवार की सुबह सरवत करीम अंसारी का निधन हो गया। जिससे पूरे कस्बे व आस पास के इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्रदेश के कई बड़े राजनेताओं और सामाजिक संगठनों ने विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन पर शोक जताया है। विधायक सरवत करीम अंसारी की हालत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली ले जाया गया था। बताया जा रहा है कि वह 3 दिन से वेंटिलेटर पर थे और उनकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। दिल्ली स्थित फोर्टिज अस्पताल में ही उन्होंने अंतिम सांस ली है।

बसपा विधायक सरवत करीम अंसारी का राजनीतिक सफर लगातार उतार चढ़ाव से भरा रहा। साल 2012 के विधानसभा चुनाव में सरवत करीम अंसारी पहली बार बसपा के टिकट पर विधायक बने। कांग्रेस के दिग्गज नेता काजी निजामुद्दीन से उनका हमेशा से कड़ा मुकाबला रहा।

### अंसारी के निधन पर सीएम व अन्य नेताओं ने शोक किया व्यक्त

देहरादून। मंगलौर विधानसभा से विधायक सरवत करीम अंसारी के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक किशोर उपाध्याय व पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने शोक व्यक्त किया। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलौर विधानसभा से विधायक एवं बसपा नेता सरवत करीम अंसारी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## हिमाचल में पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक

**शिमला,** 30 अक्तूबर (एजेंसियां)। चंडीगढ़ स्थित उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक से प्राप्त केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जिले में दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक तथा आतिशबाजी रखने एवं विक्रय हेतु अस्थाई बूथ बनाने को लेकर दिशा निर्देश जारी किये गए हैं ताकि आतिशबाजी परिसर में किसी भी दुर्घटना या अन्य अप्रिय घटना को रोका जा सके। निर्देशानुसार आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के लिए जिला मजिस्ट्रेट किसी अस्थायी दुकान में आतिशबाजी रखने और विक्रय के लिए अस्थायी अनुज्ञप्तियाँ जारी कर सकते हैं। आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखे जाएंगे जो इस प्रकार से बंद और सुरक्षित होगा, जिससे कि अप्राधिकृत व्यक्तियों की उसमें पहुंच को निवारित किया जा सके। आतिशबाजी के कब्जे और विक्रय के शेड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर और सुरक्षित कार्य से पचास मीटर की दूरी पर होंगे। शेड एक दूसरे के आमने सामने नहीं होंगे। शेड में या शेडों की सुरक्षित दूरी के भीतर तेल से जलने वाले लैंपों, गैस लैंपों या खुली बत्तियों का उपयोग नहीं किया जाएगा। विद्युत बत्तियां यदि उपयोग की जाती है तो दीवार पर या छत पर फिक्स किए जाएंगे।

### सुडोकू 6362 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

# कैबिनेट उत्तराखण्ड में लागू होगी केंद्रीय स्क्रैप नीति

## डिजास्टर मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस के लिए 8 करोड़ 9 लाख रुपए को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पर्यटन, परिवहन और ऊर्जा विभाग से जुड़े तमाम अहम प्रस्तावों पर विचार मंथन के बाद 30 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। विदेश दौरे पर होने के कारण सतपाल महाराज, गणेश जोशी व प्रेमचंद अग्रवाल बैठक में शामिल नहीं हुए। सुबोध उनियाल व रेखा आर्य बैठक में मौजूद रही।

जैसा कि संभावनाएं जताई जा रही थी सरकार ने आज की इस कैबिनेट बैठक में दिसंबर माह में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर अपनी औघोगिक नीतियों में आंशिक बदलाव भी किया। उत्तराखंड में बड़ा निवेश करने पर सरकार द्वारा आर्थिक पैकेज देने का फैसला किया गया है। खास बात यह है की पुराने निवेशक या उघोगपति 200 करोड़ से अधिक का निवेश करते हैं तो उन्हें सरकार द्वारा सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। सरकार द्वारा राज्य में चलाये जा रहे सोलर वॉटर हीटर अनुदान योजना जिसे बंद कर दिया गया है उसे



फिर से शुरू कर दिया गया है जिसके तहत कमर्शियल को 30 व घरेलू उपयोग के लिए 50 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी।

कैबिनेट की बैठक में आज जलागम से जुड़ा बड़ा फैसला करते हुए पूरे प्रदेश में मास्टर प्लान बनाकर नदी नालों पर चेक डैम बनाए जाएंगे। जिसके लिए एक ऑर्थटी का भी गठन होगा। कैबिनेट की बैठक में सभी कर्मचारियों को नई या पुरानी पेंशन योजना का विकल्प देने का भी फैसला किया गया। कट ऑफ डेट के तहत जो भी विज्ञप्ति जारी होगी उसमें भर्ती कर्मचारी यह चुन सकेंगे कि वह पुरानी पेंशन योजना में रहना चाहते हैं या नई।

सोमवार को की कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार की स्क्रैप नीति को लागू करने का फैसला भी लिया गया है जिसके तहत आयु पूरी कर चुके वाहनों को स्क्रैप करने पर नया वाहन खरीद में 15 से 25 फीसदी की छूट दी जाएगी तथा आयु पूरी कर चुके वाहनों को रेन्यू नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉलेज में योग प्रशिक्षितों की नियुक्ति 300 रूपये प्रति घंटे पर संविदा के जरिए करने और गन्ना एवं खाडसारी नीति को 23-24 तक बढ़ाये जाने का फैसला भी किया गया है। पर्यटन नीति में संशोधन कर सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने तथा राजाजी टाइगर रिजर्व कंजर्वेशन फाउंडेशन बनाने का फैसला किया गया है। कैबिनेट के अहम फैसलों में मुनि की रेती ढालवाला को ए श्रेणी से उच्चकृत करने व ग्राम्य विकास सहायक के पद सृजित करने के फैसले भी लिए गए हैं। बैठक में कुल 30 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।

>>> पर्यटन विभाग में सिंगल विंडो सिस्टम लागू होगा
>>> मुनिकी रेती ढालवाला को श्रेणी एक में उच्चीकरण करने का निर्णय
>>> एडीबी प्रोजेक्ट के तहत पावर हाउस के उच्चीकरण का काम यूपीसीएल के तहत किया जाएगा
>>> ग्राम्य विकास विभाग में लेखाकार के स्वीकृत पर बदलाव किया गया
>>> राजाजी टाइगर रिजर्व कंजर्वेशन फाउंडेशन बनाने का लिया गया निर्णय
>>> कमर्शियल वाहनों को 15 फीसदी और प्राइवेट वाहनों को 25 फीसदी की छूट दी जाएगी
>>> 8वीं पास बच्चे आईटीआई पास करने के बाद सिर्फ हिंदी की परीक्षा पास कर 10वीं पास हो जाएंगे
>>> इसी तरह 10वीं पास बच्चे आईटीआई पास करने के बाद सिर्फ हिंदी की परीक्षा पास कर 12वीं पास हो जाएंगे.
>>> सोलर वाटर हीटर को घरेलू उपयोग में 50 फीसदी अनुदान और कमर्शियल में 38 फीसदी अनुदान देने का निर्णय
>>> योग प्रशिक्षकों को आउटसोर्स के माध्यम से विद्यालयों और महाविद्यालयों में किया जाएगा तैनात
>>> गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाने का निर्णय
>>> अग्निशमन नियमावली में किया गया संशोधन
>>> गृह विभाग के तहत कैदियों के लिए बनाए गए भारत सरकार की जेल मैनुअल को उत्तराखंड सरकार ने किया एडॉप्ट
>>> कैंपटी फॉल क्षेत्र को नगर पंचायत बनाने का निर्णय
>>> उत्तराखंड वित्त सेवा नियमावली में किया गया संशोधन
सचिवालय के नियमित कर्मचारियों के वर्दी भत्ते के लिए 2400 रुपए की मंजूरी

# प्रादेशिकी

## नेकपुर की क्रॉसिंग बंद कर देने पर नागरिकों ने मालगाड़ी रोकी

**फर्रुखाबाद,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। सौ वर्ष पुरानी नेकपुर रेलवे क्रॉसिंग रेलवे द्वारा बंद कर देने से यहां के नाराज नागरिकों ने सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने मालगाड़ी को 1 घंटे रोक लिया जानकारी मिलने पर रेलवे प्रशासन ने बल प्रयोग कर माल गाड़ी को निकला या। इस दौरान पुलिस दो नागरिकों को हिरासत में ले लिया। रेलवे प्रशासन ने सांसद मुकेश राजपूत की भी बात नहीं मानी। रेलवे प्रशासन ने 100 वर्ष पुरानी 150 गुमटी को बंद कर दिया। यहां के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के नागरिकों रेलवे ट्रैक पर बैठकर आ रही माल गाड़ी को रोक लिया। रेलवे प्रशासन को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों ने महिलाओं व पुरुषों को बलप्रयोग हटाय।। नेतागिरी दिखा रहे दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# अनुसूचित जाति के हर जरूरतमंद परिवार को आवास उपलब्ध कराएगी सरकार : योगी

**लखनऊ/ प्रयागराज,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। डबल इंजन की सरकार जाति के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के आधार पर शासन की योजनाओं से सभी को जोड़ने का काम कर रही है।

- **मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 424 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास**

वहीं प्रदेश में अनुसूचित जातियों और जनजातीय तक सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्परता के साथ सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। ऐसे में प्रदेश के जिन अनुसूचित जाति के परिवार के पास अपना आशियाना नहीं है, सरकार उनको आवास उपलब्ध कराएगी।

यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सोरांव में 3,357 करोड़ की लागत से 424 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ अनुसूचित जातियों के महासम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़ी योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच पाता था, लेकिन आज डबल इंजन की सरकार बनने के बाद इन सभी जाति समूह तक सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पूरी तरीके से पहुंच रहा है।



**बिना भेदभाव के कार्य कर रही है प्रदेश सरकार : योगी आदित्यनाथ**

इससे पहले सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आवास की चाभी एवं प्रमाण पत्र सौंपे। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ओर जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर से जुड़े हुए स्थलों को पंचतीर्थ रूप में विकसित करने का कार्यक्रम प्रभावी ढंग से आगे बढ़ा रही है, तो दूसरी ओर महर्षि वाल्मीकि के प्रति पूरी श्रद्धा और सम्मान का भाव व्यक्त करते हुए प्रयागराज में महर्षि वाल्मिकी से जुड़े स्थल लालापुर में उनकी कुटिया का कायाकल्प कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज ऋषि भारद्वाज के साथ महर्षि वाल्मीकि के आदि काव्य रामायण का भी साक्षी रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रयागराज के लालापुर स्थित महर्षि वाल्मीकि की कुटिया तक रोप वे बनाने का आश्वासन दिया।

### चार हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को चैक सौंपा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने चार हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को 85 करोड़ के फंड का चेक सौंपा। समूह से ग्रामीण क्षेत्र की 62 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोरांव के रामपुर मल्हुआ गांव में मजदूरी से अपना जीवन यापन करने वाले युवक की 6 माह की बेटी श्रुति के अन्नप्राशन की रस्म भी निभायी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के तहत लाभार्थियों को चेक प्रदान किए। बैंक लिंकेज के फंड का डेमो चेक सोरांव के सेवईत के महादेव आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा कंचन देवी, सचिव रीता व कोषाध्यक्ष मालती को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रिवाल्विंग फंड व कम्युनिटी इन्वेस्ट फंड के तौर पर 19.18 करोड़ तथा बैंक लिंकेज के रूप में 65.77 करोड़ दिए गए।

## जमीनी विवाद को लेकर लहराए लाइसेंसी हथियार

**मवाना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। फलावदा कस्बे में किराएदार और मकान मालिक के बीच जमीन कब्जाने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष ने लाइसेंसी हथियार लहराए गए। गनीमत रही कि मौके पर तुरंत पुलिस पहुंच गई और बड़ी वारदात होने से टल गई। दोनों पक्षों की तरफ से एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई। उधर इस मामले में चेयरमैन अशोक सैनी ने थाने में पहुंचकर दोनों पक्षों का समझौता कराने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक विवाद चलता रहा। समझौता नहीं हो सका।

**फलावदा में मौके पर पहुंच पुलिस ने संभाली स्थिति**

फलावदा कस्बे के मोहल्ला सैनियान निवासी अमित सैनी व दुर्वेश सैनी की पेट्रोल पंप के पास भूमि है, जिस पर धर्म कांटा लगा हुआ है। दुर्वेश ने बताया कि करीब 6 वर्ष पूर्व कस्बे के पारस गर्ग को यह भूमि धर्मकांटा लगाने को किराए पर दी गई थी।

अब वह अपनी जगह को खाली कराना चाहते हैं। इसी क्रम में रविवार रात को धर्म कांटे को खाली कर दिया गया लेकिन दूसरे पक्ष ने हथियार लहराते हुए धर्म कांटे में दोबारा से सामान रख दिया। दोनों पक्षों में हुए विवाद के चलते मौके पर काफी भीड़भाड़ एकत्र हो गई। हालात बिगड़ने की आशंका के चलते किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## निराश्रित गोवंश संरक्षण को नवंबर से चलेगा विशेष अभियान

**लखनऊ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए योगी सरकार 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाने जा रही है। इसको लेकर योगी सरकार ने अभियान की समीक्षा बैठक में निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त गोसंरक्षण केंद्रों की स्थापना करने और गोवंश के भरण पोषण के लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गोसंरक्षण केन्द्रों पर नंदी के लिए अलग शेड की व्यवस्था करने को कहा। इसकी साप्ताहिक एवं पाक्षिक रिपोर्ट मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही टीम-9 द्वारा 7 से 9 नवम्बर तक प्रभारी मण्डलों के उन ब्लाकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां अधिक संख्या में निराश्रित गोवंश की सूचना प्राप्त हो होगी। समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि गोवंश के संरक्षण में संवेदनशीलता बरती जाए और टैक्टर संग कैटल कैचर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर ली जाए। अभियान में गृह विभाग, राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित कर सफल बनाया जाए। संरक्षित किये जाने वाले गोवंश की देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चारा, भूसा, टीनशेड, विद्युत आपूर्ति, पेयजल एवं उपचार आदि के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाए। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गोआश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम को प्रोत्साहित करते हुए प्रभावी रूप से संचालित किया जाए। वर्तमान में 6943 गोआश्रय स्थल हैं,जिनमें 12,11,247 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। इस दौरान पशुधन मंत्री ने लम्पी स्किन डिजीज पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संतोष व्यक्त किया। बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे ने निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों तक पहुंचाने, गोआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण, निर्माणाधीन गोशालाओं की स्थिति से अवगत कराया।

**गोवंश के भरण पोषण के लिए इंतजाम सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

## सार संक्षेप

### न्यायालय में डायस पर होगी वोटों की गिनती

**मवाना।** किला परीक्षतगढ़ ब्लाक के गांव अमरसिंहपुर में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मंगलवार को वोटों की गिनती एसडीएम न्यायालय में डायस पर की जाएगी। मतगणना प्रभारी तहसीलदार आकांक्षा जोशी को बनाया गया है। उनके साथ टीम में एक नायब तहसीलदार और पांच लेखपाल तैनात किए गए है। मतगणना के दौरान तहसील परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहेगा। मतगणना के बाद अमरसिंहपुर के प्रधान पद का फैसला हो जायेगा। प्रधान पद की लड़ाई ब्रहमपाल व सुक्के के बीच दो मतों को लेकर चल रही है। एसडीएम अखिलेश यादव ने बताया कि मंगलवार सुबह दस बजे मेरठ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्यालय से मत बॉक्स लाया जाएगा। पुलिस सुरक्षा के बीच मतपत्र निकाल गिनती की जाएगी।

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आज

**मेरठ।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक का आयोजन 31 अक्टूबर को विकास भवन में किया जाएगा। उन्हांने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार, चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरणध्कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आहूत की गई। बैठक के पूर्व में व्यापारियों द्वारा उठाए गए प्रकरणों पर की गई कार्रवाई के संबंध में अवगत होते हुए व लंबित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि व्यापारियों से संबंधित लंबित प्रकरण का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुए प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता पर किया जाएगा। बैठक में वैशाली कालोनी में टूटी फूटी गड्डा युक्त सड़क के किनारे निर्माण कराये जाने के संबंध में संबंधित अधिकारी ने बताया कि इस कार्य हेतु टेंडर जारी हो गया है निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करा दिया जाएगा। निगम के अधिकारी ने बताया कि दीपावली से पूर्व स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी तहसीलो में व्यापारी समाधान दिवस का आयोजन कराने के निर्देश दिए गए।

### राशन कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई की लगाई गुहार

**फर्रुखाबाद।** शमशाबाद क्षेत्र में राशन कोटेदार द्वारा दो वर्ष से आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थियों का खाद्यान्न न वितरण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव वासियों ने जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, एसडीएम कायमगंज से शिकायत कर राशन कोटेदार के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।



## स्केटिंग चौंपियनशिप में एमपीएस के छात्र को मिला गोल्ड

**मेरठ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत रविवार को एस.एस.एस. गुरुकुल स्कूल नोएडा में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर नॉर्थ जोन में मेरठ पब्लिक स्कूल मेंन विंग के होनहार छात्र तनिष्क भारती ने स्केटिंग 1000 मीटर रेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय एवं अभिभावकों गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने संपूर्ण प्रबंध समिति की ओर से छात्र की इस अभूतपूर्व सफलता की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सच्ची आजादी के मायने क्या होते हैं सरदार पटेल ने बताया : डा.सुधीर

**मेरठ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में देश की एकता/अखण्डता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस पर पटेल व्यक्ति व्यक्तित्व या महामनव नहीं, बल्कि एकता/अखण्डता एवं

- **वेंक्टेश्वरा में राष्ट्रीय संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन**
- **लौह पुरूष सरदार पटेल की जयन्ती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित**
- **देश भर से आए वक्ताओं, शिक्षाविदों ने रखे विचार**

अनुशासन की सर्वोच्च संस्था'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से आए वक्ताओं, शिक्षाविदों ने एकजुट में सरदार पटेल के अग्रेंजो से आजाद देश को अखण्ड भारत बनाने में



दिए गए अतुल्यनीय योगदान का जिक्र करते हुए उनको आधुनिक भारत का शिल्पकार करार दिया। संगौष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं एमएलसी उत्तर प्रदेश सरकार विरेन्द्र सिंह समूह चैयरमेन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो.वीपीएस अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। वेंक्टेश्वरा समूह चैयरमेन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि अंग्रेजो की गुलामी से आजाद हुए पांच सौ पचास से अधिक रियासतो में खण्डित भारत को एक तिरंगे के नीचे लाकर' अखण्ड भारत के शिल्पकार सरदार पटेल' ने बताया कि सच्ची आजादी के मायने क्या होते है। एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि अखण्ड भारत के इतिहास में पटेल जी जैसा दूरदर्शी एवं प्रभावी प्रशासक उनके समकालीन कोई दूसरा नहीं।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राऐ सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन के साथ-2 देश की एकता व अखण्डता के लिए अपना सर्वोच्च देने का प्रयास करे। विख्यात शिक्षाविद एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यश डॉ.यतीन्द्र कटारिया ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माता लौह पुरूष सरदार पटेल ने देश वासियों को सर ऊंचा उठाकर स्वाभिमान से जीना सिखाया।

इस अवसर पर प्रभारी कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. यतीन्द्र कटारिया, राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमति डॉ. अवनी सिंह, दर्जा प्राप्त मंत्री डॉ. मोमराज सिंह, पंतजलि योग पीठ के अठिष्ठाता महर्षि जगत दौसा, गुप एडवाईजर आरएस शर्मा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. एसएन साहू, डॉ. दिव्या गिरिधर, डॉ. एलएस रावत, डॉ. अनिल जायसवाल, डॉ. सीपी सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. राहुल, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अश्विन, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, सीएफओ विकास भाटिया, मारूफ चौधरी, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, डॉ. रामयश सिंह, गुरूदयाल कटियार, प्रीतपाल, मेरठ परिसर स निर्देशक डॉ. प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीएनबी ने की सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत

**मेरठ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर सोमवार को पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर पीएनबी भवन के लगभग 200 स्टाफ सदस्यों ने सतर्कता शपथ लेते हुए अपने व्यक्तिगत एवं

- **पांच नवंबर तक चलेगा अभियान**
- **भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें की थीम पर होगा आयोजन**
- **पीएनबी भवन के लगभग 200 स्टाफसदस्यों ने सतर्कता शपथ ली**

सामाजिक जीवन में शुचिता की शपथ ली। अंचल प्रबंधक महोदय श्री संजीव कुमार दुबे ने स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए सार्वजनिक जीवन में सुचिता एवं




ईमानदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्टाफ सदस्यों को देश की एकता एवं अखण्डता के लिए सतत् प्रयासरत रहने का अनुरोध किया। पंजाब नैशनल बैंक केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशानुसार 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2023 तक भ्रष्टाचार का विरोध करें-राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। सतर्कता अधिकारी डी.पी. बनवाल ने बताया कि इस दौरान पूरे मेरठ अंचल में अनेक गतिविधियां की जा रही हैं जैसे कि बैंक द्वारा स्टाफसदस्यों के लिए वॉकाथॉन, हेल्थ चेकअप शिविर, सीएसआर गतिविधियां, स्कूलों में बच्चों के लिए क्विज, निबंध लेखन, पोस्टर, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न स्थानों पर डिजिटल सतर्कता कार्यक्रम, अर्धशहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक द्वारा ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। सतर्कता जागरुकता की शपथ के अवसर पर उप अंचल प्रबंधक अमित ग्रोवर, बद्री विशाल सिंह, मंडल प्रमुख मेरठ, एस.के. बजाज, आर.के. सिंह, संजीव त्यागी, पीयूष भारद्वाज, सहायक महाप्रबंधक तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## मवाना, दौराला व नंगलामल मिलें तीन नवम्बर से गन्ना पेराई करेगी

**मवाना,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मवाना, नंगलामल व दौराला चीनी मिलें तीन नवम्बर से पेराई सत्र का शुभारंभ करेगी। तीनों चीनी मिलों के अफसरों ने गन्ना खरीद करने को इंडेट जारी कर दिए हैं। मवाना चीनी मिल ने गन्ना खरीद करने को 161 क्रय केंद्र स्थापित कर दिए हैं। क्रय केंद्रों पर एक नवम्बर से किसानों से गन्ना खरीद शुरू कर दी जाएगी। मवाना चीनी मिल ने सोमवार को 5400 कुंतल गन्ना खरीदने का इंडेट जारी कर दिया है, जबकि दौराला व नंगलामल ने अपने छह गन्ना क्रय केंद्रों के इंडेट जारी कर दिये है। ये दोनों मिलें दो नवम्बर से गन्ना खरीद शुरू कर देगी। मवाना सहकारी गन्ना विकास समिति से करीब 60 हजार किसान जुड़े है। किसानों ने गन्ना आपूर्ति करने की पूरी तैयारी कर ली है, वहीं मिल प्रबंधन ने तीन नवम्बर से नया गन्ना पेराई सत्र शुरू करने को किसानों को इंडेट जारी कर दिये है। सोमवार को मवाना मिल प्रतिनिधि सुधीर त्यागी ने गन्ना विकास परिषद के वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सौबीर सिंह व गन्ना समिति के लेखाकार शहनवाज को गन्ना खरीदने के लिए जारी इंडेट सौंप दिया है। सहकारी गन्न समिति से इंडेट के अनुसार गन्ना पर्चियां जारी कर दी जाएगी। वरिष्ठ गन्ना विकास



- **तीनों मिलों ने जारी किए गन्ना खरीद इंडेट**
- **मिल ने किये 161 गन्ना क्रय केंद्र स्थापित**

निरीक्षक सौबीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को मिल के पेराई सत्र शुरू होने की प्रतीक्षा रहती है। तीन नवम्बर से मिल नया पेराई सत्र का शुरू कर देगी। उधर मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान बताते है कि मिल के 161 गन्ना क्रय केन्द्रों पर एक नवम्बर से गन्ना खरीद शुरू हो जाएगी, जबकि मिल गेट पर तीन नवम्बर से गन्ना खरीदा जाएगा। इंडेट जारी कर दिए गए हैं।

**आयोजन** | *नॉर्थ जोन हॉकी सीबीएसई अंडर 19 चौंपियनशिप का समापन*

# टूर्नामेंट में कड़ी टक्कर के बाद डीएवी का तीसरे स्थान पर कब्जा

**मेरठ,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास्त्री नगर स्थित डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल द्वारा कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही सीबीएसई के तत्वावधान में तीन दिवसीय नार्थ जोन हॉकी अंडर 19 ब्वायज एंड गर्ल्स चौंपियनशिप का समापन किया गया। टूर्नामेंट में डीएवी की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें वह तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। परिणामों की घोषणा के बाद गर्ल्स वर्ग में श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय, गाजियाबाद की अंशिका चौधरी श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।

ब्वायज वर्ग में अधिकतम गोल के लिए श्री राम विद्या मंदिर, हरिद्वार के आयुष को तथा श्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में डीएवी के सुप्रांश को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राजेंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। ओलंपिक हॉकी प्लेयर, अर्जुन अवार्डी, अशोक ध्यानचंद, (पूर्व कोषाध्यक्ष, भारतीय हॉकी फेडरेशन) जे एन त्यागी, निर्मला सिंह (अध्यक्ष करण पब्लिक स्कूल), डॉ.अल्पना शर्मा (रीजनल ऑफिसर डीएवी स्कूल यू पी जोन, ए), सीबीएसई ऑब्जर्वर रीमा त्यागी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को शॉल, स्मृति चिन्ह तथा पौध देकर उनका अभिवादन किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते




- **सुप्रांश को श्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब**
- **विजेताओं को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया**

हुए कहा कि आपको जो खेल पसंद हो उस खेल को खेलो एवं दिल से खेलो।

अनुशासित खिलाड़ी बनो, खेल भावना से खेलो। जीवन में अनुशासन, सहयोग, मैत्री, सद्भावना, मानवीय मूल्य तथा सभ्य नागरिक बनने पर ध्यान दो। उन्होंने हॉकी के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए डीएवी स्कूल की प्रशंसा की तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ अल्पना शर्मा ने सीबीएसई, मीडिया, मैनेजर, कोच, ऑफिशियल्स और बच्चों आदि का हार्दिक धन्यवाद किया और हॉकी जैसे खेलों को आगे बढ़ाने हेतु सबके सहयोग की अपेक्षा की । खेले गए मैचों के लिए छात्रों को बधाई दी तथा सभी प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में सीबीएसई को विद्यालयों को दिए गए इस स्वर्णिम अवसर के लिए धन्यवाद देते हुए, हॉकी को पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया। समारोह के अंतर्गत जे एन त्यागी, (पूर्व कोषाध्यक्ष भारतीय हॉकी फेडरेशन) को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान दिया गया। अंडर-19 ब्वायज मैच के विजेता निम्नवत रहे।

### अंडर 19 ब्वायज़ मैच के विजेता

प्रथम- श्री राम विद्या मंदिर स्कूल, हरिद्वार
द्वितीय- जे के जी, गाजियाबाद
तृतीय- डी ए वी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल, मेरठ

**अंडर 19 गर्ल्स मैच के विजेता निम्नवत रहे**

प्रथम- श्री राम विद्या मंदिर स्कूल, हरिद्वार
द्वितीय- श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय, गाजियाबाद
तृतीय- जे के जी गाजियाबाद

## एनिमल और फाइटर के लिए अनिल कपूर ने किया फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म एनिमल और फाइटर के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर फिल्म 'एनिमल' में रणबीर कपूर के 65 साल के पिता बलबीर सिंह का रोल निभा रहे हैं। वहीं फिल्म फाइटर में अनिल 45 साल के इंडियन एयर फोर्स ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं। इन दोनों ही किरदारों के लिए अनिल कपूर ने फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, दो एकदम अलग-अलग किरदारों के बीच स्विच करना बहुत चैलेंजिंग था। एनिमल के 65 साल के बलबीर से लेकर फाइटर के 45 वर्षीय रॉकी तक मैंने जो प्रेस्टीजियस यूनिफॉर्म पहनी थी, उसके साथ न्याय करने के लिए मुझे सीरियस फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा।

## मैंने कभी एक्टिंग नहीं सीखी : मोनिका खन्ना



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'आसमान से आगे', 'प्यार का दर्द है मीठा मीठा प्यारा प्यारा' और 'थपकी प्यार की' शो में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री मोनिका खन्ना ने बताया कि उन्होंने अभिनय में कभी कोई प्रशिक्षण नहीं लिया, सेट पर ही सब कुछ सीखा। मोनिका अब आने वाले शो 'इक कुड़ी पंजाब दी' में नजर आएंगी। उन्होंने साझा किया कि मैंने अभिनय का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। जब मैं मुंबई आई, तो मुझे अप्रत्याशित रूप से एक शो में भूमिका मिली। मुझे वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला। मोनिका ने कहा कि मैं अपने शो में जो कुछ भी करती हूं, वह उन लोगों से सीखती हूं, जिनके साथ मैंने सेट पर काम किया है। 'दुर्गा और चारु' फेम अभिनेत्री ने आगे कहा कि हालांकि मैं सीखने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने में सक्षम नहीं हो सकती हूं, लेकिन मैंने बारीकियां और अंतर्दृष्टि सीख ली हैं। मैंने देखा है कि अन्य कलाकार अपने किरदारों को कैसे निभाते हैं और मुझे आश्चर्य होता है कि अगर मैं उनकी जगह होती तो मैं उन भूमिकाओं को कैसे करती।

## दशकों से प्रति सप्ताह 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं भारतीय महिलाएं

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के एक बयान ने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी है। मूर्ति ने भारत के युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि समग्र उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए सप्ताह में 70 घंटे काम करें।

कुछ लोग मूर्ति के विचार का समर्थन करते हुए तर्क देते हैं कि भारत को अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करने की आवश्यकता है, वहीं अन्य लोगों ने इसकी आलोचना भी की है।

एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने इस मुद्दे पर जोर देते हुए कहा है कि कई भारतीय महिलाएं भारत और अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए सप्ताह में 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं।

गुप्ता ने रविवार को एक्स पर लिखा, 'कार्यालयों और घरों के बीच, कई भारतीय महिलाएं वर्षों और दशकों से मुस्कुराहट के साथ और बिना किसी ओवरटाइम के भारत और भारतीयों की अगली पीढ़ी के निर्माण के लिए 70 घंटे से अधिक काम कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मजेदार बात यह है कि किसी ने भी एक्स पर हमारे बारे में बहस नहीं की। गुप्ता की पोस्ट पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की झड़ी लग गई, यूजर्स ने अपने विचार व्यक्त किए।

**प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी कार्य संस्कृति में सुधार करने की आवश्यकता**

एक यूजर ने लिखा कि बहुत सहमत हूं, मैंने ऐसी ही एक महिला से शादी की है। वह पिछले 18 सालों से ये सब संभाल रही है, जब हमारा बेटा हुआ था।

एक अन्य यूजर ने कहा कि बिल्कुल सच, महिला सभी घरेलू काम के साथ सप्ताह में 70 घंटे काम करती हैं। महिलाओं को घर के काम से सप्ताहांत की छुट्टी नहीं मिलती है, इसलिए उनके लिए कोई डाउनटाइम या आत्म-देखभाल नहीं है।

इस बीच, भारतपे के पूर्व सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर ने कहा है कि मूर्ति की टिप्पणी से जनता नाराज हो गई क्योंकि किए गए काम का माप अभी भी परिणाम के बजाय खर्च किए गए घंटों के आधार पर तय किया जाता है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मुझे लगता है कि जनता यहां नाराज हो गई क्योंकि काम को अभी भी परिणाम के बजाय घंटों में मापा जा रहा है। दूसरी बात यह है कि लोगों को ऐसा लग रहा है कि युवाओं का आलस्य ही एकमात्र चीज है जो भारत को विकसित होने से रोक रही है।

## 'मास्टर शेफ इंडिया' की रसोई में लगेगा एएसएमआर का तड़का




**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुकिंग-आधारित रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' का आगामी एपिसोड स्वाद, नवीनता और प्रस्तुति के साथ-साथ ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पॉन्स (एएसएमआर) का एक नया आयाम जोड़ने के लिए तैयार है। एएसएमआर फीलिंग की अनुभूति है जिसे कई लोग विशिष्ट दृश्य या श्रवण ट्रिगर के जवाब में अनुभव करते हैं। एएसएमआर ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया है, लाखों दर्शक भोजन की आवाज़ सहित विभिन्न ट्रिगर्स को देखने और सुनने के लिए तैयार हैं। इस चलन ने अब 'मास्टरशेफ इंडिया' किचन में भी अपनी जगह बना ली है।

इस चुनौती में, प्रतियोगी असंख्य भोजन ध्वनियों का पता लगाते हैं, खाना पकाने और प्लेटिंग के कार्य को ध्वनि कला में बदलते हैं। जैसे ही वे जजों के सामने अपने व्यंजन प्रस्तुत करते हैं, उन्हें इसमें शामिल किए गए ध्वनि तत्वों के बारे में भी बताना होगा। इस अभिनव चुनौती के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए, शेफ विकास खन्ना ने कहा कि दुनिया बदल रही है, और प्रौद्योगिकी हमारे अनुभवों का अभिन्न अंग बन गई है। एएसएमआर के रूप में हमने भोजन को समझने के तरीके में एक नई परत जोड़ दी है।

शेफ रणवीर बराड़ ने चुनौती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम खाना खाते हैं तो हम अक्सर भोजन की आवाजों को अनदेखा कर देते हैं। हालांकि, ध्वनि अनुभव का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो आनंद और उत्साह पैदा करती है।

यह चुनौती भोजन की विविध ध्वनियों के माध्यम से आनंद की खोज करने के बारे में है। प्रतियोगियों को अपनी रचनाओं में जान डालने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक स्नैप, क्रंच और स्लर्प इस चुनौती में जीवंतता की एक परत जोड़ देगा। मास्टरशेफ इंडिया सोनी लिव पर सोमवार से शुक्रवार तक प्रसारित होता है।

## लोगों पर अमिट छाप छोड़ती हैं सुष्मिता सेन : राम माधवानी



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। थ्रिलर ड्रामा 'आर्या' सीजन 3 के निर्माता राम माधवानी ने अभिनेत्री सुष्मिता सेन के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। माधवानी ने अभिनेत्री के सेट और सेट से बाहर के प्रभाव पर प्रकाश डाला। सुष्मिता के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए राम ने साझा किया कि सुष्मिता को जानना और उनके साथ काम करना जीवन में मेरी सबसे यादगार यादों में से एक रही है। उनकी ऊर्जा और वह जिस तरह की इंसान हैं, वह आकर्षक है।

उन्होंने कहा कि वह न केवल टीम के साथ, बल्कि सेट के बाहर के लोगों, जैसे किसी रेस्तरां में शेफ या सर्विस स्टाफ के साथ भी अविश्वसनीय रूप से दयालु और गर्मजोशी से भरी रहती हैं। उनकी एक अनोखी उपस्थिति है जो कमरे में प्रवेश करते ही ऊर्जा को बदल देती है। फिल्म निर्माता ने आगे कहा कि एक कमरे में 200 लोग हो सकते हैं, लेकिन आप बता सकते हैं कि सुष्मिता सेन कब अंदर आती हैं। मैंने उनसे मानवीय गुणों के बारे में बहुत कुछ सीखा है। जिन लोगों के साथ आप काम करते हैं या बातचीत करते हैं उन पर एक स्थायी प्रभाव कैसे छोड़ा जाए।

राम ने कहा कि उनके साथ काम करना मेरे जीवन की सबसे यादगार यादों में से एक है। तीसरे सीजन में, आर्या की नजर नशीली दवाओं की आपूर्ति और परिवहन पर है, लेकिन इला अरुण उसे रोक लेती है, जो खुद इस काम से जुड़ी हैं। आर्या का तीसरा सीजन 3 नवम्बर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित होगा।

## दीपावली से पहले उल्लुओं की जान पर आफत

### तंत्र-मंत्र के लिए उल्लू के नाखून, आंख, चोंच और पंखों का इस्तेमाल

**देहरादून,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के जंगलों में दीपावली से पहले वन विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। संरक्षित के अलावा उल्लुओं की मौजूदगी वाले वन क्षेत्र में अलर्ट जारी हुआ है। तस्करों की गतिविधि पर नजर रखने के लिए गश्त तेज कर दी गई है। उत्तराखंड में

**वन विभाग ने जारी किया अलर्ट**



दीपावली से पहले तस्करों की नजर जंगलों पर बढ़ जाती है। किदवंतियों और अंधविश्वास के कारण उल्लुओं की डिमांड बढ़ जाती है। जंगलों में मोटी कीमत मिलने के लालच में तस्कर उल्लू का शिकार करने पहुंच जाते हैं। दरअसल, दीपावली पर उल्लू के अंगों से तंत्र-मंत्र के चलते बाजार में कीमत बढ़ जाती है। बताया जाता है कि उल्लू के नाखून, आंख, चोंच और पंखों का इस्तेमाल तंत्र-मंत्र के लिए किया जाता है। अमावस्या की रात में तंत्र मंत्र को सिद्ध करने का भी अंधविश्वास लोगों में है।

उल्लू को धन संपदा की देवी लक्ष्मी का वाहन माना जाता है। मान्यता है कि तांत्रिक कर्मकांड धन संपदा अर्जित करवाता है। यही वजह है कि इस अंधविश्वास के कारण तस्करों की चांदी हो जाती है। वो दीपावली से पहले जंगलों में सक्रिय हो जाते हैं।

तस्करों के उल्लू का शिकार करने के कारण उनकी प्रजाति अब विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। हर साल दीपावली से पहले वन विभाग अलर्ट मोड में आ जाता है। इस साल भी इन्हीं संभावनाओं को देखते हुए रिजर्व फॉरेस्ट के अलावा विभिन्न दूसरे वन क्षेत्र में भी अलर्ट जारी किया गया है।

## प्रदुषण खतरनाक स्तर पर अपना रखें ख्याल : डॉ. अंकित कालरा



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में खराब होती हवा के कारण सांस के मरीजों पर दवाएं बेअसर हो रही है। ऐसे मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर आपातकालीन में अस्पताल लाना पड़ रहा है। कई मरीजों की हालत इतनी गंभीर हो जाती है कि उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ता है। सांस रोग के विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे मरीजों की हालत सामान्य रखने के लिए दवाएं चलती है, लेकिन प्रदूषण का स्तर बढ़ने के बाद दवाएं भी बेअसर हो रही हैं। दवा से गंभीर होता रोग कंट्रोल नहीं हो पा रहा। पिछले कुछ दिनों से अस्पतालों के आपातकालीन विभागों में ऐसे मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इस बाबत कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित कालरा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आपातकालीन विभाग में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। सांस के मरीजों को सामान्य रखने के लिए दवाएं चलती है, लेकिन सर्दी शुरू होते ही प्रदूषण का स्तर सामान्य से ऊपर चला जाता है। ऐसे में दवाएं भी बेअसर हो जाती है और ऐसे मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ऐसे मरीजों को लंबी खांसी हो, बलगम बढ़ जाए, दवा खाने के बाद भी आराम न मिले तो तुरंत अस्पताल लाना चाहिए। ऐसे मरीजों की दवाओं का डोज बढ़ाना पड़ता है। जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भी भर्ती करना पड़ता है।

## महिलाओं के हाथों में आएगी यूपी रोडवेज बसों की स्टेयरिंग

**लखनऊ,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की कमान महिलाओं के हाथ में होगी। सरकार इसके जरिए भी महिलाओं के स्वावलंबन पर जोर दे रही है। महिला चालकों के प्रशिक्षण पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। शारदीय नवरात्रि में सीएम योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी में महिलाओं के हाथों में परिवहन निगम की कमान सौंपी थी। अब उन्हें और सशक्त करने के लिए काफी तेजी से कार्य किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं के प्रशिक्षण का पहला बैच 8 मार्च 2021 से शुरू किया गया था। पहले बैच के उपरांत दूसरे व तीसरे बैच के लिए महिला चालकों को मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट कानपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला चालकों को लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल -3 एवं कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 दोनों कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य एसपी सिंह के मुताबिक लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल-3 कोर्स की प्रशिक्षण अवधि 344 घंटे (तीन माह) होगी। इसके बाद कौशल विकास मिशन द्वारा निर्धारित सेक्टर स्किल काउंसिल एएसडीसी दिल्ली के माध्यम से एसेसमेंट कराया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का कमर्शियल व्हीकल ड्राइवर लेवल-4 कोर्स का 400 घंटे (चार माह) का प्रशिक्षण होगा। दोनों कोर्स करने के उपरांत डिपो में 17 माह का प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण के दौरान 6,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड भी दिया जायेगा। यह कोर्स आवासीय है। दोनों कोर्स के दौरान अभ्यर्थियों को छात्रावास में रहना होगा। रहना, खाना आदि निःशुल्क होगा। 24 माह के प्रशिक्षण के उपरांत पिंक बस संचालित करने हेतु डिपो में संविदा चालक के रूप में इनकी तैनाती की जाएगी।


## अस्थमा के मरीजों को दी गई आयुर्वेदिक दवा

**ग्रेटर नोएडा,** 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। ईशान आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर, ग्रेटर नोएडा में अस्थमा दवा वितरण शिविर और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर अस्थमा और अन्य बीमारियों से पीड़ित 85 मरीज विशेषज्ञ आयुर्वेद डॉक्टरों और वैद्यों द्वारा गहन चिकित्सा जांच के लिए गए थे। वैद्य डॉ. आर.पी. सिंह, वैद्य डॉ. अनुप कुमार मिश्रा, वैद्य डॉ. प्रतीक अग्रवाल, वैद्य डॉ. प्राची शर्मा, वैद्य डॉ. साक्षी, वैद्य डॉ. नवीद खान, वैद्य डॉ. अंजलि, वैद्य डॉ. रिनी भारद्वाज, वैद्य डॉ. निकिता गंजू, वैद्य डॉ. कविता सैन आदि ने उपस्थित सभी मरीजों की गहनता से जांच की। उन्होंने सभी मरीजों को आगामी सर्दियों के मौसम में ब्रोंकाइटिस की समस्याओं से बचने और स्वस्थ रहने के तरीके बताए और सुझाव दिए। जो मरीज अस्थमा की समस्या से पीड़ित थे उन्हें संस्था के चेयरमैन डॉ. डी.के. गर्ग के मार्गदर्शन में डॉक्टरों की टीम द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई अस्थमा की दवा दी गई। अस्थमा की दवा खुराक गाय के दूध से तैयार की जाती है। माह में एक बार अस्थमा दवा वितरण शिविर आयोजित किये जाते हैं। आमतौर पर एक मरीज को साल में चार बार अस्थमा की दवा दी जाती है। अगला अस्थमा वितरण शिविर नवंबर माह में पूर्णिमा के दिन आयोजित किया जाएगा।



पुण्यतिथि के अवसर पर

## मधुर संगीत से श्रोताओं को सचिन देव वर्मन ने किया भाव विभोर



**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। हर दिल अजीज संगीतकार सचिन देव बर्मन का मधुर संगीत आज भी श्रोताओं को भाव विभोर करता है। सचिन देव बर्मन का जन्म 1 अक्टूबर 1906 में त्रिपुरा के शाही परिवार में हुआ। उनके पिता जाने-माने सितार वादक और ध्रुपद गायक थे। बचपन के दिनों से ही सचिन देव बर्मन का रूझान संगीत की ओर था और वह अपने पिता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा लिया करते थे। इसके साथ ही उन्होनें उस्ताद बादल खान और भीष्मदेव चट्टोपाध्याय से भी शास्त्रीय संगीत की तालीम ली। अपने जीवन के शुरूआती दौर में सचिन देव बर्मन ने रेडियो से प्रसारित पूर्वोत्तर लोकसंगीत के कार्यक्रमो में काम किया। वर्ष 1930 तक वह लोकगायक के रूप मे अपनी पहचान बना चुके थे। बतौर गायक उन्हें वर्ष 1933 मेप्रदर्शित फिल्म यहूदी की लड़की में गाने का मौका मिला लेकिन बाद मे उस फिल्म से उनके गाये गीत को हटा दिया गया। उन्होंने 1935 मे प्रदर्शित फिल्म 'सांझेर पिदम' में भी अपना स्वर दिया लेकिन वह पार्श्वगायक के रुप में कुछ खास पहचान नहीं बना सके।

वर्ष 1944 मे संगीतकार बनने का सपना लिए सचिन देव बर्मन मुंबई आ गए जहां सबसे पहले उन्हें 1946 में फिल्मिस्तान फिल्म 'एट डेज' में बतौर संगीतकार काम करने का मौका मिला लेकिन इस फिल्म के जरिये वह कुछ खास पहचान नहीं बना पाये। इसके बाद 1947 में उनके संगीत से सजी फिल्म 'दो भाई' के पार्श्वगायिका गीतादत्त के गाये गीत मेरा सुंदर सपना बीत गया की कामयाबी के बाद वह कुछ हद तक बतौर संगीतकार अपनी पहचान बनाने में सफल हो गए। इसके कुछ समय बाद सचिन देव बर्मन को मायानगरी मुंबई की चकाचौंध कुछ अजीब सी लगने लगी और वह सब कुछ छोड़कर वापस कलकत्ता चले आये। हालांकि उनका मन वहां भी नहीं लगा और वह अपने आपको मुबई आने से रोक नहीं पाये।

सचिन देव बर्मन ने करीब तीन दशक के सिने करियर में लगभग नब्बे फिल्मों के लिये संगीत दिया। उनके फिल्मी सफर पर नजर डालने पर पता लगता है कि उन्होंने सबसे ज्यादा फिल्में गीतकार साहिर लुधियानवी के साथ ही की है। सबसे पहले इस जोड़ी ने 1951 में फिल्म नौजवान के गीत 'ठंडी हवाएं लहरा के आये' के जरिये लोगों का मन मोहा। एस. डी. बर्मन और साहिर लुधियानवी की सुपरहिट जोड़ी फिल्म 'प्यासा' के बाद अलग हो गई। एस.डी.बर्मन की जोड़ी गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी के साथ भी बहुत जमी।

एस.डी.बर्मन को दो बार फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ संगीतकार से नवाजा गया है। एस. डी. बर्मन को सबसे पहले 1954 मे प्रदर्शित फिल्म टैक्सी ड्राइवर के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया। इसके बाद वर्ष 1973 मे प्रदर्शित फिल्म अभिमान के लिए भी वह सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के फिल्मफेयर पुरस्कार से नवाजे गए। फिल्म मिली के संगीत बड़ी सूनी सूनी है की रिकॉर्डिंग के दौरान एस. डी. बर्मन अचेतन अवस्था मे चले गए। हिन्दी सिने जगत को अपने बेमिसाल संगीत से सराबोर करने वाले सचिन दा 31 अक्टूबर 1975 को इस दुनिया को अलविदा कह गए।

## मांट तहसील के एक गांव की विवाहिता नहीं करती हैं करवा चौथ का व्रत



**मथुरा,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। देशभर में जहां विवाहिता महिलाओं के लिए एक ओर करवा चौथ का व्रत बेहद महत्वपूर्ण है वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक तहसील ऐसी भी है जहां की विवाहिता महिलाएं चाहकर भी इस व्रत को नहीं करती हैं। मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर बिजउ गांव के बधा विवाहित महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घ आयु की कामना के लिए किया जाने वाला करवा चौथ का व्रत मथुरा जिले की मांट तहसील के सुरीर बिजउ गांव के बधा क्षेत्र की विवाहित महिलाएं नहीं रखती हैं। इसका मुख्य कारण एक सती का इस क्षेत्र के लोगों को दिया गया श्राप है।

- बधा क्षेत्र की विवाहित महिलाएं नहीं रखती हैं व्रत
- मुख्य कारण एक सती का इस क्षेत्र के लोगों को दिया गया श्राप

गांव के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि लगभग ढाई सौ वर्ष पहले घटी घटना के बाद शुरूआत में जिस महिला ने करवा चौथ मनाया उसे ही अपने पति को खोना पड़ गया। आठ नौ इस प्रकार की मौत होने से महिलाओं के विधवा होने के बाद से इस क्षेत्र में इस त्योहार का मनाना बन्द हो गया। गांव की 102 वर्षीय सुनहरी देवी ने बताया कि लगभग ढ़ाई सौ वर्ष पहले एक ब्राह्मण पति अपनी पत्नी को ससुराल से विदा कराकर बैलगाड़ी से जब अपने गांव राम नगला जा रहा था तो रास्ते में बघा क्षेत्र में उसका विवाद एक बैल को लेकर हो गया। जहां बघा क्षेत्र के एक व्यक्ति का कहना था कि उसका यह वही बैल है जो हाल में चोरी हो गया था वहीं ब्राह्मण कह रहा था कि यह बैल उसे ससुराल में मिला है। विवाद इतना बढ़ा कि ब्राह्मण की हत्या कर दी गई। इसके बाद उसकी पत्नी न केवल सती हो गई बल्कि सती होने के पहले उसने श्राप दिया था कि बघा क्षेत्र की जो भी महिला करवा चौथ का व्रत करेगी उसके पति की मृत्यु हो जाएगी। जिस दिन उक्त घटना घटी उस दिन करवा चौथ का पर्व था।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अल्ट्रासिमको | 2.44 प्रतिशत |
| रिलायंस | 2.04 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.30 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.24 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.04 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.94 प्रतिशत |
| मारुति | 1.52 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.82 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) इजराइल-हमास युद्ध को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# विस्तारा ने हांगकांग के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू की

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। विस्तारा एयरलाइंस ने दिल्ली और हांगकांग के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू की हैं। एयरलाइन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

विस्तारा का ए321नियो विमान रविवार को रात 9.05 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई और सोमवार को हांगकांग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'रूट पर ए321नियो विमान अपनी असाधारण विशेषताओं के लिए जाना जाता है, जिसमें बिजनेस क्लास में फ्लैट बेड के साथ आरामदायक बैठने की व्यवस्था, आंतरिक सज्जा, इन-फ्लाइट वायरलेस कनेक्टिविटी और एक अत्याधुनिक मनोरंजन सिस्टम विथ लाइव टीवी शामिल है।'





विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा कि हांगकांग के लिए सीधी कनेक्टिविटी की शुरुआत हमारे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को लगातार बढ़ाने की रणनीति के अनुरूप है।

कन्नन ने कहा, 'हांगकांग दुनिया के शीर्ष वाणिज्यिक केंद्रों में से एक है। यह एक पॉपुलर लीजर डेस्टिनेशन के अलावा, भारत से बहुत सारे व्यवसाय और वीएफआर यात्रा को आकर्षित करता है। हमें इस मार्ग पर यात्रा करने वाले ग्राहकों को बेहतरीन एयरलाइन में उड़ान भरने का विकल्प प्रदान करते हुए खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि वे हमारे विश्व स्तरीय उसेवाओं की सराहना करेंगे।'

# वित्त मंत्री ने तस्करी रोकने के लिए अंतर-सरकारी सहयोग का किया आह्वान

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सभी सरकारों को तस्करी और जंगली वनस्पतियों व जीवों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा प्रवर्तन मामलों में सहयोग पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, 'सभी सरकारों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि तस्करी और गतिविधियों को कैसे रोका जाए, जो हमारे जंगली जीवों और वनस्पतियों को खतरे में डाल रही हैं।' उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण साइलो, जिसके बारे में मैं बात करना चाहता हूं, वह है रोकथाम और निवारण... अवैध व्यापार, तस्करी की रोकथाम, और उन चीजों की रोकथाम, जो किसी भी देश की संप्रभु सत्ता के लिए बिल्कुल भी वांछनीय नहीं हैं। इस तथ्य से भी निवारण मजबूत होता है कि आप सतर्क हैं, और आपने जो पकड़ा है, उसे पूरी तरह से नष्ट करने के लिए समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाते हैं और इसे फिर से बाजार में नहीं डालते हैं। इसलिए रोकथाम और निवारण वह विशेष क्षेत्र है, जिसमें इस वैश्विक सम्मेलन को बहुत सारे व्यावहारिक विचार देने चाहिए।'

सीतारमण ने कहा कि सीमा शुल्क अधिकारियों को अवैध व्यापार के नेटवर्क पर अंकुश लगाने के लिए आपस में जानकारी साझा करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए



कि साझा की गई जानकारी 'कार्रवाई योग्य' हो। उन्होंने यह भी कहा कि तस्करी या अवैध रूप से व्यापार किए गए सामानों की प्रकृति पिछले 50-60 वर्षों में नहीं बदली है और यह कीमती धातुएं, नशीले पदार्थ, जंगल या समुद्री जीवन के कीमती भंडार बने हुए हैं।

मंत्री ने कहा, इसलिए मोटे तौर पर अवैध रूप से व्यापार किए जाने वाले सामान वैसे ही बने रहते हैं। ऐसे कोई नए क्षेत्र नहीं हैं, जिन पर सीमा शुल्क अधिकारी चकित हों। यदि पिछले दशक में यह इसी तरह का रुझान दिखा रहा है, तो अब तक हममें से अधिकांश को इसके बारे में काफी जानकारी हो जानी चाहिए कि इसके पीछे कौन ताकतें हैं। मैं डब्ल्यूसीओ (विश्व सीमा शुल्क संगठन) के साथ-साथ अंतर-सरकारी सहयोग पर बहुत जोर देती हूं, ताकि हम इसके (तस्करी) पीछे के दिमागों, इसके पीछे के मास्टरमाइंडों की मदद से पता लगा सकें।'

## एलजी की दमदार बैटरी लाइफ के साथ ऑडियो स्पीकर सीरीज लॉन्च


**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में उन्नत बैटरी लाइफ के साथ एक नई ऑडियो स्पीकर सीरीज 'एलजी एक्सबूम' लॉन्च की। एलजी एक्सबूम में दो मॉडल - एक्सएल 7एस और एक्सएल 5एस शामिल हैं, जो 54,990 रुपए और 44,990 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध होंगे। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के होम एंटरटेनमेंट के निदेशक हाक ह्यून किम ने कहा, 'उत्कृष्ट विशेषताओं, मजबूत ध्वनि और मनमोहक प्रकाश प्रभावों के साथ नई एलजी एक्सबूम सीरीज समारोहों, अवसरों और रोजमर्रा के आनंद लेने वालों के लिए शीर्ष पसंद के रूप में तैयार है। कंपनी के अनुसार, एलजी एक्सबूम में एक्सएल 7एस की बैटरी लाइफ 20 घंटे तक है, जबकि एक्सएल 5एस की बैटरी लाइफ 12 घंटे है, और दोनों स्पीकर में आईपीएक्स 4 वॉटर रेसिस्टेंट रेटिंग है। उपयोगकर्ता कराओके सत्रों के लिए भी स्पीकर का उपयोग कर सकते हैं और यहां तक कि एक गिटार भी कनेक्ट कर सकते हैं और अपने स्वयं के ध्वनिक संगीत कार्यक्रम की मेजबानी कर सकते हैं। यूजर्स एक्सबूम ऐप पर 'माई पिक' सुविधा का भी उपयोग कर सकते हैं। 250 वॉट आउटपुट के साथ, एक्सएल 7एस मॉडल बड़ी सभाओं के लिए बनाया गया है। 20.32 सेमी विशाल वूफर की विशेषता वाला यह स्पीकर अधिक शक्तिशाली बास प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक गहरी और बोल्ड ध्वनि प्रदान करता है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 1.5 लाख से अधिक लोग हुये शामिल

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 का 7वां संस्करण कल सफलता के साथ संपन्न हो गया और इसमें 1.5 लाख लोगों ने भाग लिया। दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन में 1.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ अब तक की सबसे अधिक भागीदारी दर्ज की गई। इस देश में एक 6जी रेडी इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में 5जी एप्लीकेशंस विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 100 5जी लैब पहल की घोषणा के साथ इस फोरम में टेक्नोलॉजी, दूरसंचार, सरकार और सार्वजनिक उपक्रम एवं स्टार्टअप क्षेत्र से 620 से अधिक यूज़ केसेस पेश किए गए। सीओएआई ने आज यहां जारी बयान में यह आंकड़े जारी करते हुये कहा कि इसमें 1300 से अधिक सीएक्सओ स्तर के प्रतिनिधि, 235 से अधिक प्रदर्शक और 400 स्टार्टअप शामिल हुए। कुल मिलाकर यहां करीब 67 देशों से भागीदारी हुई। आईएमसी 2023 के दौरान, 400 से अधिक वक्ताओं ने 80 से अधिक सत्रों में भागीदारी कर अपने विचार रखे जहां इंडस्ट्री 4.0, 5जी एप्लीकेशंस, एंटरप्राइस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, टिकाऊ विकास, मौद्रीकरण कनेक्टिविटी, वैश्विक सेमीकंडक्टर परिदृश्य में भारत की भूमिका, 6जी मानकीकरण, भारत की दूरसंचार जरूरतों की पूर्ति, 5जी से परे नेटवर्क उद्भव, 6जी, रैन और डिवाइस के लिए मानकीकरण, एप्लीकेशंस एवं डिजिटलीकरण, एआई का उद्भव और नेटवर्क का भविष्य आदि विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा हुई। इसकी सफलता पर इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ रामकृष्ण पी ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में आईएमसी का दायरा काफी वृहद होते देखना एक जबरदस्त अनुभव रहा है। जैसा कि हमने आईएमसी को दूरसंचार से परे जाकर एक प्रमुख टेक्नोलाजी प्लेटफार्म के तौर पर स्थापित किया है, आईएमसी के इस वर्ष के संस्करण में भावी प्रौद्योगिकियों की झलक दिखाई दी और तीन दिनों तक इन पर गहन चर्चा हुई।

# शेयर बाजार का चढ़ना जारी

**मुंबई,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय से पहले निवेशकों की मजबूत धारणा की बदौलत विश्व बाजार के चढ़ने से स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन तेजी पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 329.85 अंक अर्थात 0.52 प्रतिशत की छलांग लगाकर 64112.65 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.65 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19140.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.13 प्रतिशत बढ़कर 31,153.57 अंक और स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत उठकर 36,911.46 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3935 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1922 में लिवाली जबकि 1813 में बिकवाली हुई वहीं 200 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 29 कंपनियों में तेजी जबकि शेष 21 में गिरावट रही। विश्लेषकों के अनुसार, निवेशक मंगलवार को बैंक ऑफ जापान (बीओजे), बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व और गुरुवार को बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) की बैठकों के नतीजों तथा मंगलवार को चीनी विनिर्माण डेटा और अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों भी इंतजार कर रहे हैं। बीएसई के 15 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.41, ऊर्जा 1.24, वित्तीय सेवाएं 0.41, हेल्थकेयर 0.39, इंडस्ट्रियल्स 0.43, आईटी 0.17, दूरसंचार 1.52, यूटिलिटीज 0.37, बैंकिंग 0.54, कैपिटल गुड्स 0.32, तेल एवं गैस 1.16, पावर 0.50, रियल्टी





1.99, टेक 0.35 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.12 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जापान के निक्केई में 0.95 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य बाजार में तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.87, जर्मनी का डैक्स 0.62, हांगकांग का हैंगसेंग 0.04 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत बढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 103 अंक की तेजी के साथ 63,885.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 63,431.45 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 64,184.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 63,782.80 अंक के मुकाबले 0.52 प्रतिशत उछलकर 64,112.65 अंक पर रहा। निफ्टी छह अंक बढ़कर 19,053.40 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 18,940.00 अंक के निचले जबकि 19,158.50 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,047.25 अंक की तुलना में 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,140.90 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिमको 2.44, रिलायंस 2.04, आईसीआईसीआई बैंक 1.30, भारती एयरटेल 1.24, एचडीएफसी बैंक 1.04, इंडसइंड बैंक 1.00, कोटक बैंक 0.88, टीसीएस 0.85, एलटी 0.83, एसबीआई 0.72, नेस्ले इंडिया 0.65, टेक महिंद्रा 0.55, एशियन पेंट 0.45, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.44, सन फार्मा 0.36 और टाइटन 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टाटा मोटर्स 1.94, मारुति 1.52, एक्सिस बैंक 1.31, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.82, आईटीसी 0.72, एनटीपीसी 0.72, टाटा स्टील 0.63, बजाज फिनसर्व 0.35, एचसीएल टेक 0.26, इंफोसिस 0.24, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, विप्रो 0.07, पावरग्रिड 0.07 और बजाज फाइनेंस के शेयरों ने 0.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन पर गुजरात के 3 बैंकों पर जुर्माना लगाया

मुंबई, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने अपने परिचालन के संचालन में आधिकारिक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए गुजरात में तीन सहकारी बैंकों पर मौद्रिक जुर्माना लगाया है। 'प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) द्वारा अन्य बैंकों में जमा राशि रखने' पर जारी आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए उमा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, वडोदरा पर 7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई द्वारा किए गए बैंक के वैधानिक निरीक्षण से पता चला कि बैंक ने निर्धारित अंतर-बैंक प्रतिपक्ष जोखिम सीमा का उल्लंघन किया था और निर्धारित अंतर-बैंक सकल एक्सपोज़र सीमा का भी उल्लंघन किया। नतीजतन, बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, 'नोटिस पर बैंक के जवाब और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के उपरोक्त निर्देशों का पालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और बैंक पर मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया।' इसी तरह, आरबीआई ने निदेशकों, रिश्तेदारों और फर्मों/संस्थाओं को ऋण और अग्रिम' पर अपने निर्देशों का पालन न करने के कारण गुजरात के बनासकांठा में शिहोरी नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने नो योर कस्टमर (केवाईसी) मानदंडों से संबंधित निर्देशों का पालन न करने के लिए खेड़ा जिले में पिज पीपुल्स को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, पिज पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।





### सार संक्षेप

#### होंडा ने लॉन्च की नयी टूरिंग मोटरसाइकिल एक्सएल 750 ट्रांसेल्प, कीमत 11 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज एडवेंचर टूरर 'एक्सएल750 ट्रांसेल्प' नयी मोटरसाइकिल लांच करने की घोषणा की जिसकी गुरुग्राम एक एक्स शोरूम आमंत्रण मूल्य 1099990 रुपए है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि अपनी पूर्ववर्ती धरोहर को आगे बढ़ाते हुए होण्डा एक्सएल750 ट्रांसेल्प को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है, कि इसे जहां चाहे इस्तेमाल कर सकते हैं- शहर की भीड़भाड़ भरी सड़कों से लेकर एक्सटेंडेट टूरिंग ट्रिप, धूल भरी पगडंडियों से लेकर हिमालय तक, यह हर तरह की सड़कों पर राइडिंग के लिए अनुकूल है। यह मोटरसाइकिल जापान से सीबीयू (कम्प्लीटली बिल्ट-अप) रूट के ज़रिए भारत पहुंचेगी और इसे एक्सक्लुज़िव रूप से प्रीमियम बिगविंग टॉप लाईन डीलरशिप के माध्यम से बेचा जाएगा। कंपनी ने कहा कि इसकी पहली 100 मोटरसाइकिलों की बुकिंग आज से शुरू हो गयी है और नवंबर में इसकी डिलीवरी दी जायेगी।

#### जेबीएम ऑटो के दूसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 8.75 प्रतिशत की बढ़त

गुरुग्राम। ऑटोमोटिव और इलैक्ट्रिक व्हीकल कंपनी जेबीएम ऑटो लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की 30 सितंबर 2023 को समाप्त दूसरी तिमाही में 44.10 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया जो एक साल पहले की तुलना में 8.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले साल कंपनी को इसी अवधि में 40.24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी के सोमवार को जारी दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों के अनुसार इस वर्ष 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसकी बिक्री आय शुद्ध रूप से 1,231.01 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले की इसी अवधि में हुई 1,029.24 करोड़ रुपए की शुद्ध आय की तुलना में 19.60 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार आलोच्य तिमाही में उसका कर पूर्व लाभ 19.94 प्रतिशत की वृद्धि 60.23 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले इसी दौरान 50.22 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का प्रति शेयर लाभ (ईपीएस) 3.74 रुपये रहा जो पिछले साल इसी तिमाही में 3.06 रुपए था।

#### एसएटी ने ज़ी के पुनित गोयनका पर सेबी के प्रतिबंध को रद्द किया

**नई दिल्ली।** प्रतिभूति एवं अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने पुनित गोयनका के प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने पर प्रतिबंध लगाने के सेबी के आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया। इसके बाद ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। एसएटी ने सेबी के आदेश को खारिज करते हुए पूर्व एमडी और सीईओ पुनीत गोयनका की अपील स्वीकार कर ली। सेबी के आदेश में ज़ी के साथ ही किसी और कंपनी में भी उनके प्रमुख प्रबंधकीय पदों पर रहने पर रोक लगाई गई थी।

# सूरजमुखी तेल सस्ता, चना दाल महंगी

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से दिल्ली थोक बाजार में सूरजमुखी तेल के भाव गिर गए जबकि दाल चना महंगी हो गई वहीं अन्य खाद्य तेल और जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 41 रिंगिट गिरकर 3634 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.39 सेंट की तेजी लेकर 52.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल में 148 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर शेष खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 50 रुपये और दाल चना 50 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

# अबाधित रूप से ऑनबोर्डिंग के साथ सुविधाओं को बढ़ाता है फोनपे का शेयर मार्केट

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। फोनपे उत्पाद शेयर.मार्केट ने सोमवार को एक सहज ऑनबोर्डिंग अनुभव सुनिश्चित करते हुए 199 रुपए के ऑनबोर्डिंग शुल्क को हटाने की घोषणा की। ब्रोकिंग के माध्यम से इक्विटी निवेश में प्रवेश करने और मूल्य निर्माण को प्राथमिकता देने पर अपने दीर्घकालिक फोकस के अनुरूप, कंपनी ने यह रणनीतिक बदलाव पेश किया है जो उसके दृष्टिकोण के अनुरूप है। शेयर.मार्केट के सीईओ उज्ज्वल जैन ने कहा, 'ऑनबोर्डिंग शुल्क को खत्म करने से, शेयर.मार्केट अब अधिक सुलभ हो गया है, इससे निवेश की दुनिया में त्वरित प्रवेश में बाधा बनने वाली सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।' उन्होंने कहा, इस कदम के साथ, हमारा लक्ष्य केवाईसी प्रक्रिया को व्यापक रूप से अपनाने में तेजी लाना है, जिससे अधिक निवेशक निवेश के लिए तैयार हो सकें, क्योंकि हम अपने डिस्काउंट ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म पर उत्तरोत्तर अतिरिक्त उत्पाद पेश कर रहे हैं। हमारी प्रतिबद्धता वेल्थबास्केट्स पर शून्य ब्रोकरेज की मार्च 2024 तक बनी रहेगी।' शेयर.मार्केट ऑनबोर्डिंग और केवाईसी प्रक्रियाओं को और अधिक सुव्यवस्थित करने की क्षमता को भी पहचानता है। प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शेयर.मार्केट और भी अधिक सुलभ हो जाए, जिससे किसी भी तरह की बाधा दूर हो, जो निवेश की दुनिया में तेजी से शुरुआत करने में बाधा बन सकती है। फोकस अटल बना हुआ है, कंपनी का लक्ष्य एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है, जो क्वांटिटेटिव रिसर्च द्वारा संचालित हो, जो उपयोगकर्ताओं को उनकी निवेश यात्रा में सशक्त बनाने के लिए उत्पादों, उपकरणों और अनुभवों का एक व्यापक सूट पेश करता है।

सिर्फ दो महीने पहले लॉन्च किया गया, शेयर.मार्केट बाजार की जानकारी, मात्रात्मक अनुसंधान-आधारित वेल्थबास्केट्स, एक स्केलेबल प्रौद्योगिकी मंच और निवेशकों व व्यापारियों के लिए शानदार ग्राहक अनुभव प्रदान करके डिस्काउंट ब्रोकिंग को बढ़ाता है। यह निवेश उत्पादों का एक विस्तृत स्पेक्ट्रम प्रदान करता है, इससे विभिन्न जनसांख्यिकी के निवेशकों को एक पूर्ण और संतुलित पोर्टफोलियो बनाने की अनुमति मिलती है। शेयर.मार्केट स्टॉक (इंट्राडे और डिलीवरी), म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ), और वेल्थबास्केट प्रदान करता है। कंपनी की क्वांटिटेटिव रिसर्च शाखा द्वारा संचालित वेल्थबास्केट स्टॉक/निवेश उत्पादों का क्यूरेटेड संग्रह है जो विशिष्ट विषयों, क्षेत्रों या बाजार के रुझानों के साथ संरेखित होता है, जो बड़ी सुविधा के साथ सक्रिय इक्विटी पोर्टफोलियो निर्माण को सक्षम बनाता है।

# खेल जगत

## टीम इंडिया एक ऐसी यात्रा पर है जहां कुछ खास होने वाला है : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने विश्व कप में भारतीय टीम की शानदार शुरुआत के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की है। उनका मानना है कि मेजबान टीम ग्रुप चरण का समापन स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहकर करेगी। भारत ने रविवार को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड को 100 रन के अंतर से हराकर अपनी जीत का सिलसिला लगातार छह जीत तक बढ़ाया। इस शानदार प्रदर्शन ने भारत को टूर्नामेंट स्टैंडिंग के शिखर पर एक मजबूत स्थिति में ला दिया है, जिससे वह प्रतियोगिता के नॉकआउट चरण में स्थान सुरक्षित करने के एक कदम और करीब आ गया है। कार्तिक का मानना है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड पर अपनी जीत से काफी आत्मविश्वास मिलेगा क्योंकि उन्हें पहले की तुलना में काफी अलग तरीके से जीत दर्ज करने के लिए तैयार किया गया था। कार्तिक ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें इससे बेहतर खेल मिल सकता था।



# इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपने बाकी सभी तीनों लीग मैच पर : कुलदीप

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- रोहित भाई ने बढ़िया खेली, जीत गेंदबाजी इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन से मिली
- मेरा खुद का फोकस अपनी टीम को जिताने पर रहता है
- बटलर को भी बाबर को फेंकी एक सी गेंद पर आउट करने में मजा आया



लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी टीम की मौजूदा चैंपियन बराबर जूझ रही इंग्लैंड पर यहां रविवार देर रात आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड पर 100 रन से जीत के बाद कहा यह जीत मुश्किल नहीं थी लेकिन अच्छी थी। कुलदीप यादव ने कहा, %जब मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड ने हमें पहले बल्लेबाजी की दावत देकर 229 पर रोक दिया तो हमारी योजना शुरू में उसके जल्द विकेट चटकाने की थी। जब एक बार जस्सी (बुमराह) भाई और मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी कर पॉवर प्ले में दो दो विकेट चटका उसके शुरू के चार विकेट मात्र 40 रन पर निकाल दिए तो बतौर स्पिनर मेरा और रवींद्र जडेजा काम आसान हो गया। मेरा फोकस हमेशा गेंद से बढिया प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जिताने पर रहता है।

जब हमने शुरू में बल्लेबाजी की तो तब बल्लेबाजी के लिए पिच मुश्किल थी और इस पर हमारे कप्तान रोहित शर्मा ने 87 रन की बेहतरीन पारी खेली। फिर इंग्लैंड पर यह जस्सी भाइ, शमी भाई सहित हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में बढिया प्रदर्शन से मिली। जस्सी और शमी भाई का बतौर तेज गेंदबाज स्किल सेट यानी कौशल एकदम अलग है और उससे पार पाना दुनिया भर के लिए बल्लेबाजों के मुश्किल होता है। इंग्लैंड पर जीत के बाद हमारा फोकस अपनी जीत का सिलसिला कायम रखने के बाद अपने बाकी सभी बाकी तीनों लीग मैच जीतने पर है। मेरा फोकस बतौर गेंदबाज हमेशा टीम को जिताने पर रहता है। मैं यहां की पिच के मिजाज से वाकिफ था और इसलिए मुझे यहां कुछ आसानी हुई। हमारी कोशिश इंग्लैंड से 2019 के संस्करण में मिली हार का हिसाब चुकाने की बजाय यहां उसके खिलाफ जीत के साथ अपना विजयक्रम जारी रखने की थी और हमारी टीम इसमें सफल रही। जहां तक मेरे रविवार को इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और 2019 में पाकिस्तान के खिलाफ बाबर आजम को लगभग एक सी गेंद पर आउट करने की बात है तो मैं कहूंगा कि मुझे दोनों को आउट करने में मजा आया क्योंकि मैं इन दोनों के विकेट लेकर अपनी टीम को इनके खिलाफ जिताने में कामयाब रहा।'

उन्होंने कहा, बेशक हमने इस विश्व कप में रविवार को पहले बल्लेबाजी की लेकिन हम इसके लिए तैयारी हैं। हमने इस साल ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश जैसे देशों के खिलाफ द्विपक्षीय वन डे सीरीज के खेल कर खुद को इस वन डे विश्व कप के लिए तैयार किया। इन सीरीज में हमने पहले बल्लेबाजी करते भी मैच जीते। जब पहले बल्लेबाजी की दावत मिले टीम 300 रन का मजबूत स्कोर बनाती तो अच्छा होता लेकिन यहां जिस तरह पिच थी उस पर हमारा 229 रन का स्कोर अच्छा था। मैं अब अपनी बल्लेबाजी पर खासी मेहनत कर रहा हूं। नेटस पर मैं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर करने के लिए पूरी शिद्दत से अभ्यास करता हूं। मेरा मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ कम स्कोर वाले मैच में आप बल्ले से 15-20 रन का योगदान कर पाए तो वह खासा उपयोगी होता जैसा मेरी जस्सी भाई के साथ 20 से अधिक रन की भागीदारी में हुआ।'

कुलदीप कहते हैं, %जहां तक इंग्लैंड के इस विश्व कप में संघर्ष करने और इस बार उसके खिलाफ हमारी जीत की बात है तो मैं कहूंगा कि उसकी टीम यहां हमारे भारत की पिचों से तालमेल नहीं बैठा रही और इसीलिए जूझ रही है। 2019 में इंग्लैंड से उसके लिए चिर परिचित स्थितियों में हारे थे । इस बार हमें अपने मुताबिक स्थितियां मिली और जीत हमारे हक में रही। आप ये देखिए कि इंग्लैंड की टीम खासी अनुभवी है और लंबे समय से साथ खेल रही है लेकिन यहां स्थितियों से तालमेल नहीं बैठा पाई।'

### हार्दिक की फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा : म्हाम्ब्रे

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने इंग्लैंड के खिलाफ जीत में अपने गेंदबाजों तेज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन से खुश हैं। भारत 2 अक्टूबर को मुंबई में श्रीलंका से और 5 नवंबर को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने स्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया और इंग्लैंड के खिलाफ जीत के साथ अपने विजयक्रम को आगे बढ़ाने में कामयाब रहे।

जहां तक इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन की बात है तो वे एक ही अंदाज में खेल कर कामयाब होना चाहिए लेकिन विश्व कप जैसे बड़े मंच पर आपके लिए बतौर बल्लेबाज और गेंदबाज पिच और मैच की स्थिति के मुताबिक उससे तालमेल बैठाना जरूरी है। किसी भी टीम के लिए विश्व कप जैसे बड़े मंच पर कामयाबी के लिए रणनीति को मैदान पर अमला जामा पहनाना जरूरी होता है। में अपने गेंदबाजों की तारीफ करूंगा कि वह स्थितियों से तालमेल बैठा का बढिया प्रदर्शन करने में सफल रहे। हमारे गेंदबाजों की कामयाबी में उनकी खुद की कामयाबी के लिए पूरे सपोर्ट स्टाफ का योगदान है। फिटनेस टखने की चोट से फिट होने के लिए जूझने वाले हार्दिक पांडया एनसीसी में हैं और मेडिकल टीम उनके संपर्क में है और उनकी स्थिति पर निगाह रख रही है। हमें उनकी फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा। हम उनके फिटनेस की बाबत जल्द मालूम पड़ जाएगा।

## पाकिस्तान के चीफ सेलेक्टर इंजमाम ने दिया इस्तीफा



- विश्वकप से लगभग बाहर हो चुकी है पाकिस्तान
- पाकिस्तान की टीम हर क्षेत्र में दिख रही है कमजोर
- बाबर की कप्तान पर उठ रहे हैं सवाल

लाहौर, 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ सेलेक्टर इंजमाम उल हक ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इंजमाम ने पीसीबी प्रमुख जका अशरफ को अपना इस्तीफा भेजा है।

क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तानी टीम लगातार चार मैच हार चुकी है, जिसमें चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से शर्मनाक हार और पड़ोसी देश अफगानिस्तान के खिलाफ पहली बार किसी वनडे मैच में शर्मनाक हार शामिल है।

विश्व कप अभियान लड़खड़ाने का पहला शिकार पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक बने, मीडिया रिपोर्ट्स में उन पर टीम चयन में भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया गया है। पाकिस्तान टीम पर विश्व कप से जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

पाकिस्तान फिलहाल दो जीत और चार हार से चार अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टीम चयन प्रक्रिया से संबंधित मीडिया में सामने आए हितों के टकराव के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय तथ्य-खोज समिति का गठन किया है। समिति अपनी रिपोर्ट और कोई भी सिफारिश शीघ्रता से पीसीबी प्रबंधन को सौंपेगी।

विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम के दबाव में आने की खबरें भी पाकिस्तान मीडिया में आ रही हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कप्तानी का असर बल्लेबाज के तौर पर बाबर के प्रदर्शन पर भी पड़ा है। ऐसे में बाबर आजम से कप्तानी वापस भी ली जा सकती है। वैसे अभी भी पाकिस्तान के लिए विश्वकप के दरवाजे पूरी तरह से बंद नहीं हुए हैं। पाकिस्तान अभी भी विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंच सकता है। लेकिन इसके लिए पाकिस्तान को खुद तो जीतना ही होगा। साथ ही दूसरी टीमों के प्रदर्शन पर भी ध्यान देना होगा। क्योंकि अब पाकिस्तान का सेमीफायनल में पहुंचना दूसरे टीम के प्रदर्शन पर निर्भर हो गया है।

# पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद के लिए बंगलादेश को होगा हराना



**कोलकाता** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को सेमीफाइनल की उम्मीद को जिंदा रखने के लिए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के 31वें मुकाबले में बंगलादेश को हर हाल में हराना होगा।

कोलकाता के ईडन गार्डन क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेले जाने वाला मुकाबला पाकिस्तान और बंगलादेश के लिए अहम है। पाकिस्तान जहां अपनी सेमीफाइनल की उम्मीद तथा बंगलादेश तालिका में अपनी स्थिति में सुधार के लिए भिड़ेंगे।

मौजूदा विश्वकप में पाकिस्तान दो मुकाबले जीतकर छठे स्थान पर हैं। वहीं बंगलादेश को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है और वह 9वें स्थान पर है। पाकिस्तान को लगातार चार मुकाबलों में गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण के क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के कारण हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान का पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनका प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा था। सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए उसे बल्ले और गेंद से बहतरीन प्रदर्शन करते हुए हर हाल में यह मुकाबला जीतना होगा। वहीं बंगलादेश का प्रदर्शन भी इस विश्व कप में कुछ खास नहीं रहा है। बंगलादेश के कप्तान शाकिब अल हसन इस टूर्नामेंट में पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। ऐसे में उनसे इस मुकाबले में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

पिछले आंकड़ों के अनुसार बंगलादेश के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच 38 एकदिवसीय मैच खेले गए हैं। जिनमें से पाकिस्तान को 33 मुकाबलों में जीत मिली है, जबकि बंगलादेश सिर्फ पांच मकुाबले जीता है। एकदिवसीय विश्व कप में दोनों टीमों के बीच सिर्फ दो बार भिड़ंत हुई है। दोनों टीमें ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। ऐसे में पाकिस्तान का पलड़ा मैच में थोड़ा भारी रहेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ी ने लगाया आरोप, पीसीबी नहीं चाहता पाक जीते वर्ल्ड कप

पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। विश्व कप 2023 में टीम का प्रदर्शन औसत से नीचे रहा है। अब पाकिस्तान के एक सीनियर खिलाड़ी ने आरोप लगाया है कि पीसीबी टीम के खिलाड़ियों के लिए समस्या खड़ी कर रहा है। जहां कई लोग पाकिस्तान टीम और उनके कप्तान बाबर आजम की आलोचना कर रहे हैं। वहीं, एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि कैसे पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) द्वारा राजनीतिक पैंतरेबाज़ी की जा रही है। बंद दरवाजों और ड्रेसिंग रूम की चर्चाओं को लीक करना और उन्हें मीडिया बहस का हिस्सा बनाना, यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि टीम विश्व कप में विफल रहे। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा, बोर्ड चाहता है कि टीम असफल हो, वे नहीं चाहते कि हम विश्व कप जीतें, ताकि वे बदलाव कर सकें और नियंत्रण कर सकें कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा और टीम में कौन आएगा। ऐसा लगता है कि पीसीबी जानबूझकर मौजूदा आईसीसी विश्व कप में टीम की विफलता की साजिश रच रहा है। वह ऐसे समय में राजनीति कर रहा है जब टीम विश्व कप खेल रही है। वरिष्ठ खिलाड़ी ने कहा कि खिलाड़ियों के किसी भी मुद्दे, झगड़े, असहमति या बहस को खिलाड़ी बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के खुद ही निपटा सकते हैं। अफगानिस्तान के साथ मैच, जिसमें पाकिस्तान हार गया था। उसके बाद जारी पीसीबी के बयान में कहा गया है कि विश्व कप में प्रदर्शन के अनुसार भविष्य की कार्रवाई पर निर्णय लिया जाएगा, जिससे संकेत मिलता है कि बोर्ड ने बाबर आजम को कप्तानी पद से हटाने का फैसला किया है और मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक को भी बाहर कर दिया जाएगा। ब

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 241 पर रोका



**पुणे** 30 अक्टूबर (एजेंसियां) सटीक गेंदबाजी और चुस्त क्षेत्ररक्षण की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को यहां विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 241 पर रोक दिया।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसियेशन स्टेडियम पर टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करते हुये अफगानिस्तान के गेंदबाजों ने लाइन लेंथ पर गेंदबाजी करते हुये श्रीलंका के बल्लेबाजों को बांधे रखने में सफलता हासिल की। मुजीब उर रहमान ने अपने दस ओवर के स्पेल में सिर्फ 38 रन खर्च किये और दो विकेट चटकाये। उनके सामने श्रीलंका के बल्लेबाज सिर्फ दो बार ही गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा सके। दूसरी ओर फ़ज़लहक़ फ़ारूक़ी ने 34 रन देकर चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

दिमुथ करुणारत्ने (15) को फारूकी ने पगबाधा आउट कर अपनी टीम को पहली सफलता दिलायी हालांकि अनुभवी पथुम निसंका (46) ने कप्तान कुसल मेंडिस (39) के साथ स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाया। दोनो बल्लेबाजों ने 19वें ओवर की शुरूआत तक स्कोर को 84 रन पहुंचा दिया था मगर इस बीच निसंका अज़्मतउल्लाह ओमरज़ाई की गेंद को पंच करने के प्रयास में विकेट के पीछे लपके गये।

बाद में मुजीब उर रहमान ने अपने दो लगातार ओवरों में कुसल मेंडिस और सदीरा समराविक्रमा (36) का विकेट लेकर श्रीलंका को बैकफुट पर ढकेल दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 167 के स्कोर पर धनंजय डिसिल्वा (14) के रूप में गिरा जिन्हे राशिद खान ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद श्रीलंका के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते गये और श्रीलंका की पूरी टीम 49.3 ओवरों में पवेलियन लौट गयी।

## सार संक्षेप

### कुलदीप यादव की जादुई गेंद का शिकार बने बटलर और बाबर

**लखनऊ।** भारत की इंग्लैंड पर 100 रन की शानदार जीत ने विश्व कप-2023 में टीम इंडिया का अजेय क्रम जारी रखा। इस दौरान चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव ने एक ऐसी जादुई गेंद डाली जिसने बल्लेबाज सहित सभी को चौंका दिया। इंग्लैंड की पारी के 16वें ओवर की पहली गेंद पर कुलदीप यादव ने इंग्लिश कप्तान जोस बटलर को चलता किया। यह गेंद इतनी खास थी कि इसे बॉल ऑफ द टूर्नामेंट भी बताया जा रहा है। कुलदीप की गेंद ऑफ स्टंप के बाहर टप्पा खाई और जब तक इंग्लिश कप्तान इसे समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और वो क्लीन बोल्ड हो गए। कुलदीप की इस मैजिकल गेंद की टर्न को देखकर बटलर हक्के-बक्के रह गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। बटलर को आउट करने के तरीके की तत्काल तुलना 2019 में मैनचेस्टर में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को आउट करने वाली गेंद से की जाने लगी। कुलदीप को भी यही लगता है कि आजम और बटलर को आउट करने के लिए फेंकी गई गेंदें लगभग एक जैसी ही थी। मैच के बाद कुलदीप ने कहा, दोनों गेंदें अच्छी थी और लगभग एक जैसी थी। गुणवत्ता महत्वपूर्ण है और खिलाड़ियों की गुणवत्ता भी बहुत महत्वपूर्ण है। वे दोनो बहुत महत्वपूर्ण विकेट थे और दोनों बार टीम जीती यह बेहद खास है।

### नाथन लियोन की भविष्यवाणी, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर नाथन लियोन इस बात पर अड़े हैं कि ऑस्ट्रेलिया और मेजबान भारत 19 नवंबर को अहमदाबाद में विश्व कप 2023 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमों ने लगातार जीत दर्ज की है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबला जीता। जबकि भारत ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए अगले दिन इंग्लैंड पर 100 रन के अंतर से जीत हासिल की। लियोन ने कहा, मैं मानता हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत फाइनल होगा। भारत मेरे लिए नंबर एक पर और पसंदीदा है। यह मुकाबला देखना रोमांचक होगा। लियोन ने आगे कहा कि भारत पर भी दबाव है क्योंकि पूरे देश की उनसे ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें हैं। अब तक घरेलू टीम भारत छह मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर है, दक्षिण अफ्रीका पांच जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के नाम चार जीत और दो हार हैं लेकिन इनके बीच नेट रन रेट का अंतर है।

# इंग्लैंड के खिलाफ हमारी टीम ने जीवट और चरित्र दिखाया : रोहित



- सीनियर खास तौर पर गेंदबाजों ने गेंद से बढ़िया प्रदर्शन किया
- हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन है

लखनऊ, 30 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैन ऑफ द' मैच रहे भारत के कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ मुश्किल पिच पर शुरू से ही जवाबी हमला बोलने के अंदाज में 87 रन की पारी खेल कर अपने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी के साथ भरोसेमंद लेग स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मिलकर अपनी टीम को रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मैच में 100 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद रोहित शर्मा ने कहा, %इंग्लैंड के खिलाफ मैच में हमारी टीम अपना जीवट और चरित्र दिखाया। इस विश्व कप पर निगाह डाले तो हमने शुरू के पांच मैचों में बाद में बल्लेबाजी करने के पास यहां रविवार को अपने छठे मैच में हमें पहली बाद पहले बल्लेबाजी करने को मिली और यहां हमारे सामने चुनौती थी। हम जानते थे कि पिच में गेंदबाजों के लिए कुछ मदद है। हमारे पास खासे अनुभवी गेंदबाज हैं और हम इसीलिए अच्छा सम्मानजक स्कोर खड़ा करना चाहते थे। हमने बल्ले से बढिया प्रदर्शन नहीं किया और पहले ही पॉवरप्ले में हमने तीन विकेट गंवा दिए। ऐसे में हमें एक बड़ी भागीदारी करने की जरूरत थी वह तो हमने जरूर की लेकिन इसके बाद हमने मुझ सहित जल्दी जल्दी विकेट गंवाए। इस पूरे स्थिति पर नजर डालने पर पाया कि हमने 30 रन कम बनाए। मैं अपने सभी सीनियर खिलाडियों की तारीफ करूंगा कि उन्होंने सही वक्त पर आगे आ बढिया प्रदर्शन कर जीत दिलाई। खासतौर में मैं अपने अनुभवी गेंदबाजों की तारीफ करना चाहूंगा। आप रोज रोज इतने कम स्कोर का बचाव नहीं करते। हमारे अनुभवी सीम गेंदबाजों ने स्थितियों का लाभ उठाया और गेंद को स्विंग कराया ही गेंद को देर से मूव भी कराया। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि हमारे गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है और अच्छा संतुलन भी है। हमारे पास कुछेक अच्छे तेज सीमर और स्पिनर हैं। जब आपके पास ऐसा बढिया गेंदबाजी आक्रमण होता तो बल्लेबाज के आपके बल्लेबाजों के लिए एक अच्छा स्कोर बनाना जरूरी होता। जब आप अच्छा स्कोर बनाएगे तभी आपके गेंदबाज अपना गशंदबाजी कौशल दिखा सकें।'

### मैं बहुत निराश हूं : बटलर

इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा, %मैं बहुत निराश हूं। जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अधबीच हमें कुछ उम्मीद थी। हमारी टीम ने पुरानी कहानी दोहराई। मैं ओस को लेकर आश्वस्त नहीं था । जहां जल्द विकेट गिरने के बाद दबाव को सोख कर खेलने की बात है तो कहूंगा कि इसे आप एक सिक्के दो पहलुओं की तरह देच सकते है। हमारे गेंदबाजों ने पॉवरप्ले में बेहतीन गेंदबाजी और उन्हें पिच से कुछ मूवमेंट भी मिला, ही हमारी मैदानी फील्डिंग भी बढिया रहे। हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं की।

# कार्लोस अल्कराज और नोवाक जोकोविच एक साथ अभ्यास करते आए नजर



**पेरिस,** 30 अक्टूबर (एजेंसियां)। पेरिस मास्टर्स में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ियों ने रविवार को सीजन के अंतिम एटीपी मास्टर्स 1000 कार्यक्रम की शुरुआत से पहले एक प्रशिक्षण सत्र का आनंद लिया।

अल्कराज ने जोकोविच के साथ अपने अभ्यास सत्र के बाद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा, मैं पेरिस में हूं! नोवाक जोकोविच के साथ शानदार अभ्यास!

शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच बर्सी में छह बार के चैंपियन, अपने टूर्नामेंट की शुरुआत युगल जोड़ीदार मिओमिर केमैनोविक या अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी के खिलाफ करेंगे।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्कराज घरेलू पसंदीदा एलेक्जेंडर मूलर या रोमन सफीउलिन के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। वह सीज़न की अपनी सातवीं ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

जोकोविच के पास वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में अल्कराज पर 500 अंकों की बढ़त है, जो साल के अंत में विश्व नंबर 1 की लड़ाई के लिए बैरोमीटर के रूप में कार्य करता है। लेकिन, पेरिस में 1,000 अंक मिलने बाकी हैं और एटीपी फ़ाइनल अभी भी बाकी है।

एक साल पहले, अल्कराज एटीपी रैंकिंग के इतिहास में साल के अंत में सबसे कम उम्र में विश्व नंबर 1 बन गए थे। जबकि जोकोविच रिकॉर्ड आठवीं बार यह सम्मान हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।